# परम्परागत एवं अद्यतन सामान्य ज्ञान

1. **प्रो. सतीश धवन अन्तरिक्ष केन्द्र निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?**
(A) केरल (B) आन्ध्र प्रदेश
(C) कर्नाटक (D) तमिलनाडु
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
**R.R.B. कोलकाता (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या–**आन्ध्र प्रदेश के पूर्वी तट पर स्थित श्रीहरिकोटा इसरो का मुख्य प्रक्षेपण केन्द्र है। इस केन्द्र में भारतीय प्रक्षेपण यान की ठोस घनीभूत ईंधन प्रणाली, द्रव नोदन प्रणाली केन्द्र तथा द्रव नोदन प्रणाली के विकास के साथ–साथ ठोस रॉकेट प्रणोदक के विकास का कार्य भी किया जाता है। इसका नाम पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के गुरु प्रो. सतीश धवन के नाम पर सतीश धवन अन्तरिक्ष केन्द्र रखा गया है।

2. **आई.एस.आर.ओ. का पूर्ण रूप है-**
(A) इंडियन साइन्टिफिक रिसर्च ऑर्गनाइजेशन
(B) इंटरनेशनल सेफ्टी रिसर्च ऑर्गनाइजेशन
(C) इंटरनेशनल सैटेलाइट रिसर्च ऑर्गनाइजेशन
(D) इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन
**R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–**'इसरो' (ISRO–Indian Space Research Organisation) का पूर्ण रूप 'भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन' है। इसका मुख्यालय बंगलुरू में है।

3. **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का मुख्यालय कहां स्थित है?**
(A) मुम्बई (B) हैदराबाद
(C) बंगलौर (D) नई दिल्ली
R.R.B. बंगलौर **(T.A./C.A./S.C.)** 'मुख्य' परीक्षा, 2012

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या–**उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

4. **'ISRO' में S का अर्थ है-**
(A) Space (B) Satellite
(C) Science (D) Standard
**R.R.B. चेन्नई (T.A./C.A./E.C.R.C.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–**उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

5. **इसरो (ISRO) द्वारा अब तक प्रक्षेपित कौन सा उपग्रह भारत में डाइरेक्ट-टू-होम (DTH) टेलीविजन सेवाओं की आवश्यकता को पूरी करेगा?**
(A) इन्सैट (INSAT)-3B
(B) इन्सैट (INSAT)-2D
(C) इन्सैट (INSAT)-4A
(D) अभी प्रक्षेपित करना बाकी है।
**R.R.B. अहमदाबाद (Stenographer) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या–**INSAT - 4 सीरीज का पहला उपग्रह INSAT - 4A दिसम्बर, 2005 में अपनी कक्षा में स्थापित हुआ। यह प्रथम उपग्रह है जो भारत में डाइरेक्ट–टू–होम (DTH) टेलीविजन सेवाओं की आवश्यकता को पूरी करेगा। संचार सुविधा का विस्तार करने के लिए यह अपने साथ 12 उच्च क्षमता (KU-Band) ट्रांसपोण्डर तथा 12 C-Band ट्रांसपोण्डर ले गया था।

6. **ISRO (Indian Space Research Organisation) के अध्यक्ष कौन हैं?**
(A) अब्दुल कलाम (B) कस्तूरी रंगन
(C) राकेश शर्मा (D) इनमें से कोई नहीं
**R.R.B. बंगलौर (A.S.M.) परीक्षा, 2004**
**R.R.B. बंगलौर (T.C./C.C.) 'मुख्य' परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (ISRO) के वर्तमान अध्यक्ष के. राधाकृष्णन हैं। प्रश्नकाल में 'इसरो' के अध्यक्ष जी. माधवन नायर थे। भारत में मिसाइल कार्यक्रम के जनक डॉ. अब्दुल कलाम भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति हैं।

7. **भारतीय मिसाइल कार्यक्रम का जनक किसे कहा जाता है?**
(A) राजा रमन्ना (B) होमी जहांगीर भाभा
(C) अब्दुल कलाम (D) रंगराजन
**R.R.B. पटना (A.S.M./G.G.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या–**उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

8. **BARC क्या है?**
(A) भाभा एटॉमिक रेग्युलेटिंग सेंटर
(B) भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर
(C) भाभा एटॉमिक रिसर्च कौंसिल
(D) भाभा एरोनॉटिक्स रिसर्च सेंटर
**R.R.B. भोपाल (Tr. Clerk) परीक्षा, 2003**
**R.R.B. अहमदाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या–**BARC की स्थापना वर्ष 1955 में बम्बई के निकट ट्राम्बे में की गई थी। यह परमाणु विद्युत कार्यक्रम, उद्योग एवं खनिज क्षेत्र की इकाइयों को अनुसंधान एवं विकास हेतु सहायता प्रदान करता है। इसका पूरा 'नाम भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर' है।



Scanned by CamScanner

9. **विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र कहां स्थित है?**
(A) मुम्बई (B) बंगलौर
(C) श्रीहरिकोटा (D) त्रिवेन्द्रम
**R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–**त्रिवेन्द्रम अथवा तिरुअनंतपुरम (केरल) में स्थापित विक्रम साराभाई अन्तरिक्ष केन्द्र रॉकेट अनुसंधान तथा प्रक्षेपण यान विकास का प्रमुख केन्द्र है। श्रीहरिकोटा भू–उपग्रह परीक्षण केन्द्र है। अहमदाबाद में स्पेस एप्लीकेशन सेंटर है, जबकि बंगलौर (बंगलुरू) में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का मुख्यालय है।

10. **सुमेलित कीजिए-**
**(a) विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र**
**(b) इसरो का मुख्यालय**
**(c) उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्र**
**(d) राष्ट्रीय सुंदूर संवेदन अभिकरण**
**i. हैदराबाद**
**ii. बंगलुरू**
**iii. श्री हरिकोटा**
**iv. तिरुअनंतपुरम**
**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | i | iii | iv | ii |
| (D) | iv | ii | iii | i |

**R.R.B. पटना (A.S.M./G.G.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–**सही मेल निम्नवत है–
विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र –तिरुअनंतपुरम
इसरो (ISRO) का मुख्यालय –बंगलुरू
उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र –श्री हरिकोटा
राष्ट्रीय सुदूर संवेदन अभिकरण –हैदराबाद

11. **इसरो की 'मास्टर कंट्रोल सुविधा' हासन में है। यह किस राज्य में है?**
(A) आन्ध्र प्रदेश (B) उड़ीसा
(C) कर्नाटक (D) महाराष्ट्र
R.R.B. कोलकाता **(G.G./E.C.R.C.)** 'मुख्य परीक्षा, 2012

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या–**'भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन' (Indian Space Research Organization-ISRO) की 'मुख्य नियंत्रण सुविधा' (Master Control Facility-MCF) कर्नाटक राज्य के हासन (Hassan) में स्थित है।

12. **भारत में आणविक रिएक्टर के जन्मदाता कौन माने जाते हैं?**
(A) सतीश धवन
(B) होमी जहांगीर भाभा
(C) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम
(D) सी.वी. रमण
**R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या–**होमी जहांगीर भाभा को 'भारत के परमाणु कार्यक्रमों का पिता' माना जाता है।

13. **निम्नलिखित में से कौन-से स्थान से वायुमार्ग द्वारा काठमांडू सर्वाधिक समीप है?**
(A) रांची (B) वाराणसी
(C) गोरखपुर (D) पटना
**R.R.B. मुंबई, भोपाल (A.S.M.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या–**दिये गये स्थानों में काठमांडू से सबसे पास में गोरखपुर है। इसके पश्चात पटना, वाराणसी और रांची आते हैं।

14. **अन्तर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस का मुख्यालय कहां है?**
(A) जेनेवा (B) न्यूयॉर्क
(C) स्टॉकहोम (D) पेरिस
**R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–**अन्तर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस की स्थापना वर्ष 1863 में हुई थी। इसका मुख्यालय जेनेवा में है।

15. **रेड स्क्वायर कहां स्थित है?**
(A) कश्मीर (B) मॉस्को
(C) चीन (D) न्यूयॉर्क
**R.R.B. इलाहाबाद (J.C.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या–**रेड स्क्वायर मॉस्को में स्थित है। इस जगह का उपयोग जनता द्वारा विभिन्न अवसरों व आयोजनों पर किया जाता है। इसकी डिजाइन तथा पेंटिंग वेसिली सुरिकोव तथा कोन्सयन्टीन यूवोव के द्वारा की गई थी। ये यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल हैं।

16. **कावेरी जल विवाद के निपटारे के लिये गठित कावेरी जल न्यायाधिकरण का गठन कब किया गया था?**
(A) 2 जून, 1990 (B) 2 जून, 1998
(C) 2 जून, 1992 (D) 2 जून, 2001
**R.R.B. मुंबई, भोपाल (G.G) परीक्षा, 2003**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–**तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल राज्यों तथा संघ–शासित प्रदेश पांडिचेरी (अब पुडुचेरी) के बीच कावेरी नदी जल विवाद को सुलझाने के लिए 2 जून, 1990 को 'कावेरी जल न्यायाधिकरण' का गठन किया गया था।

17. **कावेरी जल विवाद मुख्यतः किन-किन राज्यों के बीच में है?**
(A) तमिलनाडु एवं कर्नाटक (B) तमिलनाडु एवं आन्ध्र प्रदेश
(C) कर्नाटक एवं केरल (D) तमिलनाडु एवं केरल
R.R.B. बंगलौर **(T.C./C.C.)** 'मुख्य' परीक्षा, 2010

**उत्तर–(A)**

Scanned by CamScanner

**व्याख्या**–भारतीय संविधान के अनुसार कावेरी एक अंतर्राज्यीय नदी है। कर्नाटक और तमिलनाडु इस कावेरी घाटी में पड़ने वाले प्रमुख राज्य हैं। इस घाटी का एक हिस्सा केरल में भी पड़ता है और समुद्र में मिलने से पहले यह नदी कराइकाल से होकर गुजरती है, जो पुडुचेरी का हिस्सा है। इस नदी के जल बंटवारे को लेकर इन चारों राज्यों में विवाद का एक लम्बा इतिहास है।

**18. भारत में प्रथम टेलीविजन कार्यक्रम का प्रसारण कब हुआ था?**

(A) 1959 (B) 1965

(C)1976 (D)1957

**R.R.B. गोरखपुर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या**–भारत में टेलीविजन कार्यक्रम का पहला प्रसारण, 15 सितम्बर, 1959 को 500 वाट शक्ति वाले ट्रांसमीटर द्वारा दिल्ली के 25 किलोमीटर वृत्ताकार क्षेत्र में आकाशवाणी भवन, नई दिल्ली से किया गया था।

**19. यू.एस. पॉवर कॉर्पोरेशन, एनरॉन से कौन सा भारतीय राज्य भयानक झगड़े में उलझा हुआ है?**

(A) आन्ध्र प्रदेश (B) मध्य प्रदेश

(C) गुजरात (D) महाराष्ट्र

**R.R.B. पटना (G.G.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या**–अमेरिकी विद्युत कम्पनी 'एनरॉन' के द्वारा लगाए जाने वाले संयंत्र से बिजली खरीद के मामले को लेकर महाराष्ट्र सरकार से विवाद उत्पन्न हो गया था। वर्तमान में यह कम्पनी लेखा मामलों में धोखाधड़ी के कारण बन्द हो चुकी है।

**20. 'व्हाइट हॉल' है-**

(A) अमेरिकी राष्ट्रपति का कार्यालय

(B) ब्रिटिश गवर्नमेन्ट का लंदन में कार्यालय

(C) अमेरिकी राष्ट्रपति का निवास

(D) ब्रिटिश महारानी का ग्रीष्मकालीन निवास

**R.R.B. कोलकाता, भुवनेश्वर (T.A.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या**–'व्हाइट हाउस' अमेरिकी राष्ट्रपति का निवास है, जबकि ब्रिटिश गवर्नमेंट के कार्यालय का नाम 'व्हाइट हॉल' है।

**21. मार्क तुली एक जाने-माने .........हैं।**

(A) क्रिकेट कमेंटेटर (B) न्यूज पर्सन

(C) कार्टूनिस्ट (D) डिप्लोमैट

(E) फैशन डिजाइनर

**R.R.B. कोलकाता, भुवनेश्वर (T.A.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या**–मार्क तुली एक जाने-माने न्यूज पर्सन हैं। यह भारत में B.B.C. के पूर्व संवाददाता थे। उन्होंने भारतीय नागरिकता लेकर यहीं बसने का निश्चय किया है।

**22. जेम्स बॉण्ड नामक प्रसिद्ध जासूसी कथा के रचनाकार कौन थे?**

(A) जेम्स हेडली चेस (B) एलिस्टेर मैकलीन

(C) इऑन फ्लेमिंग (D) सर आर्थर कॉनन डॉयल

**R.R.B. कोलकाता, भुवनेश्वर (T.A.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या**–'जेम्स बॉण्ड' नामक प्रसिद्ध जासूसी कथा की रचना इऑन फ्लेमिंग ने की थी।

**23. कौन प्रथम कन्नड़ कवयित्री हैं?**

(A) सांची होंन्नमा (B) कांति

(C) अक्कमहादेवी (D) गंगाबिका

**R.R.B. चेन्नई, बंगलौर (Asst. Driv.)परीक्षा, 2002**

**R.R.B. चेन्नई, (A.S.M./T.A./C.A./G.G.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या**–सांची होंन्नमा प्रथम कन्नड़ कवयित्री हैं।

**24. 'वन महोत्सव' की शुरुआत किसने की थी?**

(A) महर्षि कर्वे (B) बाल गंगाधर तिलक

(C) के.एम. मुंशी (D) संजय गांधी

**R.R.B. गोरखपुर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या**–प्रसिद्ध राष्ट्रवादी एवं कांग्रेसी नेता के. एम. मुंशी ने पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से वन महोत्सव की शुरुआत की थी।

**25. निम्नलिखित में से कौन सा एशिया का देश नहीं है?**

(A) मलेशिया (B) इण्डोनेशिया

(C) रोमानिया (D) कम्बोडिया

**R.R.B. गोरखपुर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या**–मलेशिया, इण्डोनेशिया एवं कम्बोडिया पूर्वी एशियाई देश हैं, जबकि रोमानिया यूरोपीय देश है।

**26. उत्तरांचल विधान सभा में कितनी सीटें हैं ?**

(A) 60 (B) 70

(C) 45 (D) 50

**R.R.B. पटना (G.G.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या**–9 नवम्बर, 2000 को गठित उत्तराखंड (उत्तरांचल) राज्य की विधान सभा में 70 सीटें हैं।

**27. हाल ही में तिरूवल्लूर की लगभग 130 फुट ऊंची मूर्ति स्थापित की गई-**

(A) चेन्नई में (B) मदुरई में

(C) कांचीपुरम् में (D) कन्याकुमारी में

**R.R.B. चेन्नई (T.C./C.C.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या**–तिरूवल्लूर की मूर्ति कन्याकुमारी में स्थापित की गई। इसका उद्घाटन 1 जनवरी, 2000 को हुआ।



Scanned by CamScanner

28. संसार में बुद्ध की विशालतम अखण्डित (मोनोलिथिक) प्रतिमा दिसम्बर, 1992 में कहां स्थापित की गई थी?

(A) श्रीलंका (B) म्यांमार
(C) चीन (D) भारत

R.R.B. इलाहाबाद (सुपरवाइजर) परीक्षा, 2003

उत्तर-(D)

व्याख्या-बुद्ध की विशालतम अखण्डित प्रतिमा 1 दिसंबर, 1992 को हुसैन सागर झील (हैदराबाद) भारत में स्थापित की गई। इसकी लंबाई 18 मीटर (59 फीट) है। वर्तमान में वर्ष 2002 में स्थापित स्पिंग टेंपल बुद्धा लूशान, हेनान (चीन) में 153 मीटर लंबी बुद्ध की सबसे विशालतम प्रतिमा है।

29. झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री निम्नलिखित में से कौन हैं?

(A) बाबू लाल मरांडी (B) अजित जोगी
(C) नित्यानन्द स्वामी (D) शीला दीक्षित

R.R.B. पटना (G.G.) परीक्षा, 2002

उत्तर-(A)

व्याख्या-झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबू लाल मरांडी थे। अजित जोगी, छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री थे। शीला दीक्षित, दिल्ली की मुख्यमंत्री थीं। उत्तराखंड (उत्तरांचल) के प्रथम मुख्यमंत्री नित्यानंद स्वामी थे।

30. संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 1999 निर्दिष्ट किया गया था-

(A) वृद्ध व्यक्तियों के अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष की तरह
(B) महासागर के अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष की तरह
(C) युवाओं के अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष की तरह
(D) शांति के अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष की तरह

R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2002

उत्तर-(A)

व्याख्या-संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 1999 को वृद्ध व्यक्तियों के प्रति मानवीय संवेदना बढ़ाने तथा युवा पीढ़ी के उपेक्षात्मक दृष्टिकोण को बदलने के उद्देश्य से इसे 'व द्ध व्यक्तियों के अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष' की तरह मनाया था।

31. संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव जो हवाई दुर्घटना में मर गए थे-

(A) यू थॉन्ट (B) कुर्द वाल्डहीम
(C) ट्रिग्वेली (D) इनमें से कोई नहीं

R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2002

उत्तर-(D)

व्याख्या-वर्ष 1953-1960 तक संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव रहे डॉग हैमरशोल्ड की म त्यु वर्ष 1953 में विमान दुर्घटना में हो गयी थी।

32. संयुक्त राष्ट्र संघ के पूर्व सेक्रेटरी जनरल डॉ. बुतरस-बुतरस घाली किस देश से संबंधित हैं?

(A) सऊदी अरब (B) मिस्र
(C) कोरिया (D) इराक

R.R.B. इलाहाबाद (सुपरवाइजर) परीक्षा, 2003

उत्तर-(B)

व्याख्या-संयुक्त राष्ट्र संघ के पूर्व सेक्रेटरी जनरल डॉ. बुतरस-बुतरस घाली 1 जनवरी, 1992 से 31 दिसंबर, 1996 तक इस पद पर रहे। वह मिस्र से संबंधित थे।

33. संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय कहां है?

(A) हेग में (B) जेनेवा में
(C) पेरिस में (D) न्यूयॉर्क में

R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003

उत्तर-(D)

व्याख्या-संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय न्यूयॉर्क में है। अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय हेग में, यूनेस्को का पेरिस में तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन का मुख्यालय जेनेवा में है।

34. 'पवन हंस' क्या है?

(A) एक लोक उपक्रम (B) साइबेरियन बत्तख
(C) एक प्रसिद्ध पक्षी विहार (D) एक नौका

R.R.B. अहमदाबाद (C.C.) परीक्षा, 2007

उत्तर-(A)

व्याख्या-'पवन हंस हेलीकॉप्टर लिमिटेड', हेलीकॉप्टर सेवाएं प्रदान करने वाला भारत सरकार का एक लोक उपक्रम है।

35. 'स्पीड पोस्ट' सेवा की शुरुआत कब हुई थी?

(A) 1982 (B) 1984
(C) 1986 (D) 1988

R.R.B. पटना (A.S.M./G.G.) परीक्षा, 2007

उत्तर-(C)

व्याख्या-उपभोक्ताओं को पत्र और पार्सल त्वरित गति से एक निश्चित समय के भीतर पहुंचाने के लिए अगस्त, 1986 में स्पीड पोस्ट सुविधा डाक विभाग (Department of Posts) द्वारा आरम्भ की गई थी।

36. 'Emotionally Yours' किसका लोगो है?

(A) एयर इंडिया (B) किंग फिशर
(C) जेट एयरवेज (D) सहारा एयरवेज

R.R.B. पटना (A.S.M./G.G.) परीक्षा, 2007

उत्तर-(D)

व्याख्या-'Emotionally Yours' एयर सहारा (Air Sahara) का स्लोगन (लोगो) है, जिसका वर्तमान में जेट एयरवेज में विलय हो चुका है।

37. फ्रांस की राज्यक्रांति किस वर्ष घटित हुई?

(A) 1789 ई. में (B) 1761 ई. में
(C) 1889 ई. में (D) 1779 ई. में

R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2007

उत्तर-(A)

व्याख्या-फ्रांस की राज्यक्रांति वर्ष 1789 से प्रारम्भ होकर वर्ष 1799 तक चली थी।



Scanned by CamScanner

38. राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान कहां स्थित है?
(A) पणजी (B) मुंबई
(C) कांडला (D) विशाखापत्तनम्
R.R.B. गुवाहाटी (G.G.) परीक्षा, 2006

उत्तर–(A)

व्याख्या–'राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान' (National Institute of Oceanography) की स्थापना 1 जनवरी, 1966 को हुई थी। इसका मुख्यालय दोना, पौला, पणजी (गोवा) में स्थित है। इसके क्षेत्रीय कार्यालय कोच्चि, मुंबई तथा विजाग में हैं।

39. परमाणु अनुसंधान हेतु कलपक्कम के लिए इंदिरा गांधी सेंटर किस राज्य में स्थित है?
(A) कर्नाटक (B) तमिलनाडु
(C) आंध्र प्रदेश (D) केरल
R.R.B. कोलकाता (A.A.) परीक्षा, 2009

उत्तर–(B)

व्याख्या–कलपक्कम, तमिलनाडु का एक छोटा कस्बा है। कोरोमंडल तट पर स्थित इस कस्बे में इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केन्द्र है, जो परमाणु ऊर्जा विभाग से सम्बद्ध है।

40. नेशनल मेटेलर्जिकल लैबोरेटरी निम्न नगर में स्थित है–
(A) जमशेदपुर (B) भिलाई
(C) दुर्गापुर (D) राउरकेला
R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2009

उत्तर–(A)

व्याख्या–'राष्ट्रीय धात्विक प्रयोगशाला' झारखंड राज्य के जमशेदपुर में स्थित है, जो वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद की 38वीं प्रयोगशाला है।

41. इनमें से कौन 'माध्यमिका स्कूल ऑफ दर्शनशास्त्र' का संस्थापक था?
(A) आसंग (B) बसुबंधु
(C) नागार्जुन (D) नागसेन
R.R.B. अहमदाबाद (C.C.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(C)

व्याख्या–माध्यमिका स्कूल ऑफ दर्शनशास्त्र के जनक नागार्जुन हैं। माध्यमिक कारिका, शून्यता सप्तति तथा विग्रहव्यावर्तनी इनकी प्रसिद्ध रचनाएं हैं।

42. हिन्दू पौराणिक कथाशास्त्र के अनुसार निम्नलिखित में से कौन देवताओं के वैद्य थे?
(A) सुश्रुत (B) चरक
(C) च्यवन ऋषि (D) धन्वन्तरि
R.R.B. गुवाहाटी (G.G.) परीक्षा, 2006

उत्तर–(D)

व्याख्या–हिन्दू धर्म में धन्वन्तरि को भगवान विष्णु का अवतार माना गया है। वेद और पुराणों में उन्हें 'देवताओं का वैद्य' तथा 'आयुर्वेद का नियंत्रक' कहा गया है।

43. स्कन्द पुराण में गढ़वाल को किस नाम से जाना जाता है?
(A) केदारखंड (B) कूर्मांचल
(C) जालंधर (D) गढ़देश
R.R.B. इलाहाबाद (E.C.R.C.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(A)

व्याख्या–स्कन्द पुराण में वेदव्यास ने हिमालय को 5 खण्डों–नेपाल, कूर्मांचल, जालंधर, कश्मीर एवं केदारखंड में विभाजित किया था। केदारखंड वर्तमान में 'गढ़वाल' के नाम से जाना जाता है। कूर्मांचल वर्तमान में 'कुमायूं' के नाम से जाना जाता है।

44. भारत का कौन सा उपग्रह वर्ष, 1997 में निष्क्रिय घोषित कर दिया गया?
(A) INSAT-2C (B) INSAT-2D
(C) INSAT-1C (D) INSAT-1D
R.R.B. गोरखपुर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002

उत्तर–(B)

व्याख्या–इन्सेट 2–डी, 4 जून, 1997 को छोड़ा गया था। इसे 4 अक्टूबर, 1997 को निष्क्रिय घोषित कर दिया गया।

45. एयर इण्डिया में विमान चालक बनने वाली प्रथम महिला कौन हैं ?
(A) सौदामिनी देशमुख (B) हरप्रीत अहलूवालिया
(C) निर्जल राय (D) सीमा कपूर
R.R.B. गोरखपुर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002
R.R.B. रांची (Asst. Driv.) परीक्षा, 2003

उत्तर–(A)

व्याख्या–बोइंग–737 विमान की प्रथम महिला कमांडर सौदामिनी देशमुख थीं जबकि सुषमा प्रथम महिला पायलट थीं।

46. के.एल.एम. एयरलाइन्स का .................... से सम्बन्ध है।
(A) कुवैत (B) नीदरलैण्ड्स
(C) जापान (D) इण्डोनेशिया
R.R.B. चंडीगढ़ (T.C.) परीक्षा, 2002

उत्तर–(B)

व्याख्या–नीदरलैण्ड्स की एयरलाइन्स को 'के.एल.एम. रॉयल एयरलाइन्स' कहा जाता है।

47. संक्षेपण UNDP का पूरा नाम है–
(A) यूनाइटेड नेशन्स डेवलपमेंट प्रोग्राम
(B) यूनाइटेड नेशनल डेमोक्रेटिक प्रेस
(C) यूनियन ऑफ नॉर्थ डेवलपिंग प्रोविन्स
(D) अरब नेशन ड्रिलिंग पेट्रोलियम
R.R.B. रांची (Asst. Driv.) परीक्षा, 2003

उत्तर–(A)

व्याख्या–यू.एन.डी.पी. का पूरा नाम 'यूनाइटेड नेशन्स डेवलपमेंट प्रोग्राम' है। यह संयुक्त राष्ट्र का विकास से सम्बन्धित अभिकरण है।



Scanned by CamScanner

48. 'पोंगल' त्योहार निम्नलिखित मास में मनाया जाता है–
(A) मार्च (B) सितम्बर
(C) अक्टूबर (D) जनवरी
R.R.B. चंडीगढ़ (A.S.M. ) परीक्षा, 2003

उत्तर–(D)

व्याख्या–तमिलनाडु, कर्नाटक तथा आंध्र प्रदेश में सूर्य, वरुण तथा वायु को फसल सफलता के लिए धन्यवाद देने के उपलक्ष्य में किसानों द्वारा पोंगल जनवरी माह में मनाया जाता है। ओणम, अगस्त–सितंबर माह में केरल में, राजा महाबली की स्मृति में मनाया जाता है।

49. निम्नलिखित में से असम में कौन-सा त्योहार प्रसिद्ध है?
(A) दुर्गा पूजा (B) बिहू
(C) ओणम (D) वैशाखी
R.R.B. जम्मू (A.S.M.) परीक्षा, 2005

उत्तर–(B)

व्याख्या–'बिहू' असम का मुख्य पर्व है। यह साल में तीन बार मनाया जाता है- रंगाली बिहू या बोहाग बिहू, फसल बुवाई की शुरुआत का प्रतीक है, इससे नये वर्ष का आरंभ होता है। भोगली बिहू या माघ बिहू फसल कटाई का त्योहार है और काती बिहू या कांगली बिहू शरद ऋतु में आयोजित होने वाला एक मेला है।

50. 'बिहू' का सम्बन्ध किस राज्य से है ?
(A) असम (B) पंजाब
(C) उत्तर प्रदेश (D) गुजरात
R.R.B. गोरखपुर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002

उत्तर–(A)

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

51. भारत के किसी राज्य की राज्यपाल बनने वाली पहली महिला थीं-
(A) राजकुमारी अम त कौर (B) पद्मजा नायडू
(C) सरोजिनी नायडू (D) सरला ग्रेवाल
R.R.B. गोरखपुर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002

उत्तर–(C)

व्याख्या–श्रीमती सरोजिनी नायडू ने स्वतंत्रता के पश्चात उ.प्र. की गवर्नर का पद सुशोभित कर भारत की गवर्नर (राज्यपाल) बनने वाली प्रथम महिला होने का गौरव प्राप्त किया। राजकुमारी अम त कौर केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में प्रथम महिला मंत्री थीं।

52. भारतीय रेलवेज के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?
(A) यह परिवहन की सबसे सस्ती विधि है
(B) इसकी कमाई का मुख्य स्रोत माल का परिवहन है
(C) यह भारत में एकमात्र सबसे बड़ा नियोजक है
(D) ये सभी
R.R.B. मालदा (T.C./C.C./J.C.) परीक्षा, 2008

उत्तर–(D)

व्याख्या–भारतीय रेलवे के संबंध में सभी तीनों कथन सही हैं।

53. शब्द संक्षेप आर.पी.एफ. (R.P.F.) का अर्थ है-
(A) रेलवे पुलिस फोर्स (B) रिजर्व पुलिस फोर्स
(C) रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (D) रीजनल प्युपिल्स फ्रंट
R.R.B. चंडीगढ़ (A.S.M.) परीक्षा, 2004

उत्तर–(C)

व्याख्या–आर.पी.एफ. (R.P.F.) 'रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स' का शब्द संक्षेप है।

54. उत्तर-पश्चिमी रेलवे का मुख्यालय है–
(A) जबलपुर में (B) बीकानेर में
(C) जयपुर में (D) नई दिल्ली में
R.R.B. मुंबई, भोपाल (G.G.) परीक्षा, 2003
R.R.B. चंडीगढ़ (A.S.M.) परीक्षा, 2003
R.R.B. मालदा (T.C./C.C.) परीक्षा, 2008

उत्तर–(C)

व्याख्या–उत्तर–पश्चिमी रेलवे का मुख्यालय जयपुर में है। नई दिल्ली में उत्तर रेलवे का मुख्यालय है।

55. दक्षिण-पश्चिम रेलवे का मुख्यालय है–
(A) बंगलौर में (B) हुबली में
(C) चेन्नई में (D) सिकंदराबाद में
R.R.B. बंगलौर (G.G.) परीक्षा, 2003
R.R.B. मालदा (T.A./C.A.) परीक्षा, 2007
R.R.B. चण्डीगढ़ (T.A./C.A./S.C.)परीक्षा, 2012

उत्तर–(B)

व्याख्या–दक्षिण–पश्चिम रेलवे (South-Western Railway–SWR) जोन की स्थापना 1 अप्रैल, 2003 को हुबली (Hubli) में की गयी। इसके तीन विभाग हुबली, बंगलुरू तथा मैसूर में हैं।

56. दक्षिण-पश्चिम रेलवे का मुख्यालय कहां है?
(A) भुवनेश्वर (B) हुबली
(C) बिलासपुर (D) जबलपुर
R.R.B. इलाहाबाद (J.C.) परीक्षा, 2009

उत्तर–(B)

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

57. दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे का मुख्यालय कहां है?
(A) बिलासपुर (B) जबलपुर
(C) भोपाल (D) रायपुर
R.R.B. कोलकाता (T.C.) परीक्षा, 2006
R.R.B. कोलकाता (E.C.R.C.) परीक्षा, 2006

उत्तर–(A)

व्याख्या –दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे का मुख्यालय छत्तीसगढ़ स्थित बिलासपुर में है। इसकी स्थापना 1 अप्रैल, 2003 को हुई थी।

58. वर्तमान में कितने रेल मंडल हैं?
(A) 16 (B) 11
(C) 18 (D) इनमें से कोई नहीं
D.M.R.C. (J.S.C.) परीक्षा, 2003
R.R.B. बंगलौर (G.G) परीक्षा, 2003

उत्तर–(A)

Scanned by CamScanner

व्याख्या-प्रश्न काल में भारत में 16 रेलवे जोन थे। प्रत्येक जोन में कई मंडल (डिवीजन) होते हैं। डिवीजन मूलभूत संचालन इकाई है। वर्तमान में कोलकाता मेट्रो को नया रेलवे जोन बनाये जाने के बाद रेलवे जोनों की संख्या 17 हो गई है।

59. नए बने क्षेत्रों के उपरान्त रेलवे के कुल कितने जोन हैं?

(A) 14 (B) 16
(C) 18 (D) 15

R.R.B. मालदा (T.A./C.A.) परीक्षा, 2007

उत्तर-(B)

व्याख्या-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

60. शताब्दी एक्सप्रेस रेलगाड़ी का नाम किसकी शताब्दी का द्योतक है?

(A) महात्मा गांधी
(B) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
(C) भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम
(D) जवाहरलाल नेहरू

R.R.B. बंगलौर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2003
R.R.B. बंगलौर (G.G.) परीक्षा, 2003

उत्तर-(D)

व्याख्या-भारत में 'शताब्दी एक्सप्रेस' रेलगाड़ी की शुरुआत वर्ष 1988 में हुई और जवाहरलाल नेहरू का जन्म वर्ष 1889 में हुआ था। अतः नेहरू की जन्म शताब्दी के अवसर पर शताब्दी एक्सप्रेस का परिचालन प्रारम्भ हुआ।

61. 'शताब्दी एक्सप्रेसों' को समाविष्ट किया गया था-

(A) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गठन की शतायु के साथ सम्पाती होने के लिए
(B) गांधी-जयन्ती की शतायु के साथ सम्पाती होने के लिए
(C) जवाहरलाल नेहरू-जयन्ती की शतायु के साथ सम्पाती होने के लिए
(D) भारत में रेल परिपथ नेटवर्क के पुनर्स्थापित की शतायु के साथ सम्पाती होने के लिए

R.R.B. कोलकाता (T.A./A.S.M.) परीक्षा, 2001

उत्तर-(C)

व्याख्या-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

62. बड़ी लाइन (ब्रॉडगेज) की गाड़ी नीलगिरी एक्सप्रेस निम्न में किसके बीच चलती है?

(A) चेन्नई और ऊंटी
(B) चेन्नई और मेट्टूपलायम
(C) चेन्नई और सतामंगलम्
(D) बंगलौर और कोयम्बटूर

R.R.B. चेन्नई (T.C./C.C.) परीक्षा, 2002

उत्तर-(B)

व्याख्या-नीलगिरी एक्सप्रेस चेन्नई और मेट्टूपलायम के बीच चलती है।

63. विश्व का सर्वाधिक लम्बा रेलवे प्लेटफार्म कहां पर है ?

(A) खड़गपुर (B) न्यूयॉर्क
(C) तालचर (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

R.R.B. चेन्नई, बंगलौर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002

उत्तर-(A)

व्याख्या-प्रश्न काल में विश्व का सबसे लम्बा प्लेटफार्म खड़गपुर, पं. बंगाल था। परंतु 12 अप्रैल, 2012 से विश्व का सबसे लम्बा प्लेटफार्म गोरखपुर रेलवे प्लेटफार्म (1324 मीटर) हो गया है।

64. भारत का सबसे लम्बा प्लेटफार्म है-

(A) हावड़ा (B) खड़गपुर
(C) लखनऊ (D) मुंबई सेंट्रल

R.R.B. भोपाल (T.C./C.C./J.C.) परीक्षा, 2007

उत्तर-(B)

व्याख्या-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

65. भारतीय रेलवे ने अपनी स्थापना के कितने वर्ष पूरे होने को अभी हाल ही में मनाया?

(A) 100 वर्ष (B) 150 वर्ष
(C) 75 वर्ष (D) 50 वर्ष

R.R.B. चंडीगढ़ (T.C.) परीक्षा, 2004

उत्तर-(B)

व्याख्या-भारत में रेलवे की शुरुआत लॉर्ड डलहौजी (1848-56 ई.) के काल में हुई। भारत में पहली रेल 16 अप्रैल, 1853 को मुंबई से थाणे के बीच चलाई गई। 16 अप्रैल, 2003 को इसने अपना 150वां स्थापना दिवस मनाया था।

66. भारत में प्रथम रेलगाड़ी कब चली?

(A) 16 अप्रैल 1856 (B) 16 अप्रैल 1854
(C) 16 अप्रैल 1853 (D) 16 अप्रैल 1855

R.R.B. बंगलौर (T.C./C.C.) 'मुख्य' परीक्षा, 2010

उत्तर-(C)

व्याख्या-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

67. भारत में प्रथम रेलवे लाइन बिछायी गयी थी, वर्ष-

(A) 1923 (B) 1835
(C) 1853 (D) 1917

R.R.B. इलाहाबाद (सुपरवाइजर) परीक्षा, 2003

उत्तर-(C)

व्याख्या-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

68. ब्रिटिश शासन द्वारा निम्नलिखित स्थानों के बीच प्रथम भारतीय रेलवे लाइन शुरू की गई थी।

(A) दिल्ली से मुंबई (B) मुंबई से थाणे
(C) चेन्नई से मुंबई (D) मुंबई से नागपुर

R.R.B. बंगलौर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2003

उत्तर-(B)

व्याख्या-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

Scanned by CamScanner

69. भारत में मुंबई और थाणे के बीच में प्रथम ट्रेन चली थी–

(A) 16 अप्रैल, 1852 को
(B) 16 अप्रैल, 1853 को
(C) 16 अप्रैल, 1854 को
(D) 16 अप्रैल, 1855 को
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

R.R.B. कोलकाता (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002
R.R.B. कोलकाता (T.C./C.C.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(B)

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

70. सबसे पहली रेलवे लाइन किसके शासनकाल में निर्मित हुई?

(A) लॉर्ड डलहौजी (B) जेम्स कार्नवालिस
(C) वारेन हेस्टिंग्स (D) लॉर्ड बेंटिक

R.R.B. बंगलौर (A.S.M.) परीक्षा, 2001
R.R.B. बंगलौर (G.G.) परीक्षा, 2003
R.R.B. चंडीगढ़ परीक्षा, 2005
R.R.B. चेन्नई, बंगलौर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002

उत्तर–(A)

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

71. भारत में सर्वप्रथम रेलवे ट्रेन किन स्टेशनों के बीच चली थी?

(A) मुंबई और दिल्ली (B) मुंबई और पुणे
(C) मुंबई और थाणे (D) दिल्ली और पुणे

R.R.B. कोलकाता (T.C./C.C.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(C)

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

72. भारतीय रेलवे, पहिए और धुरी का निर्माण निम्न स्थान में करता है-

(A) चितरंजन (B) हुसैनपुर (पंजाब)
(C) बंगलौर (D) पेराम्बूर (तमिलनाडु)

R.R.B. चंडीगढ़ (A.S.M.) परीक्षा, 2003
R.R.B. (Asst. Driv.) परीक्षा, 2003

उत्तर–(C)

व्याख्या–

| | | |
|---|---|---|
| इंटीग्रल कोच फैक्ट्री | – | पेरंबूर (तमिलनाडु) |
| लोकोमोटिव वर्क्स | – | चितरंजन (पं. बंगाल) |
| डीजल लोकोमोटिव वर्क्स | – | वाराणसी (उ. प्र.) |
| पहिए एवं धुरी का निर्माण | – | बंगलुरू (कर्नाटक) |

73. निम्न में से कौन पेरम्बूर में स्थित है ?

(A) इन्टीग्रल कोच फैक्ट्री (B) कैरेज एण्ड वैगन वर्कशॉप
(C) लोकोमोटिव वर्कशॉप (D) रेलवे प्रिंटिंग प्रेस

R.R.B. चेन्नई (T.C./C.C.) परीक्षा, 2002

उत्तर–(A)

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

74. भारत में सबसे लम्बा यात्री रेलमार्ग जोड़ता है-

(A) तिरुवनन्तपुरम् और जम्मू तवी को
(B) तिरुवनन्तपुरम् और गुवाहाटी को
(C) जम्मू तवी और गुवाहाटी को
(D) कन्याकुमारी और जम्मू तवी को

R.R.B. गोरखपुर (E.S.M.) परीक्षा, 2003

उत्तर–(D)

व्याख्या–प्रश्न काल में भारत में सबसे लम्बा यात्री रेलमार्ग कन्याकुमारी और जम्मू तवी को जोड़ता है जिनके बीच की दूरी 3726 किमी. है। वर्तमान में यह उपलब्धि डिब्रूगढ़-कन्याकुमारी रेलमार्ग को प्राप्त है। इसे विवेक एक्सप्रेस (जो भारत की सर्वाधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन है) तय करती है।

75. प्रथम रेलवे लाइन बिछाई गई थी-

(A) यू.एस.ए. में (B) यूरोप में
(C) भारत में (D) उत्तर-पूर्वी इंग्लैंड में

R.R.B. गोरखपुर (G.G.) परीक्षा, 2003

उत्तर–(D)

व्याख्या–विश्व की सर्वप्रथम रेलगाड़ी इंग्लैंड में 27 सितम्बर, 1825 को स्टॉकटन से डार्लिंगटन के मध्य चली थी। फ्रांस में वर्ष 1827 में, यू.एस.ए. में वर्ष 1830 में, जर्मनी में वर्ष 1835 में, रूस में वर्ष 1836 में एवं भारत में वर्ष 1853 में रेलगाड़ियों का चलना आरम्भ हुआ।

76. वर्तमान रेलमंत्री किस राजनैतिक दल से हैं?

(A) कांग्रेस (B) राष्ट्रवादी कांग्रेस
(C) तृणमूल कांग्रेस (D) समाजवादी पार्टी

R.R.B. बंगलौर (T.C./C.C.) 'मुख्य' परीक्षा, 2010

उत्तर–(C)

व्याख्या–प्रश्न काल में संप्रग के घटक तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी (26 मई, 2009-19 मई, 2011) रेलमंत्री थीं। वर्तमान में कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे (17 जून, 2013 से) रेलमंत्री हैं।

77. अगस्त क्रान्ति एक्सप्रेस किनके बीच चलती है?

(A) दिल्ली-मुंबई (B) दिल्ली-गुवाहाटी
(C) दिल्ली-साबरमती (D) दिल्ली-कोलकाता

R.R.B. चंडीगढ़ (T.C.) परीक्षा, 2004
R.R.B. चेन्नई (A.S.M./T.A./C.A./G.G.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(A)

व्याख्या–ट्रेन नम्बर 2953/2954 अगस्त क्रान्ति एक्सप्रेस दिल्ली से मुंबई के बीच चलती है। (Trains at a Glance, 2004)

78. मालीगांव किस रेलवे जोन का मुख्यालय है?

(A) पूर्वी (B) उत्तर-पूर्वी
(C) उत्तर-पूर्वी-सीमांत (D) पूर्व मध्य

R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2006

उत्तर–(C)

व्याख्या–पूर्वोत्तर राज्यों को बेहतर सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से वर्ष 1958 में उत्तर-पूर्वी रेलवे जोन से पृथक एक उत्तर-पूर्वी-सीमांत रेलवे जोन की आधारशिला रखी गयी। उत्तर-पूर्वी-सीमांत जोन का मुख्यालय असम की राजधानी गुवाहाटी के समीप 'मालीगांव' को बनाया गया है।



Scanned by CamScanner

79. निम्नलिखित में से किस एक स्थान पर उत्तर-पूर्वी रेलवे का मुख्यालय है-
(A) गुवाहाटी (B) गोरखपुर
(C) कोलकाता (D) भुवनेश्वर

R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2010

उत्तर-(B)

व्याख्या-उत्तर-पूर्वी रेलवे का मुख्यालय गोरखपुर में है।

80. भारतीय रेलवे के नेटवर्क पर लगभग कितने स्टेशन है?
(A) 6000 (B) 7000
(C) 8000 (D) 9000

R.R.B. मालदा (T.C./C.C.) परीक्षा, 2008

उत्तर-(B)

व्याख्या-भारतीय रेलवे के नेटवर्क पर 6909 स्टेशन हैं। चूंकि विकल्प (B) में इनकी संख्या 7000 दी गई है। अतः निकटवर्ती होने के कारण सही उत्तर विकल्प (B) होगा।

81. लाइफ लाइन एक्सप्रेस क्या है?
(A) भारत में कार्यरत रेल पर प्रथम हॉस्पिटल
(B) नशेड़ियों को बचाने हेतु नशा छुड़ाने के लिए चलाया गया कार्यक्रम
(C) रामनाथ गोयनका द्वारा शुरू की गई एक लोकप्रिय स्वास्थ्य पत्रिका
(D) सार्वदेहिक संज्ञाहरण में रोगी के रक्तदाब के विक्षेपण के अवलोकन के लिए उपयोग में आने वाला एक यंत्र

R.R.B. अहमदाबाद (Stenographer) परीक्षा, 2006

उत्तर-(A)

व्याख्या-'लाइफ लाइन एक्सप्रेस' को 'जीवन रेखा एक्सप्रेस' भी कहते हैं। यह स्वास्थ्य मंत्रालय एवं भारतीय रेलवे के बीच हुए समझौते के बाद 16 जुलाई, 1991 को चलाई गई।

82. निम्नलिखित में कौन सी रेलगाड़ी सबसे तेज है?
(A) ताज एक्सप्रेस (B) राजधानी एक्सप्रेस
(C) जी.टी. एक्सप्रेस (D) शताब्दी एक्सप्रेस

R.R.B. मुजफ्फरपुर (A.S.M.) परीक्षा, 2008

उत्तर-(D)

व्याख्या-भारतीय रेल की सबसे तेज चलने वाली रेलगाड़ी शताब्दी एक्सप्रेस है। यह नई दिल्ली से विभिन्न राजधानियों के बीच 140 किमी./घंटा की रफ्तार (Speed) से चलती है। वर्तमान शताब्दी ट्रेनों में भोपाल शताब्दी एक्सप्रेस रेलगाड़ी सबसे तेज चलने वाली ट्रेन है। इसकी अधिकतम गति 161 किमी./घंटा है। यह नई दिल्ली से भोपाल के बीच चलती है।

83. भारत में सबसे तेज रेलगाड़ी की अधिकतम गति क्या है?
(A) 120 किलोमीटर प्रति घंटा
(B) 130 किलोमीटर प्रति घंटा
(C) 135 किलोमीटर प्रति घंटा
(D) 140 किलोमीटर प्रति घंटा

R.R.B. गोरखपुर (T.C.) परीक्षा, 2008

उत्तर-(D)

व्याख्या-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

84. सबसे पहली राजधानी एक्सप्रेस कहां से कहां तक चली?
(A) दिल्ली से हावड़ा (B) दिल्ली से आगरा
(C) दिल्ली से भोपाल (D) दिल्ली से गुवाहाटी

R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2007

उत्तर-(A)

व्याख्या-भारतीय रेलवे ने वर्ष 1969 में पूर्णतया वातानुकूलित ट्रेन राजधानी एक्सप्रेस को बनाया जो 130 किमी./घंटा की रफ्तार से प्रथम बार नई दिल्ली से हावड़ा के बीच चलाई गई थी। वर्तमान में लगभग 35 ट्रेनें राजधानी एक्सप्रेस के नाम से चल रही हैं।

85. वर्ष 2001 में कडालुंडी के पास पुल के ऊपर एक बड़ी रेल दुर्घटना हुई थी। वह स्थान निम्न के बीच है-
(A) शोरानूर और कालिकर
(B) गंग्लार और केन्नानूर
(C) कालिकट और केन्नानूर
(D) पालाघाट और शोरानूर

R.R.B. चेन्नई (A.S.M./T.A./C.A./G.G.) परीक्षा, 2007

उत्तर-(C)

व्याख्या-21 जुलाई, 2001 को मंगलौर मेल यात्री गाड़ी जो चेन्नई जा रही थी, के चार डिब्बे काडालुंडी नदी के ऊपर बने पुल से नीचे नदी में गिर गये थे। यह घटना-स्थल केरल के कालिकट और केन्नानूर के बीच स्थित है।

86. हाल ही में शुरू की गई 'थार एक्सप्रेस' किन दो स्टेशनों को जोड़ती है?
(A) नई दिल्ली और जैसलमेर
(B) मुनाबाओ और खोखरापार
(C) जयपुर और जैसलमेर
(D) जयपुर और जोधपुर

R.R.B. अहमदाबाद (Stenographer) परीक्षा, 2007

उत्तर-(B)

व्याख्या-थार एक्सप्रेस भारत के जोधपुर से पाकिस्तान के कराची शहर को जोड़ती है। पाकिस्तान की ओर का अन्तिम स्टेशन खोखरापार तथा भारत की ओर का अन्तिम स्टेशन मुनाबाओ है।

87. 'वृन्दावन एक्सप्रेस' किसके बीच चलती है?
(A) चेन्नई और तिरुच्ची
(B) चेन्नई और बंगलौर
(C) चेन्नई और मैसूर
(D) बंगलौर और मैसूर

R.R.B. पटना (T.C./C.C./J.C.) 'मुख्य' परीक्षा, 2012

उत्तर-(B)

व्याख्या-'वृन्दावन एक्सप्रेस' (ट्रेन नं.12639/12640) चेन्नई सेंट्रल से बंगलौर सिटी रेलवे स्टेशन को जोड़ती है। यह लगभग 362 किमी. की दूरी 6 घंटे 5 मिनट में तय करती है।

88. नए विद्युत रेल इंजन कहां पर निर्मित किए जाते हैं?
(A) वाराणसी (B) चितरंजन
(C) पटियाला (D) चेन्नई

R.R.B. मालदा (T.C./C.C.) परीक्षा, 2008

उत्तर-(B)

व्याख्या-नए विद्युत रेल इंजनों का निर्माण 'चितरंजन रेल इंजन कारखाने' में किया जाता है।



Scanned by CamScanner

89. भारतीय रेलवे ने हाल ही में कहां पहिया और धुरी कारखाना स्थापित करने का निर्णय लिया है?

(A) छपरा (B) हरनौत
(C) जमालपुर (D) दरभंगा

R.R.B. मुजफ्फरपुर (A.S.M.) परीक्षा, 2008

उत्तर–(A)

व्याख्या–भारतीय रेलवे ने छपरा में नया पहिया एवं धुरी कारखाना स्थापित करने का निर्णय लिया है।

90. तमिलनाडु में पर्वत रेल संबंध ऊटी को ...... से जोड़ती है।

(A) कोयम्बटूर (B) मेट्टुपालयम
(C) कोडैकनाल (D) एर्काड

R.R.B. चेन्नई (A.S.M./T.A./C.A./G.G.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(B)

व्याख्या–तमिलनाडु में पर्वत रेल संबंध ऊटी को मेट्टुपालयम से जोड़ता है।

91. वर्तमान समय में रेलवे का स्लीपर किसका बनाया जाता है?

(A) लकड़ी का
(B) पूर्वदाबित कंकरीट का
(C) लोहे का
(D) इसमें से कोई नहीं

R.R.B. मालदा (T.A./C.A.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(B)

व्याख्या–वर्तमान समय में भारतीय रेलवे, पूर्व में प्रयोग किए जाने वाले लोहे और लकड़ी के स्लीपर के बजाय पूर्वदाबित कंकरीट के बने स्लीपरों का प्रयोग कर रही है।

92. ई-टिकटिंग (E-Ticketing) बेचने का अधिकार रेलवे ने किसे दिया है?

(A) IRCTC (B) Rail-Tail
(C) IRCON (D) RITES

R.R.B. मालदा (T.A./C.A.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(A)

व्याख्या–ई–टिकटिंग (E-Ticketing) बेचने का अधिकार रेलवे ने 'इण्डियन रेलवे कैटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड' (IRCTC) को प्रदान किया है।

93. भारतीय रेलवे ने सस्ते दर पर कौन सी वातानुकूलित रेलगाड़ी शुरू की है?

(A) जनशताब्दी (B) गरीब रथ
(C) जनसाधारण (D) शताब्दी

R.R.B. पटना (A.S.M./G.G.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(B)

व्याख्या–भारतीय रेलवे ने आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य लोगों को वातानुकूलित श्रेणी (A.C.) में यात्रा कराने के उद्देश्य से पूर्णतया वातानुकूलित रेल सेवा गरीब–रथ प्रारम्भ की है।

94. भारतीय रेलवेज द्वारा निम्नलिखित में से कौन सी रेलगाड़ी चलाई गई है जिसमें वातानुकूलित श्रेणी में सामान्य आदमी यात्रा कर सकता है?

(A) अगस्त क्रान्ति (B) जन शताब्दी
(C) गरीब रथ (D) सम्पर्क क्रान्ति

R.R.B. मालदा (T.C./C.C.) परीक्षा, 2008

उत्तर–(C)

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

95. दक्षिण भारत का वह पहला नगर जहां अक्टूबर, 2011 में 'नम्मा मेट्रो' नाम से मेट्रो रेल सेवा संचालित की गई-

(A) चेन्नई (B) तिरुवनन्तपुरम्
(C) बंगलौर (D) मंगलौर

R.R.B. चण्डीगढ़ (T.A./C.A./S.C.) 'मुख्य' परीक्षा, 2012

उत्तर–(C)

व्याख्या–'नम्मा मेट्रो' कन्नड शब्द है, जिसका हिन्दी अर्थ 'हमारी मेट्रो' है। 'नम्मा मेट्रो' बंगलुरु (बंगलौर) के लिए एक त्वरित यातायात सेवा है, जिसका उद्घाटन 20 अक्टूबर, 2011 को हुआ। इसका निर्माण बंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (BMRC) ने कराया। 'नम्मा मेट्रो' को 'बंगलुरु मेट्रो' भी कहते हैं।

96. भाप के इंजन का आविष्कार किया गया–

(A) जेम्स वाट द्वारा
(B) जेम्स प्रेस्कॉट जूल द्वारा
(C) न्यूकॉमेन द्वारा
(D) आइजक न्यूटन द्वारा

R.R.B. कोलकाता (T.C./C.C.) परीक्षा, 2008

उत्तर–(A)

व्याख्या–स्कॉटलैण्ड निवासी आविष्कारक एवं मैकेनिकल इंजीनियर जेम्स वाट द्वारा भाप के इंजन का विकास किया गया।

97. कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन का मुख्यालय कहां स्थित है?

(A) बंगलौर में (B) पंजिम में
(C) न्यू बॉम्बे में (D) वास्को–डि–गामा में

R.R.B. चेन्नई (A.S.M./T.A./C.A./G.G.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(C)

व्याख्या–'कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन' (KR) का मुख्यालय न्यू बॉम्बे (Navi Mumbai) में है। इसकी स्थापना 26 जनवरी, 1998 को हुई।

98. पहला रेल अधिनियम कब बना?

(A) 1853 में (B) 1890 में
(C) 1905 में (D) 1915 में

R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(B)

व्याख्या–प्रथम रेल अधिनियम वर्ष 1890 में निर्मित हुआ था, जिसके अनुसार रेलवे के अंतर्गत समस्त ट्रेनों के साथ–साथ सम्पूर्ण परिसम्पत्तियां शामिल हैं।

Scanned by CamScanner

99. प्रथम विद्युत रेलवे खोली गयी थी :
(A) 1853 में (B) 1885 में
(C) 1905 में (D) 1925 में
R.R.B. इलाहाबाद (E.C.R.C.) परीक्षा, 2007

उत्तर-(D)

व्याख्या-प्रथम विद्युत रेलवे 3 फरवरी, 1925 को खोली गई थी। विद्युत इंजन से चलने वाली प्रथम ट्रेन मुंबई से कुर्ला (Bombay VT to Kurla) के बीच चलाई गई।

100. भारत में विद्युत रेलगाड़ी का संचालन किस वर्ष में प्रारंभ हुआ?
(A) 1925 (B) 1928
(C) 1935 (D) 1965
R.R.B. गुवाहाटी (T.A.) परीक्षा, 2005

उत्तर-(A)

व्याख्या-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

101. भारत में रेलवे को सामान्य बजट से कब अलग किया गया?
(A) 1924-25 में (B) 1941-42 में
(C) 1947-48 में (D) 1950-51 में
R.R.B. इलाहाबाद (J.A.A.) परीक्षा, 2010

उत्तर-(A)

व्याख्या- भारत में रेलवे बजट को सामान्य बजट से वर्ष 1924-25 में अलग किया गया था।

102. भारतीय रेलवे की अनुसंधान, डिजाइन और मानक संस्था, आर एण्ड डी विभाग किस स्थान पर स्थित है?
(A) नई दिल्ली (B) लखनऊ
(C) विशाखापत्तनम् (D) कपूरथला
R.R.B. महेन्द्रूघाट (T.C./C.C.) परीक्षा, 2007

उत्तर-(B)

व्याख्या-आर.डी.एस.ओ. भारतीय रेलवे का आधार अनुसंधान तथा अभिकल्प संगठन है जिसको वर्ष 1957 में लखनऊ में स्थापित किया गया। यहां पर नवीन प्रौद्योगिकी का विकास, नवीन डिजाइनों का विकास, भारतीय रेलों की आवश्यकता के लिए सामग्रियों हेतु मानकों का विकास, तकनीकी जांच, सांविधिक निर्वचन, परीक्षण तथा परामर्श सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

103. भारतीय रेल का अनुसंधान तथा विकास प्रभाग कहां स्थित है?
(A) बंगलौर (B) कोलकाता
(C) नई दिल्ली (D) लखनऊ
R.R.B. गोरखपुर (T.C.) परीक्षा, 2008

उत्तर-(D)

व्याख्या-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

104. ऑपरेशन फ्लड संबंधित है-
(A) हरित क्रान्ति से (B) डेयरी फार्मिंग से
(C) सिंचाई से (D) बाढ़ की रोकथाम से
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं
R.R.B. बंगलौर (G.G.) परीक्षा, 2006
R.R.B. कोलकाता (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002
R.R.B. जम्मू (A.S.M.) परीक्षा, 2005
R.R.B. मुंबई (A.S.M.) परीक्षा, 2006

उत्तर-(B)

व्याख्या-'ऑपरेशन फ्लड' दुग्ध उत्पादन से संबंधित है। 'हरित क्रान्ति' का सम्बन्ध कृषि से है। इस क्रान्ति के द्वारा अधिक अनाज उत्पादन पर बल दिया गया।

105. 'ऑपरेशन फ्लड' का सम्बन्ध है-
(A) दुग्ध उत्पादन से (B) गेहूं उत्पादन से
(C) बाढ़ नियंत्रण से (D) कोई नहीं
R.R.B. गोरखपुर (E.S.M.) परीक्षा, 2009

उत्तर-(A)

व्याख्या-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

106. कौरू शहर किसके लिए प्रसिद्ध है ?
(A) बन्दरगाह सुविधाएं
(B) वंशीय समस्याएं
(C) उपग्रह प्रक्षेपण
(D) ज्वालामुखी
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं
कोलकाता (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002

उत्तर-(C)

व्याख्या-फ्रेंच गुयाना के कौरू शहर में उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्र है। यहीं से पी.एस.एल.वी.सी-3 का प्रक्षेपण किया गया था।

107. किस वर्ष में भारतीय राज्यों का भाषायी आधार पर पुनर्गठन किया गया?
(A) 1947 (B) 1951
(C) 1956 (D) 1966
R.R.B. गोरखपुर (T.C.) परीक्षा, 2008

उत्तर-(C)

व्याख्या-भारतीय राज्यों का भाषायी आधार पर जिसे पुनर्गठन करने के लिए राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 बनाया गया जिसे 1 नवम्बर, 1956 से लागू किया गया।

108. हिन्दी के बाद दूसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा कौन-सी है?
(A) बांग्ला (B) उर्दू
(C) तेलुगू (D) मराठी
R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003
R.R.B. गोरखपुर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2006

उत्तर-(A)

व्याख्या-भारत में हिन्दी 39.85%, बांग्ला – 8.22%, तेलुगू – 7.80% तथा उर्दू – 5.13% लोग बोलते हैं।



Scanned by CamScanner

109. निम्नलिखित भाषाओं में से किस भाषा को बोलने वालों की दुनिया में सबसे अधिक संख्या है?

(A) बंगाली (B) फ्रेंच
(C) जापानी (D) पुर्तगाली

R.R.B. गोरखपुर (A.S.M.) परीक्षा, 2009

उत्तर–(D)

व्याख्या–विश्व में सर्वाधिक संख्या में चीनी भाषा (मंदारिन) को बोलने वाले हैं। उपर्युक्त विकल्प में पुर्तगाली भाषा सर्वाधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा है। विश्व में विभिन्न भाषा बोलने वाले आबादी का प्रतिशत निम्नलिखित है- मंदारिन (चीनी) 14.4%, स्पेनिश- 6.15, अंग्रेजी-5.43% हिन्दी-4.70%, अरबी भाषा- 4.43%, पुर्तगाली-3.27%, बंगाली-3.11% ।

110. विश्व में कौन सी भाषा अधिकतम लोगों द्वारा बोली जाती है?

(A) चीनी (B) स्पेनिश
(C) उर्दू (D) अंग्रेजी (इंग्लिश)

R.R.B. चण्डीगढ़ (T.A./C.A./S.C.) परीक्षा, 2012

उत्तर–(A)

व्याख्या–मूल निवास के आधार पर विश्व में सर्वाधिक व्यक्तियों द्वारा बोली जाने वाली भाषा मंदारिन है जो चीनियों द्वारा बोली जाती है। इस संदर्भ में स्पेनिश का दूसरा, अंग्रेजी का तीसरा एवं हिंदी का चौथा स्थान है।

111. संसार में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है-

(A) हिन्दी (B) अंग्रेजी
(C) चीनी (D) बंगला

R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2006

उत्तर–(C)

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

112. इनमें से कौन-सी मूलतः बिहार की भाषा नहीं है?

(A) अवधी (B) मगधी
(C) भोजपुरी (D) मैथिली

R.R.B. महेन्द्रूघाट (T.C./C.C./J.C.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(A)

व्याख्या–बिहार की मुख्य भाषाएं बिहारी, हिन्दी और उर्दू हैं। क्षेत्रीय भाषाओं में अंगिका, भोजपुरी, मैथिली और मगधी शामिल हैं। अवधी भाषा उत्तर प्रदेश में बोली जाती है।

113. निम्नलिखित में से किस शहर में विकलांग लोगों के लिए पुनर्वास कॉलेज की स्थापना की जाएगी ?

(A) पटना (B) जयपुर
(C) ग्वालियर (D) कटक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

R.R.B. कोलकाता, भुवनेश्वर (T.C.) परीक्षा, 2003

उत्तर–(D)

व्याख्या–केन्द्र एवं राज्य सरकार की विकलांगों के कल्याण की संयुक्त परियोजना के अन्तर्गत उड़ीसा (ओडिशा) स्थित कटक में विकलांगों के कल्याण के लिए पुनर्वास कॉलेज की स्थापना की जा रही है।

114. विश्व की प्रथम महिला प्रधानमंत्री कौन थीं ?

(A) मार्गरेट थैचर – इंग्लैंड
(B) एस. भण्डारनायके – श्रीलंका
(C) इन्दिरा गांधी – भारत
(D) गेल्डा मायर – इस्राइल

R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2003
R.R.B.भोपाल (S.C./E.C.R.C.) परीक्षा, 2006

उत्तर–(B)

व्याख्या–इन्दिरा गांधी सर्वप्रथम 24 जनवरी, 1966 को भारत की प्रधानमंत्री बनी थीं, जबकि श्रीमती भण्डारनायके वर्ष 1956 में श्रीलंका की प्रधानमंत्री बनी थीं।

115. हिमालय की सबसे ऊंची चोटी पर पहुंचने वाली प्रथम भारतीय महिला थीं-

(A) बछेन्द्री पाल (B) जुंको तबेई
(C) शेरपा तेन्जिंग (D) कुमारी संतोष यादव

R.R.B. भोपाल (T.C./C.C./J.C.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(A)

व्याख्या–मई, 1984 में बछेन्द्री पाल हिमालय की सबसे ऊंची चोटी पर पहुंचने वाली **भारत की प्रथम महिला** और विश्व की पांचवी महिला बनीं। मई, 1975 में जापान की जुंको तबेई हिमालय की चोटी को स्पर्श करने वाली **विश्व की प्रथम महिला** बनीं।

116. हिमालय पर चढ़ने वाली प्रथम महिला कौन थी ?

(A) बछेन्द्री पाल (B) कल्पना चावला
(C) संतोष यादव (D) जुंको तबेई

R.R.B. चेन्नई, बंगलौर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002

उत्तर–(D)

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

117. माउन्ट एवरेस्ट पर सर्वप्रथम विजय वर्ष....... में प्राप्त की गई–

(A) 1953 (B) 1952
(C) 1951 (D) 1950

R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003
R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(A)

व्याख्या–माउन्ट एवरेस्ट पर एडमण्ड हिलेरी एवं तेनजिंग नोर्गे ने वर्ष 1953 में सर्वप्रथम विजय प्राप्त की।

118. भारत की पहली महिला एयर वाइस मार्शल कौन हैं ?

(A) एस. सरस्वती (B) पी. बन्दोपाध्याय
(C) एम. चटर्जी (D) आर. रेड्डी
(E) एल. सिन्हा

R.R.B. कोलकाता, भुवनेश्वर (T.A.) परीक्षा, 2002

उत्तर–(B)

व्याख्या–एयरफोर्स की तकनीकी शाखा से सम्बन्धित पी. बन्दोपाध्याय भारत की पहली महिला एयर वाइस मार्शल बनीं थीं।

Scanned by CamScanner

119. 'Knesset' क्या होता है ?

(A) एक अल्ट्रामॉडर्न चुम्बकीय टेप चैम्बर संगीत रिकॉर्ड करने के लिए

(B) इस्राइली पार्लियामेंट का नाम

(C) हिब्रू सीखने की एक प्रीमियर

(D) पेरू के एक राजनीतिक दल का नाम

**R.R.B. गोरखपुर (A.S.M.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-**'नेसेट' (Knesset) इस्राइल की संसद का नाम है।

**120. यू. एस. संसद का निम्न में से कौन-सा नाम है?**

(A) डायट (B) सीनेट

(C) कांग्रेस (D) हाउस ऑफ कॉमन्स

**R.R.B. गोरखपुर (G.G) परीक्षा, 2003**

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-**यू.एस. संसद को 'कांग्रेस' कहा जाता है, जिसके निचले सदन को 'हाउस ऑफ रिप्रेजेन्टेटिव' एवं उच्च सदन को 'सीनेट' कहा जाता है।

**121. बांग्लादेश की संसद का नाम क्या है?**

(A) जातीय संसद (B) मजलिस

(C) पीपुल्स कौंसिल (D) राष्ट्रीय असेम्बली

**R.R.B. चंडीगढ़ (T.C.) परीक्षा, 2002**

**R.R.B. जम्मू (A.S.M.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या-**ईरान की संसद और मालदीव की संसद का नाम मजलिस, चीन की संसद का नाम नेशनल पीपुल्स कौंसिल, फ्रांस तथा पाकिस्तान की संसद का नाम **मजलिस-ए-सूरा** है। बांग्लादेश की संसद को जातीय संसद कहते हैं।

**122. फोल्केटिंग कहां की संसद है?**

(A) इटली (B) डेनमार्क

(C) स्वीडन (D) नॉर्वे

**R.R.B. इलाहाबाद (J.C.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-**'फोल्केटिंग', डेनमार्क की राष्ट्रीय संसद का नाम है। इटली की संसद का नाम 'पार्लियामेन्टो इटैलियानो' है, स्वीडन की संसद का नाम 'रिक्सडाग' तथा नॉर्वे की संसद का नाम 'स्टोर्टिंग' (Storting) है।

**123. एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी एक प्रसिद्ध. . . . . . . हैं–**

(A) गायक (B) चित्रकार

(C) गणितज्ञ (D) समाज सेवक

**R.R.B. कोलकाता, भुवनेश्वर (T.A.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या-**भारत रत्न से सम्मानित एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी कर्नाटक संगीत की प्रसिद्ध गायिका हैं।

**124. निम्नलिखित विख्यात भारतीय कार्टूनिस्ट का निधन दिसंबर, 2002 में हुआ-**

(A) आर. के. लक्ष्मण (B) प्राण

(C) अबू अब्राहम (D) सुधीर दर

**R.R.B. चंडीगढ़ (A.S.M.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-**1 दिसंबर, 2002 को तिरुवनन्तपुरम् में 78 वर्ष की आयु में प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट अबू अब्राहम का निधन हो गया।

**125. किस देश का झंडा दोहरे त्रिभुज के रूप में है ?**

(A) बांग्लादेश (B) नेपाल

(C) भूटान (D) क्यूबा

**R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-**नेपाल के झंडे पर बायीं ओर दोहरा त्रिभुज बना है, जिसमें स्टार व अर्द्धचन्द्र के प्रतीक बने हैं तथा झंडे का शेष भाग सफेद है।

**126. निम्न में से कौन शहर कर्नाटक में है ?**

(A) कारसगोड (B) नजनगुड़

(C) कोडगु (D) पातकाडु

**R.R.B. चेन्नई (T.C./C.C.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-**कारसगोड़ केरल व तमिलनाडु की सीमा पर समुद्र के किनारे केरल राज्य में स्थित हैं। कोडगु कर्नाटक में स्थित है। इसी जिले से कावेरी नदी निकलती है।

**127. इनमें से कौन-सा नगर ग्रांड ट्रंक रोड पर स्थित नहीं है?**

(A) लखनऊ (B) कानपुर

(C) इलाहाबाद (D) आगरा

**R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या-**लखनऊ नगर ग्रांड ट्रंक रोड पर स्थित नहीं है वरन् यहां से नेशनल हाइवे सं. 57 गुजरता है। आगरा, कानपुर, इलाहाबाद ग्रांड ट्रंक रोड के दूसरे भाग राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 2 पर अवस्थित हैं।

**128. अधिकतम लंबाई वाली सड़कें किस राज्य में है?**

(A) मध्य प्रदेश (B) उत्तर प्रदेश

(C) महाराष्ट्र (D) पंजाब

**R.R.B. मुंबई (T.A./C.A.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-**प्रश्न काल में भारत सरकार के सड़क एवं परिवहन मंत्रालय द्वारा प्रदत्त आंकड़ों के अनुसार महाराष्ट्र में सर्वाधिक सड़कें **(267452 किमी.)** थीं। उत्तर प्रदेश इस दृष्टि से दूसरे **(248481 किमी.)** क्रम पर था। वर्तमान में इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर हो गया है।

**129. किस राज्य में सड़कों की लम्बाई सबसे ज्यादा है?**

(A) उत्तर प्रदेश (B) महाराष्ट्र

(C) आंध्र प्रदेश (D) बिहार

**R.R.B. गोरखपुर (T.C.) परीक्षा, 2008**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-**उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।



Scanned by CamScanner

**130. वह कौन सा राज्य है जिसे भाषा के आधार पर जाना जाता है?**
(A) पश्चिम बंगाल (B) आंध्र प्रदेश
(C) उत्तर प्रदेश (D) बिहार

**R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2010**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-** भाषाई आधार पर बनने वाला पहला प्रान्त आंध्र प्रदेश है। इसका गठन 1 नवंबर, 1956 को हुआ था। हैदराबाद प्रान्त तथा मद्रास प्रेसीडेन्सी के तेलुगू भाषी क्षेत्रों को मिलाकर आंध्र प्रदेश राज्य का गठन किया गया था।

**131. दक्षिण अफ्रीका का राष्ट्रपति कौन है?**
(A) नेलसन मंडेला (B) थाबो म्बेकी
(C) जोसेफ एस्ट्रेडा (D) एनेल शरीन

**R.R.B. चेन्नई (T.C./C.C.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-**प्रश्न काल में थाबोम्बे की दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति थे। वर्तमान में जैकब जुमा मई, 2009 से दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति हैं।

**132. पाकिस्तान के मुहाजिर हैं-**
(A) भारत से मुस्लिम प्रवासी
(B) अहमदियों जैसे
(C) सिंध में सांख्यिकी रूप से बहुसंख्यक
(D) NWFP के सीमांत जनजाति के लोग

**R.R.B. गोरखपुर (G.G.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या-**भारत विभाजन के समय भारत में रहने वाले जो मुसलमान पाकिस्तान में जाकर बस गये, उन्हें पाकिस्तान में 'मुहाजिर' कहा गया एवं उन्हें हेय दृष्टि से देखा गया।

**133. 'किट कैट' के निर्माता हैं -**
(A) कैडबरी (B) नेस्ले
(C) पॉरले (D) ब्रिटानिया

**R.R.B. चेन्नई (T.C./C.C.) परीक्षा, 2002**
**R.R.B. चेन्नई (A.S.M./T.A./C.A./G.G.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-**कैडबरी, ब्रिटानिया, नेस्ले ये सभी कंपनियां चॉकलेट बनाती हैं। इनमें किट कैट 'नेस्ले' कंपनी की चॉकलेट है।

**134. टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी का मुख्यालय कहां है ?**
(A) कोलकाता (B) बोकारो
(C) जमशेदपुर (D) रांची

**R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-**'टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी' (TIS Co.) का मुख्यालय जमशेदपुर (झारखंड) में है।

**135. पूर्वी भारत के किस शहर का निर्माण मूलतः "साक्ची" के कामगारों के लिए किया गया था जिसका वर्तमान नाम है-**
**(A) बंडेल (B) जमशेदपुर**
(C) खड़गपुर (D) आसनसोल

R.R.B. जम्मू-श्रीनगर (Stenographer) परीक्षा, 2012

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-**जमशेदपुर का मूलतः नाम 'साक्ची' था। वर्ष 1919 में इसका पुनः नामकरण टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नुसर्वनजी टाटा की स्मृति में जमशेदपुर किया गया। जमशेदपुर रेलवे स्टेशन 'टाटा नगर' के नाम से जाना जाता है। जमशेदपुर भारत का नियोजित औद्योगिक शहर है।

**136. सबसे अधिक फारसी कहां रहते हैं?**
(A) ईरान (B) इराक
(C) भारत (D) सऊदी अरब

**R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-**इतिहास में ईरान को 'फारस' कहते थे। इसीलिए फारस में रहने वालों को फारसी कहते हैं। यद्यपि ईरान में वर्तमान में सभी इस्लाम धर्म के अनुयायी हैं। फारसी (पारसी) धर्म को मानने वाले सर्वाधिक भारत में रहते हैं।

**137. सागा दावा किस धर्म का पर्व है?**
(A) बौद्ध (B) इस्लाम
(C) जैन (D) हिन्दू

**R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2002**
**R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या-**जैनियों का पर्व क्षमावणी, इस्लाम के पर्व ईद एवं मुहर्रम तथा हिन्दुओं के पर्व दशहरा एवं दीपावली हैं। सागा दावा बौद्ध धर्म का पर्व है।

**138. निम्नलिखित में से कौन सा राज्य पहले नेफा (NEFA) के रूप में जाना जाता था?**
(A) नागालैण्ड (B) मणिपुर
(C) अरुणाचल प्रदेश (D) असम

**R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-**अरुणाचल प्रदेश को राज्य के रूप में आने के पूर्व 'नेफा' (NEFA) कहते थे।

**139. भारत में सर्वप्रथम नाभिकीय परीक्षण किस वर्ष किया गया था?**
(A) 1975 में (B) 1974 में
(C) 1973 में (D) 1977 में

**R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-**भारत 18 मई, 1974 को पोखरण (राजस्थान) में भूमिगत परमाणु विस्फोट कर आणविक शक्ति संपन्न राष्ट्र बना।

**140. भारत में प्रथम भूमिगत परमाणु विस्फोट कहां किया गया था?**
(A) श्री गंगानगर (B) जैसलमेर
(C) राजस्थान (D) पोखरण

**R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या-**उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

Scanned by CamScanner

141. महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर को हुआ था। भारत के एक अन्य महापुरुष का जन्म भी इसी तिथि को हुआ था– वह महापुरुष थे-
(A) सरदार पटेल (B) लाल बहादुर शास्त्री
(C) रबीन्द्रनाथ टैगोर (D) भगत सिंह
R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003

उत्तर–(B)

व्याख्या–लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर, 1904 को हुआ था जबकि महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर, 1869 को हुआ था।

142. भारत के चन्द्र मिशन को दिया गया नाम है-
(A) चन्द्रायन (B) चन्द्रयान
(C) चन्द्रयान-। (D) चन्द्र मिशन-।
R.R.B. गोरखपुर (E.S.M.) परीक्षा, 2009

उत्तर–(C)

व्याख्या– भारत के चन्द्र मिशन को 'चन्द्रयान-।' नाम दिया गया है। इसे 22 अक्टूबर, 2008 ई. को प्रातः 6.20 बजे श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया गया था जो 15 दिन की यात्रा के बाद 8 नवंबर को चन्द्रयान की कक्षा में पहुंचा तथा 30 अगस्त, 2009 तक सक्रिय रहा।

143. भारत की प्रथम महिला अंतरिक्ष यात्री थीं-
**(A) कल्पना चावला (B) भूमिका चावला**
**(C) कु. संतोष यादव (D) बुला चौधरी**
R.R.B. बंगलौर (T.C./C.C.)'मुख्य' परीक्षा, 2010

उत्तर–(A)

व्याख्या–कल्पना चावला का जन्म 17 मार्च, 1962 को हरियाणा के करनाल में हुआ था। वे प्रथम अमेरिकी-भारतीय महिला थीं, जिन्होंने अंतरिक्ष यात्रा की। वर्ष 1997 में कोलम्बिया स्पेस शटल से उन्होंने प्रथम उड़ान भरी थी। अपने दूसरे अभियान में स्पेस शटल कोलम्बिया के दुर्घटना-ग्रस्त होने से 1 फरवरी, 2003 को इनकी मृत्यु हो गई।

144. अन्तरिक्ष यात्री कल्पना चावला का जन्म हुआ था-
(A) अम्बाला में (B) मोदी नगर में
(C) लुधियाना में (D) करनाल में
R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2003

उत्तर–(D)

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

145. नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का जन्म-स्थान कहां है?
(A) बहरामपुर (B) कटक
(C) कोलकाता (D) पुरुलिया
R.R.B. रांची (Asst. Driv.) परीक्षा, 2003

उत्तर–(B)

व्याख्या–नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का जन्म 1897 ई. में उड़ीसा राज्य के कटक नामक नगर में हुआ था।

146. विशाखापत्तनम् प्रसिद्ध है-
(A) टेलीविजन सेट के लिए
(B) घड़ियों के लिए
(C) जहाज निर्माण के लिए
(D) हवाई जहाज निर्माण के लिए
R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003

उत्तर–(C)

व्याख्या–आन्ध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम् में स्थित हिन्दुस्तान शिपयार्ड में भारी जहाजों का निर्माण किया जाता है।

147. विश्व का सबसे बड़ा पशु मेला जो एक माह तक चलता है, कहां आयोजित होता है ?
(A) पुष्कर (B) नौचंदी
(C) सोनपुर (D) बालेश्वर
R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003

उत्तर–(C)

व्याख्या–सोनपुर उत्तरी बिहार में गंडक नदी के तट पर स्थित है। यहां विश्व का सबसे बड़ा एवं प्रसिद्ध पशु मेला लगता है। पुष्कर राजस्थान में स्थित प्रसिद्ध तीर्थ है, जहां ब्रह्मा जी का मंदिर है। नौचंदी मेरठ में स्थित है जहां मेला लगता है। यहां नौचंदी देवी का मंदिर है।

148. निम्न में से किस जानवर के चलते समय एक तरफ के अगले तथा पिछले अंग एक साथ गति करते हैं?
(A) जिराफ (B) नीलगाय
(C) हिरन (D) ऊंट
R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2010

उत्तर–(A)

व्याख्या–जिराफ ऐसा जानवर है जिसके चलते समय एक तरफ के अगले तथा पिछले पांव एक साथ गति करते हैं।

149. पशुधन में सबसे अधिक बहुप्रजनक जाति है–
(A) सफेद लेगहार्न कुक्कुट (B) सुअर
(C) ब्रेइलर (D) बकरियां एवं भेड़
R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(B)

व्याख्या–पशुधन में सबसे अधिक बहुप्रजनक जाति सुअर है। वर्तमान में सर्वाधिक संख्या में यह पशुधन चीन के पास है।

150. किस देश में पशुओं की संख्या सबसे अधिक है?
(A) अमेरिका (B) ऑस्ट्रेलिया
(C) भारत (D) डेनमार्क
R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2006

उत्तर–(C)

व्याख्या–भारत विश्व का सबसे अधिक पशुधन संख्या वाला देश है। यहां विश्व की कुल पशु संख्या के 16% पशु पाये जाते हैं।

151. असम का प्रतीक पशु है-
(A) सफेद चीता (B) हाथी
(C) एक सींग वाला गैंडा (D) शेर
R.R.B. बंगलौर (G.G.) परीक्षा, 2006

उत्तर–(C)

व्याख्या–असम का राजकीय पशु एक सींग वाला गैंडा है।



Scanned by CamScanner

152. सतीश गुजराल एक प्रसिद्ध........... है।
(A) पेंटर (B) वास्तुविद्
(C) वायलिन वादक (D) सितार वादक
R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003

उत्तर–(A)

व्याख्या–सतीश गुजराल एक प्रसिद्ध चित्रकार हैं, जो पूर्व प्रधानमंत्री इन्द्र कुमार गुजराल के भाई हैं।

153. निम्नलिखित में से कौन सा देश सार्क (SAARC) का सदस्य नहीं है।
(A) भूटान (B) बांग्लादेश
(C) म्यांमार (D) मालदीव
R.R.B. भुवनेश्वर (A.S.M.) परीक्षा, 2002

उत्तर–(C)

व्याख्या– म्यांमार, सार्क (SAARC) का सदस्य नहीं है। सार्क के सदस्य देशों में शामिल देश हैं–भारत, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, बांग्लादेश, मालदीव, श्रीलंका तथा नव प्रवेशी अफगानिस्तान।

154. कुट्टी शंकर व सुधीर धर में सर्वसामान्य गुण क्या है ?
(A) फिल्म निर्देशन (B) वाद्य संगीत
(C) शास्त्रीय नृत्य (D) कार्टून बनाना
R.R.B. गोरखपुर (A.S.M.) परीक्षा, 2002
R.R.B. चेन्नई (A.S.M./T.A./C.A./G.G.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(D)

व्याख्या–कुट्टी शंकर व सुधीर धर दोनों प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट हैं।

155. ग्रुप ऑफ - 7 (जी-7) बना था?
(A) 1980 में (B) 1985 में
(C) 1975 में (D) 1988 में
R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2002
R.R.B. गोरखपुर (T.C./C.C./G.G.) परीक्षा, 2008

उत्तर–(C)

व्याख्या–जी–7 विकसित देशों का संगठन है। इसका गठन वर्ष 1975 में हुआ था। गठन के समय 7 विकसित देश – अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली एवं जापान इसके सदस्य थे। रूस के शामिल हो जाने से इसकी संख्या 8 हो गई है। इसमें राजनीतिक एवं आर्थिक मुद्दों पर विचार किया जाता है।

156. एमनेस्टी इंटरनेशनल है–
(A) मानवाधिकार समूह
(B) क्रोएशिया का एक रिफ्यूजी कैम्प
(C) विश्व बैंक की एक शाखा
(D) वैश्विक आतंकवाद से लड़ने वाली संयुक्त राष्ट्र की एक एजेन्सी
R.R.B. बंगलौर (G.G.) परीक्षा, 2003

उत्तर–(A)

व्याख्या–एमनेस्टी इंटरनेशनल मानव अधिकारों की सुरक्षा करने वाला एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है, जिसका मुख्यालय लंदन में स्थित है। इसे वर्ष 1977 में नोबेल शान्ति पुरस्कार प्राप्त हुआ था। इसकी स्थापना वर्ष 1916 में की गई थी।

157. 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' का मुख्यालय कहां है?
(A) लंदन में (B) जेनेवा में
(C) न्यूयॉर्क में (D) पेरिस में
R.R.B. महेन्द्रूघाट (T.C./C.C./J.C.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(A)

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

158. अन्तर्राष्ट्रीय सर्वक्षमा (Amnesty International)-
(A) एक मानव अधिकार समूह है
(B) क्रोशिया में एक शरणार्थी छावनी है
(C) विश्व बैंक का एक खण्ड है
(D) विश्व आतंकवाद से लड़ने के लिए राष्ट्र संघ का एक अभिकरण है
R.R.B. कोलकाता (T.A./A.S.M.) परीक्षा, 2001
R.R.B. चंडीगढ़ (A.S.M.) परीक्षा, 2004

उत्तर–(A)

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

159. वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के ध्वस्त होने के समय न्यूयॉर्क शहर के मेयर कौन थे?
(A) हिलेरी क्लिंटन (B) रुडि गुलियानी
(C) बिल ब्रैटॉन (D) जार्ज रम्सफील्ड
(E) कोलिन पॉवेल
R.R.B. कोलकाता, भुवनेश्वर (T.A.) परीक्षा, 2002

उत्तर–(B)

व्याख्या–वर्ल्ड ट्रेड सेंटर 11 सितम्बर, 2001 को अल–कायदा के आतंकवादियों द्वारा ध्वस्त किया गया था। उस समय रुडि गुलियानी न्यूयॉर्क के मेयर थे।

160. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा निधि स्थित है :
(A) जेनेवा में (B) न्यूयॉर्क में
(C) लंदन में (D) वाशिंगटन में
R.R.B. इलाहाबाद (T.C./Tr.Clerk.) परीक्षा, 2013

उत्तर–(D)

व्याख्या–'अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा निधि' (International Monetary Fund-IMF) की स्थापना ब्रेटन वुड्स सम्मेलन, 1944 के द्वारा 29 सदस्य देशों के साथ वर्ष 1945 में हुई। वर्तमान में 188 देश इस संगठन के सदस्य हैं। इसका मुख्यालय वाशिंगटन डी.सी. (संयुक्त राज्य अमेरिका) में स्थित है।

161. वसुन्धरा राजे भारत की वर्तमान ............... हैं।
(A) स्माल स्केल इन्डस्ट्री राज्य मंत्री
(B) कृषि राज्य मंत्री
(C) कोयला राज्य मंत्री
(D) स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण राज्य मंत्री
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं
R.R.B. कोलकाता, भुवनेश्वर (T.A.) परीक्षा, 2002

उत्तर–(E)

व्याख्या–वर्तमान में वसुन्धरा राजे राजस्थान राज्य की मुख्यमंत्री हैं।


Scanned by CamScanner

**162. राष्ट्रीय आहार संस्थान कहां स्थित है ?**

(A) चेन्नई (B) बंगलौर
(C) नई दिल्ली (D) हैदराबाद
(E) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–**'राष्ट्रीय आहार संस्थान' (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रीशन) हैदराबाद में है।

**163. वाला और यू.एस.एस.आर. द्वारा सर्वप्रथम छोड़ा गया भू-उपग्रह कौन-सा था ?**

(A) स्पूतनिक (B) रोहिणी
(C) अपोलो (D) एसएलवी–3

**R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–**सर्वप्रथम 4 अक्टूबर, 1957 को यू.एस.एस.आर. ने वृत्ताकार आकृति वाला भू–उपग्रह स्पूतनिक छोड़ा। यू.एस.एस.आर. की ही श्रीमती वेलेंटीना तेरेस्कोवा प्रथम महिला अन्तरिक्ष यात्री बनीं।

**164. लंदन किस नदी के किनारे अवस्थित है ?**

(A) टेम्स (B) राइन
(C) एवन (D) क्लायडे

**R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–**जर्मनी का बोन शहर राइन नदी के किनारे स्थित है। लंदन टेम्स नदी के किनारे स्थित है।

**165. यूनेस्को का मुख्यालय है ?**

(A) पेरिस में (B) न्यूयॉर्क में
(C) लिस्बन में (D) जेनेवा में

**R.R.B. मुंबई, भोपाल (G.G.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–**यूनेस्को का मुख्यालय पेरिस में है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मुख्यालय जेनेवा में, यूनीसेफ का मुख्यालय न्यूयॉर्क में है।

**166. औद्योगिक विष विज्ञान अनुसंधान केन्द्र कहां स्थित है?**

(A) देहरादून (उत्तरांचल)
(B) लखनऊ (उत्तर प्रदेश)
(C) नागपुर (महाराष्ट्र)
(D) मैसूर

**R.R.B. मुंबई, भोपाल (G.G.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या–**औद्योगिक विष विज्ञान अनुसंधान केन्द्र तथा राष्ट्रीय औषधि शोध संस्थान लखनऊ में स्थित हैं।

**167. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है ?**

(A) इंग्लैण्ड–स्टर्लिंग (B) वेटिकन सिटी–लीरा
(C) सउदी अरब–रियाल (D) स्वीडन–मार्क
(E) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. कोलकाता, (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या–**इटली की मुद्रा का नाम 'लीरा' है।

**168. राष्ट्रीय राजमार्ग 7 किस-किस को जोड़ता है?**

(A) वाराणसी – कन्याकुमारी (B) कोलकाता – मुंबई
(C) मुंबई – चेन्नई (D) आगरा – मुंबई

**R.R.B. कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–**राष्ट्रीय राजमार्ग - 7 (National Highway - 7) भारत का सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग है, जो उ.प्र., म.प्र., महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक तथा तमिलनाडु से गुजरता है। इसकी लंबाई 2369 किमी. है। यह वाराणसी से जबलपुर, नागपुर, हैदराबाद, बंगलौर तथा मदुरै होते हुए कन्याकुमारी को जोड़ता है।

**169. 'तकनीकी शहर' के नाम से जाना जाता है-**

(A) बंगलौर (B) अहमदाबाद
(C) लखनऊ (D) हैदराबाद

**R.R.B. रांची (A.S.M./G.G.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–**'तकनीकी शहर', 'भारत का सिलिकॉन वैली' आदि बंगलुरू (बंगलौर) के उपनाम हैं।

**170. राष्ट्रीय पर्यावरण अनुसंधान संस्थान कहां पर अवस्थित है?**

(A) देहरादून (B) जयपुर
(C) नागपुर (D) नई दिल्ली

**R.R.B. इलाहाबाद (C.C.) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या–**'राष्ट्रीय पर्यावरण अनुसंधान संस्थान' (नीरी–NEERI) जिसे 'राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी संस्थान' भी कहा जाता है, की स्थापना भारत सरकार द्वारा वर्ष 1958 में नागपुर में की गई थी।

**171. यदि 'गोलकोंडा किला देखना चाहते हैं, तो निम्नलिखित में से किस राज्य में आपको जाना पड़ेगा?**

(A) उत्तर प्रदेश (B) कर्नाटक
(C) आंध्र प्रदेश (D) बिहार

**R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या–**गोलकोंडा किले का निर्माण कुतुबशाही वंश के राजाओं द्वारा आंध्र प्रदेश में कराया गया था। अतः इसे देखने के लिए आंध्र प्रदेश जाना पड़ेगा।

**172. कलकत्ता और आगरा के बीच पहली टेलीग्राफ लाइन की शुरुआत कब हुई?**

(A) 1852 (B) 1853
(C) 1854 (D) 1855

**R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2006**
**R.R.B. इलाहाबाद (E.C.R.C.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(C)**



Scanned by CamScanner

व्याख्या–भारत में टेलीग्राफ लाइन का निर्माण विलियम शागुनेशी के दिमाग की उपज थी। इन्हीं के प्रयासों से वर्ष 1851 में कलकत्ता में 27 मील लम्बी तथा 3 वर्ष बाद वर्ष 1854 में कलकत्ता से आगरा तक 800 मील लम्बी टेलीग्राफ लाइन का संचालन संभव हो सका।

**173. नेशनल केमिकल लैबोरेटरी (राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला) कहां स्थित है?**

(A) नई दिल्ली में (B) बंगलौर में
(C) पुणे में (D) चेन्नई में

**R.R.B. मुंबई (T.A./C.A.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या–'राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला' (NCL-National Chemical Laboratory) की स्थापना वर्ष 1950 में महाराष्ट्र के पुणे नगर में की गई थी।

**174. गेल्डा मायर कहां की महिला प्रधानमंत्री थीं?**

(A) इंग्लैण्ड (B) फ्रांस
(C) श्रीलंका (D) इजराइल

**R.R.B. कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2006**
**R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(D)**

व्याख्या–गोल्डा मायर इजराइल की महिला प्रधानमंत्री थीं, जो 17 मार्च, 1969 से 3 जून, 1974 ई. के मध्य इजराइल की चौथी प्रधानमंत्री रहीं।

**175. हमारे राष्ट्रीय कैलेंडर की पहली तिथि ग्रिगोरियन कैलेंडर की किस तारीख के अनुरूप है?**

(A) 22 मार्च,1950 (B) 1 अप्रैल, 1950
(C) 22 मार्च,1957 (D) 1 जनवरी, 1950

**R.R.B. इलाहाबाद (A.C./C.C./T.C.) परीक्षा, 2006**
**R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या–हमारे राष्ट्रीय कैलेंडर की पहली तिथि ग्रिगोरियन कैलेंडर की तारीख 22 मार्च, 1957 के अनुरूप है।

**176. अब कौन-सा कैलेण्डर दुनिया भर में सर्वमान्य है?**

(A) जूलियन (B) ग्रिगोरियन
(C) रोमन (D) शक

**R.R.B. सिकन्दराबाद (E.C.R.C.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या–दुनिया भर में सर्वमान्य कैलेण्डर ग्रिगोरियन कैलेण्डर है जो 1 जनवरी से प्रारम्भ होकर 31 दिसम्बर को समाप्त होता है।

**177. भारत का सबसे बड़ा सभा भवन षणमुखानंद हॉल कहां स्थित है?**

(A) कोलकाता (B) मुंबई
(C) दिल्ली (D) बंगलौर

**R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या–सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए मुंबई में निर्मित षणमुखानंद सभा एक संगठन है। इस संगठन द्वारा आयोजित संगीत समारोहों को मुंबई के जिस हॉल में सम्पन्न किया जाता है उसे षणमुखानंद हाल की संज्ञा दी गई है। वर्तमान में यह हॉल एशिया में सबसे बड़ा है।

**178. सुमेलित कीजिए -**

| | |
|---|---|
| 1. तमिलनाडु | (a) भोगाली बिहु |
| 2. पश्चिम बंगाल | (b) ओणम |
| 3. केरल | (c) सरहुल |
| 4. असम | (d) डोल पूर्णिमा |
| | (e) पोंगल |

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | b | c | a | d |
| (B) | a | d | b | c |
| (C) | d | c | b | a |
| (D) | e | d | b | a |

**R.R.B. रांची (C.C./T.C./J.C.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(D)**

व्याख्या–उपर्युक्त त्योहारों को मनाने वाले क्षेत्र इस प्रकार हैं-

| | | |
|---|---|---|
| भोगाली बिहु | - | असम |
| ओणम | - | केरल |
| सरहुल | - | छोटा नागपुर क्षेत्र |
| डोल पूर्णिमा | - | प. बंगाल |
| पोंगल | - | तमिलनाडु |

अतः सही विकल्प (D) है।

**179. बिजली एवं विक्रम क्या है?**

(A) थ्री व्हीलर (B) फोर व्हीलर
(C) विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. भोपाल (S.C./E.C.R.C.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या–बिजली एवं विक्रम एक थ्री व्हीलर है, जिसकी डिजाइन स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड ने तैयार की है।

**180. खोरदाद साल किसका उत्सव है?**

(A) जैनों का (B) पारसियों का
(C) सिखों का (D) बौद्ध धर्मावलंबियों का

**R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या–खोरदाद साल उत्सव पारसी धर्म के संस्थापक जरथुस्ट्र के जन्म दिवस के रूप में अगस्त-सितंबर माह में मनाया जाता है।

**181. केन्द्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान कहां स्थित है?**

(A) कोलकाता (B) चेन्नई
(C) आगरा (D) कानपुर

**R.R.B. इलाहाबाद (G.G./E.C.R.C.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या–'केन्द्रीय चर्म अनुसंधान संस्थान' अडयार चेन्नई में स्थित है। यह 'वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद' (CSIR) का अंश है।

**182. भारत वर्ष में एस.टी.डी. सेवा कब से शुरू हुई?**

(A) 1960 ई.से (B) 1958 ई.से
(C) 1974 ई.से (D) 1952 ई.से

**R.R.B. मुंबई (A.S.M.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(A)**


Scanned by CamScanner

व्याख्या–भारत में एस.टी.डी. (S.T.D.-Subscribers Trunk Dial) सेवा सर्वप्रथम वर्ष 1960 में कानपुर-लखनऊ के मध्य शुरू हुई। वर्ष 1952 में कलकत्ता में प्रथम टेलीग्राफ आफिस खुला वर्ष 1974 में प्रथम परमाणु परीक्षण किया गया।

**183. 1 नवम्बर, 1956 को गठित होने के पश्चात आन्ध्र प्रदेश का प्रथम राज्यपाल कौन था?**

(A) मेजर जनरल चौधरी (B) सी.एम. त्रिवेदी
(C) ए.एल. खोसला (D) एम.ए. वेलोदी

**R.R.B. इलाहाबाद (G.G./E.C.R.C.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या**–श्री सी.एम. त्रिवेदी 1 नवम्बर, 1953 से 31 जुलाई, 1957 ई. तक आंध्र प्रदेश के प्रथम राज्यपाल रहे। 1 अगस्त, 1957 से 7 सितम्बर, 1962 ई. तक श्री भीमसेन सच्चर आंध्र प्रदेश के राज्यपाल (द्वितीय) रहे। स्पष्ट है कि 1 नवम्बर, 1956 ई. को श्री त्रिवेदी ही आंध्र प्रदेश के राज्यपाल थे।

**184. 'आंसुओं का द्वार' के नाम से जाना जाता है-**

(A) स्कॉटलैंड (B) क्यूबा
(C) बाब-ऊद-मंदब (D) ल्हासा (तिब्बत)

**R.R.B. रांची (A.S.M./G.G.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या**–बाब-ऊद-मंदब अर्थात् 'आंसुओं का द्वार' हिंद महासागर व लाल सागर को जोड़ने वाली एक जल-संधि है, जो एशिया व अफ्रीका महाद्वीपों को एक-दूसरे से अलग करती है। अरब तट पर स्थित रास मेनहेली तथा अफ्रीका के रास सियान के बीच स्थित इस जल-संधि की लंबाई 30 किलोमीटर है।

**185. हमारा राष्ट्रीय गीत लिया गया है-**

(A) बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखे गए लेख भारत विधाता से
(B) रबीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा सम्पादित पत्रिका तत्त्व-बोधिनी से
(C) बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय के उपन्यास दुर्गेश नन्दिनी से
(D) बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय के उपन्यास आनन्द मठ से

**R.R.B. भुवनेश्वर (C.C./T.C./E.C.A.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या**–भारत का राष्ट्रीय गीत-'वन्दे मातरम्' बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय विरचित आनन्द मठ से लिया गया है। इस गीत को सर्वप्रथम वर्ष 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 12वें वार्षिक अधिवेशन में गाया गया था। इस गीत की रचना संस्कृत में की गई थी।

**186. भारत का राष्ट्रीय गीत है–**

(A) सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा
(B) जन–गण–मन अधिनायक जय हे भारत भाग्यविधाता
(C) जय जन भारत जन मन अभिमत
(D) वंदे मातरम्

**R.R.B. अहमदाबाद (Stenographer) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या**–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**187. 'वंदे मातरम् ' गीत लिखा था-**

(A) जय प्रकाश नारायण (B) रबीन्द्रनाथ टैगोर
(C) बिरसा मुण्डा (D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. भोपाल (S.C./E.C.R.C.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या**–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**188. मुहम्मद इकबाल के गीत 'सारे जहां से अच्छा' को किसने संगीतबद्ध किया?**

(A) रबीन्द्रनाथ टैगोर (B) अबनीन्द्रनाथ टैगोर
(C) पंडित रविशंकर (D) चितलकर रामचन्द्र

**R.R.B. कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या**– मुहम्मद इकबाल के गीत 'सारे जहां से अच्छा' को वर्ष 1950 में पं. रविशंकर ने संगीतबद्ध किया तथा लता मंगेशकर ने इसे गाया था। मुहम्मद इकबाल का यह गीत साप्ताहिक-पत्र 'इत्तेहाद' में 16 अगस्त, 1904 को प्रकाशित हुआ था।

**189. पाकिस्तान के अधिकार वाले कश्मीर (POK) शहर की राजधानी कहां है?**

(A) उरी (B) श्रीनगर
(C) मुजफ्फराबाद (D) बालाकोट

**R.R.B. सिकंदराबाद (E.C.R.C.) परीक्षा, 2005**
**R.R.B. इलाहाबाद (J.C.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या**–पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की राजधानी मुजफ्फराबाद है। यह शहर झेलम और नीलम नदी के तट पर अवस्थित है।

**190. 'आनन्द वन' एक कुष्ठ पुनर्वास केन्द्र की स्थापना किस सामाजिक कार्यकर्ता ने की?**

(A) बाबा आम्टे (B) मेधा पाटेकर
(C) बिनोवा भावे (D) स्वामी दयानंद

**R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या**–महाराष्ट्र में नागपुर के निकट 'आनन्द वन' नामक कुष्ठ पुनर्वास केन्द्र की स्थापना प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता बाबा आम्टे (मुरलीधर देवीदास आम्टे) ने की।

**191. बीरबल साहनी क्या थे?**

(A) प्राणी विज्ञानी (B) CDRT के संस्थापक
(C) यात्री विज्ञानी (D) वनस्पति विज्ञानी

**R.R.B. महेन्द्रूघाट (T.A./C.A./E.C.R.C.)परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या**–बीरबल साहनी वनस्पति शास्त्र की एक शाखा पैलियोबॉटनी से संबद्ध थे। उन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप के जीवाश्मों का विस्तृत अध्ययन किया। उन्होंने बीरबल साहनी बोटॉनिकल इंस्टीट्यूट, लखनऊ की स्थापना की।

Scanned by CamScanner

**192. जमशेदजी टाटा थे-**

(A) टाटा लौह और इस्पात उद्योग के संस्थापक
(B) बंगलुरू में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के संस्थापक
(C) जिन्होंने मुंबई में ताज होटल बनवाया
(D) सभी सही हैं

**R.R.B. इलाहाबाद (J.C.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या-** जमशेदजी टाटा का जन्म 3 मार्च, 1839 को नवसाटी (गुजरात) के एक पारसी परिवार में हुआ था। वे टाटा लौह और इस्पात उद्योग, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बंगलुरू तथा ताज होटल के संस्थापक थे। इसके अतिरिक्त टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च के भी संस्थापक थे।

**193. भारत का प्रथम स्टील प्रोजेक्ट शहर स्थापित किया गया-**

(A) भिलाई में (B) कोलकाता में
(C) जमशेदपुर में (D) बोकारो में

**R.R.B. कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-**टाटा स्टील ने जमशेदपुर में भारत के प्रथम लौह एवं स्टील संयंत्र की स्थापना की थी। इस संयंत्र ने वर्ष 1912 में उत्पादन कार्य शुरू किया था।

**194. सूचना प्रौद्योगिकी में एच.टी.एम.एल. का क्या अर्थ है?**

(A) Hybrid Text Mark up Language
(B) Hyper Text Mark up Language
(C) Human Text Mark up Language
(D) High Text Mark up Language

**R.R.B. इलाहाबाद (A.C./C.C./T.C.) परीक्षा,2006**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-(HTML) Hyper Text Mark up Language** का संक्षिप्ताक्षर है। इसका प्रयोग वेब पन्नों को बनाने में किया जाता है।

**195. DRDA शब्द का पूर्ण रूप होगा-**

(A) District Rural Development Authorities.
(B) Defence Research Development Authorities.
(C) Defence Research Development Agencies.
(D) District Rural Development Agencies.

**R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या-**'जिला स्तर पर निर्धनता विरोधी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की प्रमुख संस्था 'जिला ग्रामीण विकास एजेंसी' (DRDA-District Rural Development Agencies) है। इसे संक्षेप में DRDA के नाम से जाना जाता है।

**196. सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट कहां स्थित है?**

(A) बंगलौर (B) हैदराबाद
(C) चेन्नई (D) पिलानी

**R.R.B. इलाहाबाद (A.C./C.C./T.C.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या-**वर्ष 1953 में स्थापित सेन्ट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीरी) पिलानी, राजस्थान में स्थित है। यह इंस्टीट्यूट कांउसिल ऑफ सांइटिफिक एण्ड इंडस्ट्रियल रिसर्च (CSIR) की एक संघटक प्रयोगशाला है, जो मुख्यतः अर्धचालक युक्तियां, इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियों एवं इलेक्ट्रॉनिक नलिकाओं के क्षेत्र में शोध एवं विकास कार्य में संलग्न है।

**197. निम्नलिखित में से प्रथम भारतीय कौन है जो फॉर्मूला वन लीग में शामिल हुआ है?**

(A) करुण चंढोक (B) नारायण कार्तिकेयन
(C) कासम खान (D) एन. अनबु

**D.M.R.C. (स्टेशन प्रबंधक) परीक्षा, 2005**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-**फॉर्मूला वन लीग में शामिल होने वाले प्रथम भारतीय कुमार राम नारायण कार्तिकेयन हैं। वर्तमान समय में वह हिस्पेनिया रेसिंग टीम में हैं। वर्ष 2005 में जॉर्डन की फॉर्मूला वन टीम के साथ अपने कॅरियर की शुरुआत करने वाले कार्तिकेयन ने ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स में पहली बार हिस्सा लिया था।

**198. यदि शुतुरमुर्ग विश्व का सबसे बड़ा पक्षी है, तो दूसरा सबसे बड़ा पक्षी है-**

(A) कीवी (B) रीआ
(C) एमु (D) डोडो

**R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-**ऑस्ट्रेलिया में पाया जाने वाला 'एमु' शुतुरमुर्ग के बाद विश्व का दूसरा सबसे बड़ा पक्षी है। आकार में यह 2 मीटर लम्बा होता है। एमु 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ सकता है।

**199. गुजरात में 'आनंद' किसलिए प्रसिद्ध है?**

(A) दुग्ध उत्पादन (B) ऊनी वस्तुएं
(C) मधुबनी चित्रकला (D) कलमकारी कार्य

**R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या-**गुजरात स्थित 'आनंद' भारत की दुग्ध राजधानी के रूप में प्रसिद्ध है। इस शहर को यहां स्थित अमूल डेयरी व दुग्ध क्रांति की स्थली के रूप में जाना जाता है। भारत का राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड भी इसी शहर में स्थित है।

**200. 'बिहार' ने अपना नाम किससे ब्युत्पन्न किया?**

(A) स्तूप (B) मनोरंजन स्थल
(C) बौद्ध पूजा भवन (D) बौद्ध मठ

**R.R.B. महेन्द्रूघाट (T.A./C.A./E.C.R.C.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या-**बिहार राज्य का नाम यहां बौद्ध मठों या बौद्ध विहारों की बहुलता के कारण 'बिहार' पड़ा।

**201. विद्युत बैट्री का आविष्कार किसने किया?**

(A) वोल्टा (B) दैवी
(C) फैराडे (D) न्यूटन

**R.R.B. भोपाल (S.C./E.C.R.C.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर-(A)**



Scanned by CamScanner

व्याख्या–इटली के प्रसिद्ध भौतिकशास्त्री अलेसांड्रो वोल्टा ने 1800 ई. में विद्युत बैट्री का आविष्कार किया।

**202. राजा रवि वर्मा थे-**

(A) एक प्रसिद्ध राजा (B) तबला वादक
(C) शास्त्रीय गायक (D) चित्रकार

**R.R.B. कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(D)**

व्याख्या–राजा रवि वर्मा एक प्रसिद्ध चित्रकार थे। महाभारत व रामायण के दृश्यों को तूलिका के माध्यम से कैनवस पर उकेरने में उन्हें महारत हासिल थी।

**203. चन्द्रमा पर उतरने वाला पहला व्यक्ति कौन था?**

(A) नील आर्मस्ट्रांग (B) एडविन
(C) यूरी गॉगरिन (D) जॉन कोलींस

**R.R.B. कोलकाता (T.C.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या–सर्वप्रथम 21 जुलाई, 1969 को अमेरिका के दो अन्तरिक्ष यात्री-नील आर्मस्ट्रांग तथा एडविन एल्ड्रिन, अपोलो - 11 की योजना के अंतर्गत इस यान से चन्द्रमा पर उतरे। चन्द्रमा पर प्रथम कदम नील आर्मस्ट्रांग ने रखे थे।

**204. चन्द्रमा पर पहुंचने वाला प्रथम मनुष्य सहित यान कौन था?**

(A) लूना (B) जोन्ड 5
(C) अपोलो 11 (D) अपोलो 12

**R.R.B. बंगलौर (G.G.) परीक्षा,2006**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**205. मनुष्य पहली बार चन्द्रमा पर किस वर्ष उतरा था?**

(A) 1960 ई.में (B) 1969 ई.में
(C) 1970 ई.में (D) 1971 ई.में

**R.R.B. बंगलौर (T.C./C.C.) 'मुख्य' परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(b)**

व्याख्या–मनुष्य ने पहली बार 20 जुलाई, 1969 ई. को चन्द्रमा पर कदम रखा। यह उपलब्धि संयुक्त राज्य अमेरिका के द्वारा हासिल की गई, जिसने अपोलो 11 के द्वारा सफलता प्राप्त की।

**206. संसार की जलयात्रा करने वाला प्रथम व्यक्ति कौन था?**

(A) मैगेलन (B) कैप्टन कुक
(C) एमंडसन (D) रॉबर्ट पियरे

**R.R.B. जम्मू (A.S.M.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या–संसार की समुद्री यात्रा करने वाला प्रथम व्यक्ति पुर्तगाली नाविक फर्डिनेंड मैगेलन था। उसके द्वारा यह यात्रा 'मसालों के द्वीप' नाम से जाना जाने वाला इंडोनेशिया के लिए पश्चिमी जलमार्ग का पता लगाने के क्रम में की गई। इसी जलयात्रा के दौरान फिलीपीन्स में मैक्टन के युद्ध में उसकी हत्या कर दी गयी।

**207. 'गोतुल' क्या है?**

(A) रांची की जनजाति (B) हिमाचल प्रदेश की जनजाति
(C) नागालैंड की जनजाति (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**R.R.B. भोपाल (S.C./E.C.R.C.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(D)**

व्याख्या–'गोतुल' बस्तर में अधिवासित मुड़िया गोंड जनजाति में प्रचलित एक प्रथा है। इस प्रथा के तहत इस जनजाति के 9 से 12 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियां संयुक्त शयनशालाओं में एक साथ तब तक रहने के लिए स्वतंत्र हैं जब तक कि वे अपनी विवाह योग्य उम्र में विवाह नहीं कर लेते। यहां वयस्कों का रहना निषिद्ध है।

**208. नई दिल्ली शहर के रूपांकन में निम्न में से कौन शामिल था?**

(A) एडवर्ड ल्यूटिएंस और एडवर्ड बेकर
(B) आर.एफ. चिशोल्म और एच. इरिविन
(C) एफ.एस. ग्राउसे और एग्क
(D) जी.विटेट और स्विनफॉन जैकब

**R.R.B. महेन्द्रूघाट (T.A./C.A./E.C.R.C.)परीक्षा,2006**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या–भारत के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र नई दिल्ली का रूपांकन प्रसिद्ध वास्तुकार सर एडविन ल्यूटिएंस तथा एडवर्ड बेकर द्वारा किया गया। नई दिल्ली की चौड़ी व सममित सड़कों से ऐतिहासिक स्मारक स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होते हैं।

**209. केरल का कोट्टाकल चिकित्सा की किस पद्धति के लिए जाना जाता है?**

(A) योग (B) यूनानी
(C) आयुर्वेद (D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. महेन्द्रूघाट (T.A./C.A./E.C.R.C.)परीक्षा,2006**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या–वर्ष 1902 में वैद्यरत्नम् पी.एस. वारियर द्वारा स्थापित कोट्टाकल आर्य वैद्यशाला एक आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र है। इस चिकित्सा केंद्र से संबद्ध दो अस्पताल केरल तथा दिल्ली में स्थित हैं।

**210. सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है-**

(A) चीन (B) भारत
(C) कनाडा (D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. बंगलौर (G.G.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या–दक्षिण एशियाई देश भारत, विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। 26 जनवरी, 1950 को इस देश द्वारा अपना संविधान लागू किया गया।

**211. मुगल गार्डन किस शहर में स्थित है?**

(A) मसूरी (B) नई दिल्ली
(C) श्रीनगर (D) चंडीगढ़

**R.R.B. सिकंदराबाद (E.C.R.C.) परीक्षा,2005**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या–प्रसिद्ध मुगल गार्डन भारत के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में स्थित राष्ट्रपति भवन में अवस्थित है। इस बगीचे का डिजाइन सर एडविन ल्यूटिएंस द्वारा लेडी हार्डिंग के लिए किया गया था। इसकी गणना दिल्ली के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में की जाती है।

Scanned by CamScanner

212. 'सागर विश्वविद्यालय' का नाम बदलकर कौन सा विश्वविद्यालय कर दिया गया है?

(A) गौड़ विश्वविद्यालय

(B) राजीव गांधी विश्वविद्यालय

(C) दक्षिणेश्वर विश्वविद्यालय

(D) डॉ. हरि सिंह गौड़ विश्वविद्यालय

R.R.B. भोपाल (S.C./E.C.R.C.) परीक्षा, 2006

उत्तर-(D)

व्याख्या-'सागर विश्वविद्यालय' का नाम बदलकर 'डॉक्टर हरि सिंह गौड़ विश्वविद्यालय' कर दिया गया है। ध्यातव्य है कि डॉ. हरि सिंह गौड़ ने 18 जुलाई, 1946 को मध्य प्रदेश के इस सबसे पुराने व सबसे बड़े विश्वविद्यालय की स्थापना अपने निजी बचत के पैसों से की थी।

213. भारत में प्रथम योग विश्वविद्यालय की स्थापना कहां हुई थी?

(A) बोधगया में (B) मुंबई में

(C) मुंगेर में (D) कोलकाता में

R.R.B. चंडीगढ़ (T.A./C.A./E.C.R.C.)परीक्षा, 2006

उत्तर-(C)

व्याख्या-बिहार के मुंगेर जिले में स्वामी श्री सत्यानन्द सरस्वती ने भारत के प्रथम योग विश्वविद्यालय की स्थापना की।

214. ...... को Nightingle of India (नाइटिंगल ऑफ इण्डिया) भी कहते हैं।

(A) एम.एस. सुब्बालक्ष्मी (B) नूरजहां

(C) सरोजिनी नायडू (D) आशा भोंसले

R.R.B. इलाहाबाद (G.G./E.C.R.C.) परीक्षा, 2005

उत्तर-(C)

व्याख्या-सरोजिनी नायडू (1879-1949 ई.) को 'द नाइटिंगल ऑफ इण्डिया' (भारत कोकिला) के नाम से जाना जाता है। इंडियन नेशनल कांग्रेस की प्रथम भारतीय महिला अध्यक्ष बनने का गौरव हासिल करने वाली श्रीमती नायडू स्वतंत्र भारत की प्रथम महिला राज्यपाल (उत्तर प्रदेश की) भी थीं।

215. "भारत की कोकिला' (नाइटिंगल) के रूप में कौन प्रसिद्ध हैं?

(A) आशा भोंसले (B) बेगम अख्तर

(C) सरोजिनी नायडू (D) विजयलक्ष्मी पंडित

R.R.B. जम्मू (C.C.) परीक्षा, 2006

R.R.B. गोरखपुर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2006

उत्तर-(C)

व्याख्या-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

216. 18 कैरेट सोने में खरे सोना का अनुपात .......... होता है।

(A) 60% (B) 75%

(C) 80% (D) 89%

R.R.B. भोपाल (S.C./E.C.R.C.) परीक्षा, 2006

R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2006

R.R.B. इलाहाबाद (असि. लोको पाय.) परीक्षा, 2007

उत्तर-(B)

व्याख्या-सोना अपने शुद्धतम रूप में अत्यंत ही नाजुक होता है। अतः आभूषण आदि बनाने के लिए इसका प्रयोग मिश्रधातु के रूप में किया जाता है। इन मिश्र धातुओं में सोने का अंश पता करने के लिए 'कैरेट' शब्द का प्रयोग किया जाता है। कैरेट का अर्थ होता है- 1/24 अर्थात 24 भाग में 1 भाग। अतः 18 कैरट सोने का अर्थ होता है- 18/24 अर्थात 24 में 18 भाग अर्थात 3/4 = 75% खरा सोना।

217. स्वर्ण की शुद्धता को किस इकाई से व्यक्त किया जाता है?

(A) कैरेट (B) पौंड

(C) माइक्रोन (D) ग्राम

R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2005

उत्तर-(A)

व्याख्या-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

218. 1 किलोबाइट्स बराबर है-

(A) 1024 बाइट्स (B) 1048 बाइट्स

(C) 1084 बाइट्स (D) 1000 बाइट्स

R.R.B. इलाहाबाद (A.C./C.C./T.C.) परीक्षा, 2006

उत्तर-(A)

व्याख्या-

| | | |
|---|---|---|
| 1 किलोबाइट | = | $10^3$ बाइट्स |
| 1 मेगाबाइट | = | $10^6$ बाइट्स |
| 1 गीगाबाइट | = | $10^9$ बाइट्स |
| 1 टेराबाइट | = | $10^{12}$ बाइट्स |
| 1 पेटाबाइट | = | $10^{15}$ बाइट्स |
| 1 एक्साबाइट | = | $10^{18}$ बाइट्स |

एक किलोबाइट की माप $10^3$ बाइट्स अर्थात 1000 बाइट्स के बराबर है। किंतु इसे 2 के गुणक के रूप में होना चाहिए अर्थात् 2x2x2.....इस स्थिति में 1000 के स्थान पर 1024 बाइट्स न्यूनतम संख्या होगी जो 1 किलोबाइट के बराबर होगी।

219. भारत में 'डेयरी रिसर्च सेन्टर' कहां है?

(A) करनाल (B) आनन्द

(C) मथुरा (D) चंडीगढ़

R.R.B. भोपाल (S.C./E.C.R.C.) परीक्षा, 2006

उत्तर-(A)

व्याख्या-भारत में 'डेयरी रिसर्च सेन्टर' करनाल में स्थित है।

220. ECO मार्क किससे संबंधित है?

(A) पर्यावरण (B) सोना उत्पादन

(C) खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता (D) इनमें से कोई नहीं

R.R.B. भोपाल (S.C./E.C.R.C.) परीक्षा, 2006

उत्तर-(A)

व्याख्या-ECO मार्क किसी वस्तु का पर्यावरणीय दृष्टि से अहानिकारक होने का प्रमाण है।

221. निम्न में से कहां केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान केन्द्र (Central Food Technological Research Institute) स्थित है?

(A) लखनऊ (B) रांची

(C) हैदराबाद (D) मैसूर

R.R.B. सिकंदराबाद (E.C.R.C.) परीक्षा, 2006

उत्तर-(D)

व्याख्या-वर्ष 1950 में स्थापित 'केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान केन्द्र' मैसूर में स्थित है।



Scanned by CamScanner

222. 'वर्जिन एयरलाइंस' किस देश का है?

(A) यू.एस.ए. (B) मिस्र
(C) स्वीडन (D) ब्रिटेन

R.R.B. रांची (A.S.M./G.G.) परीक्षा, 2006

उत्तर-(D)

व्याख्या-'वर्जिन ग्रुप लिमिटेड' ब्रिटेन की एक कंपनी है, जिसका व्यवसाय संचार, मनोरंजन आदि क्षेत्रों तक विस्तारित है। इसी ग्रुप की वर्जिन एयरलाइंस ब्रिटेन की वर्जिन ग्रुप (51%) तथा सिंगापुर एयरलाइंस (49%) की एक सम्मिलित हवाई सेवा है।

223. विश्व की सबसे ऊंची इमारत कौन-सी है?

(A) सीयर्स टावर, शिकागो (B) एम्पायर स्टेट, न्यूयॉर्क
(C) प्रेट्रानास, क्वालालम्पुर (D) इनमें से कोई नहीं

R.R.B. कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2006

उत्तर-(D)

व्याख्या-प्रश्न काल के दौरान सबसे ऊंची इमारत सीएन टावर (553 मीटर) टोरंटो कनाडा थी। इसका निर्माण वर्ष 1976 में हुआ था। वर्तमान में सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा (829.8 मीटर) संयुक्त अरब अमीरात, दुबई है। अतः सही उत्तर विकल्प D होगा।

224. एफिल टावर कहां स्थित है?

(A) फ्रांस (B) ब्रिटेन
(C) कनाडा (D) अमेरिका

R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2006

उत्तर-(A)

व्याख्या-एफिल टावर फ्रांस की राजधानी पेरिस में सिने नदी के तट पर स्थित है। यह पेरिस की सबसे ऊंची इमारत है। इस टावर की डिजाइन गुस्तावे द्वारा तैयार की गयी थी। 81 मंजिली इस टावर की ऊंचाई 324 मी.(1063 फीट) है। इसमें कुल 1660 सीढ़ियां हैं।

225. भारत का राष्ट्रीय पक्षी कौन-सा है?

(A) बुलबुल (B) तोता
(C) गरुड़ (D) मोर

R.R.B. इलाहाबाद (G.G/E.C.R.C.) परीक्षा, 2005

उत्तर-(D)

व्याख्या-भारत का राष्ट्रीय पक्षी मोर (पावो क्रिस्टेटस) है। मादा की अपेक्षा नर मयूर (मोर) अधिक सुन्दर होते हैं।

226. मीन, लियो, मेष हैं-

(A) ग्रह (B) उपग्रह
(C) तारे (D) राशियां

R.R.B. भुवनेश्वर (A.A./T.A./E.C.R.C.) परीक्षा, 2005

उत्तर-(D)

व्याख्या-हिन्दू शास्त्रों में उल्लिखित कुल 12 राशियां हैं- मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ तथा मीन।

227. जापान के झंडे में कौन-सा चिह्न होता है?

(A) लाल चक्र (B) लाल क्रॉस
(C) हरी पत्ती (D) फुजी पर्वत

R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2006

उत्तर-(A)

व्याख्या-जापान के राष्ट्रीय ध्वज को 'निशोकी' या 'हीनोमारू' नाम से जाना जाता है, जिसका अर्थ सौर्य ध्वज होता है। इस सफेद आयताकार ध्वज (लम्बाई : चौड़ाई : : 2 : 3) के मध्य में लाल चक्र है, जो उगते हुए सूर्य का प्रतीक है।

228. 'इकेबाना' क्या है?

(A) जापानी चित्रकला (B) जापानी परिधान
(C) जापानी पुष्प सज्जा (D) जापान का एक पर्वत

R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2006

उत्तर-(C)

व्याख्या-इकेबाना एक प्रकार की पुष्प सज्जा की जापानी कला है। इसे 'कादो' नाम से भी जाना जाता है। जापानी पुष्प सज्जा मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर केंद्रित है-स्वर्ग, पृथ्वी व मनुष्य।

229. ओरल-'बी' क्या है?

(A) कार मॉडल (B) वस्त्र मॉडल
(C) मोबाइल हैंडसेट (D) टूथ ब्रश

R.R.B. भोपाल (S.C./E.C.R.C.) परीक्षा, 2006
R.R.B. इलाहाबाद (J.C.) परीक्षा, 2009

उत्तर-(D)

व्याख्या-ओरल-बी एक टूथ ब्रश का ब्रांड नाम है, जिसका उत्पादन प्रॉक्टर एंड गैम्बल नाम की कंपनी करती है। ध्यातव्य है कि वर्ष 2005 में प्रॉक्टर एंड गैम्बल ने जिलेट नामक कंपनी का अधिग्रहण कर लिया। पहले ओरल-बी टूथ ब्रश का डिजाइन वर्ष 1950 में कैलिफोर्निया के डॉक्टर रॉबर्ट हटसन द्वारा किया गया।

230. निम्नलिखित में से वह कौन सी नारी है जो भारत की पहली महिला राजदूत तथा संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली महिला अध्यक्षा बनीं?

(A) विजय लक्ष्मी पंडित (B) सरोजिनी नायडू
(C) सुचेता कृपलानी (D) अरुणा आसफ अली

R.R.B. अजमेर (G.G) परीक्षा, 2006

उत्तर-(A)

व्याख्या-पूर्व प्रधानमंत्री स्व. जवाहरलाल नेहरू की बहन श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडित भारत की प्रथम महिला राजदूत, संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली महिला अध्यक्ष होने के साथ कैबिनेट मंत्री का पदभार ग्रहण करने वाली भारत की पहली महिला भी हैं। सुश्री पंडित ने महासभा की अध्यक्षता वर्ष 1953 में की थी। उसके बाद से अब तक मात्र 2 अन्य महिलाएं इस पद को सुशोभित कर सकी हैं-

1. एंजी एलिजाबेथ (लाइबेरिया) वर्ष 1969 में।
2. शेख हया रशेद अल खलीफा (बहरीन) वर्ष 2006 में।

231. विख्यात वृन्दावन उद्यान निम्नलिखित स्थान में स्थित है-

(A) पिंजौर (B) लखनऊ
(C) मैसूर (D) कन्याकुमारी

R.R.B. अजमेर (G.G) परीक्षा, 2006

उत्तर-(C)

व्याख्या-प्रसिद्ध वृन्दावन उद्यान कर्नाटक में मैसूर के निकट स्थित है। इस उद्यान की सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषता इसमें नृत्यरूपी संगीतबद्ध झरनों का होना है।

Scanned by CamScanner

**232. इंग्लिश चैनल को पार करने वाली एशिया की पहली महिला तैराक कौन हैं?**

(A) बुला चौधरी (B) आरती साहा
(C) निलिमा घोष (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**R.R.B. कोलकाता (T.C.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या–**आरती साहा ने वर्ष 1959 में इंग्लिश चैनल तैरकर पारकर एशिया की और भारत की प्रथम महिला होने का गौरव हासिल किया।

**233. यात्रियों की क्षमतानुसार विश्व में कौन-सा सबसे बड़ा वायुयान है?**

(A) बोईंग-547A (B) एयर बस-A380
(C) बोईंग जम्बो जेट (D) एलुमीशन-II-19

**R.R.B. कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या–**एयर बस-A380 विश्व का सबसे बड़ा यात्री विमान है। यद्यपि इस विमान में स्टैंडर्ड तृतीय श्रेणी के 555 लोगों के बैठने की क्षमता है किन्तु पूर्ण आर्थिक श्रेणी यात्री क्षमता 853 यात्रियों की है जो विश्व के अन्य यात्री विमानों से अधिक है। इसकी पहली उड़ान 27 अप्रैल, 2005 को हुई थी। इसे 'एयर बस A380' के नाम से भी जाना जाता था। इसके उपनाम सुपर जम्बो को अब एयर बस A380 के साथ सम्मिलित कर दिया गया है।

**234. 'कारगिल' नाम काफी प्रसिद्ध है, यह है-**

(A) समुद्र (B) झील
(C) सड़क (D) पहाड़

**R.R.B. चेन्नई (T.A./C.A./E.C.R.C.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या–**कारगिल (Kargil) एक झील है जो आंध्र प्रदेश के करीमनगर जिले में स्थित है। मार्च, 2006 में पावरलूम जुलाहा वी. रामुलु ने इसी झील में कूदकर जान दे दी, जिसके कारण यह चर्चित रही थी। **नोट–**इसे जम्मू-कश्मीर के कारगिल जिले के रूप में नहीं समझा जाना चाहिए।

**235. अपनी मूल हस्तलिपि के रूप में एक पुस्तक को क्या कहा जाता है?**

(A) पांडुलिपि (B) लेख
(C) आलेख (D) ग्रंथ

**R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–**किसी पुस्तक के हस्तलिखित मूल मसौदे को 'पांडुलिपि' कहा जाता है।

**236. राजस्थान में जैन मंदिरों के लिए प्रसिद्ध माउण्ट आबू जाना जाता है, निम्न रूप में-**

(A) आबू मन्दिर (B) रनकपुरा मन्दिर
(C) दिलवाड़ा मन्दिर (D) मार्बल मन्दिर

**R.R.B. चंडीगढ़ (T.A./C.A./E.C.R.C.)परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या–**माउण्ट आबू राजस्थान की प्रसिद्ध पहाड़ी सैरगाह है। यह स्थान अपने जैन मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। इन मंदिरों में दिलवाड़ा मंदिर मुख्य आकर्षक है।

**237. विख्यात दिलवाड़ा मन्दिर कहां स्थित है?**

(A) मध्य प्रदेश (B) महाराष्ट्र
(C) गुजरात (D) राजस्थान

**R.R.B. गोरखपुर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–**उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**238. आधुनिक कारों के संदर्भ में यूरो-II शब्द का प्रयोग निम्नलिखित से संबंधित है?**

(A) कारों के उत्सर्जन (B) कारों की गति
(C) ईंधन कुशलता (D) उपलब्ध बलाघूर्ण

**D.M.R.C. (स्टेशन प्रबंधक) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–**यूरो-II शब्द का प्रयोग कारों के उत्सर्जन मानक से है।

**239. मंडी हाउस' है एक-**

(A) दिल्ली का बाजार (B) फिल्म का नाम
(C) समाचार एजेंसी (D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. रांची (A.S.M./G.G.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–**मंडी हाउस, इण्डिया गेट के निकट दिल्ली स्थित स्थल है। मंडी का शाब्दिक अर्थ बाजार होता है, अनेक सांस्कृतिक स्थलों के लिए यह स्थान प्रसिद्ध है। शबाना आजमी अभिनीत फिल्म का नाम 'मंडी' है, न कि मंडी हाउस।

**240. भारत का राष्ट्रीय पंचांग किस पर आधारित है?**

(A) शक संवत् (B) हिजरी संवत्
(C) ग्रेगोरियन कैलेण्डर (D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–**भारत का राष्ट्रीय पंचांग 'शक संवत' पर आधारित है। ज्ञातव्य हो कि इस संवत का प्रवर्तन कुषाण शासक कनिष्क प्रथम (इस वंश का महानतम शासक) द्वारा अपने राज्यारोहण के उपलक्ष्य में 78 ई. में किया गया था।

**241. भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड कहां स्थित है?**

(A) बंगलौर (B) चेन्नई
(C) कोलकाता (D) मुंबई

**R.R.B. इलाहाबाद (A.C./C.C./T.C.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–**'भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड' (BEML) बंगलौर में स्थित है।

**242. विश्व में सबसे पहले परिवार नियोजन को सरकारी स्तर पर अपनाने वाला देश है-**

(A) भारत (B) चीन
(C) अमरीका (D) पश्चिम जर्मनी

**R.R.B. इलाहाबाद (G.G./E.C.R.C.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–**वर्ष 1952 में हमारा देश दुनिया का ऐसा पहला देश था, जिसने परिवार कल्याण का राष्ट्रीय कार्यक्रम शुरू किया तथा परिवार नियोजन को सरकारी स्तर पर अपनाया।

Scanned by CamScanner

**243. निम्न में से कौन-सी भारत में सेलुलर सेवा नहीं है?**

(A) एयरटेल (B) ग्रीन

(C) हच (D) आइडिया

**R.R.B. चेन्नई (T.A./C.A./E.C.R.C.)परीक्षा, 2006**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-**हचिसन एस्सार की हच, भारती एयरटेल की एयरटेल तथा आइडिया भारत में संचालित सेलुलर सेवाएं हैं। ग्रीन सेलुलर सेवा भारत में संचालित नहीं है।

**244. विश्व प्रसिद्ध एफिल टॉवर का आधार किससे बना हुआ है?**

(A) स्टील (B) सीमेंट

(C) स्टील और सीमेंट (D) प्लास्टिक और सीमेंट

**R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-**एफिल टॉवर का आधार सीमेंट से बना हुआ है।

**245. 'उरी' एक ....... है।**

(A) पर्वत (B) झील

(C) नदी (D) पठार

**R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-**'उरी' एक नदी है इसके तट पर टांडा नगर बसा है। उरी और बाघ नदियां संयुक्त रूप से नर्मदा में मिल जाती हैं।

**246. भारतीय 'पाम सिवेट' (Palm Civet) क्या है?**

(A) एक रात्रि पक्षी

(B) एक शाक भक्षी पशु

(C) एक मांस भक्षी जानवर

(D) शाक एवं मांस भक्षी जानवर

**R.R.B. इलाहाबाद (G.G./E.C.R.C.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या-**'सामान्य पाम सिवेट' (Common Palm Civet) उत्तरी पाकिस्तान से लेकर सम्पूर्ण भारत सहित लगभग सभी दक्षिण एवं दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में पाया जाने वाला लोमड़ी सदृश्य जीवधारी है। इसकी एशिया में लगभग 16 उप-प्रजातियां पायी जाती हैं। अन्य पाम सिवेट की तरह यह भी अकेले में रहना पसन्द करता है। यह सर्वाहारी (Omnivor) जीवधारी है जो कीट-पतिंगों, पक्षियों के अतिरिक्त फलों को भी भोज्य के रूप में ग्रहण करता है।

**247. किस स्थान पर विवेकानंद स्मारक स्थित है?**

(A) मुंबई (B) त्रिवेंद्रम

(C) पांडिचेरी (D) कन्याकुमारी

**R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या-**'विवेकानंद रॉक मेमोरियल' कन्याकुमारी से 500 मीटर की दूरी पर 70 मीटर के अन्तराल वाली दो चट्टानों पर बनाया गया है। इसका निर्माण दिसम्बर, 1892 में महान आध्यात्मिक शिक्षक और दार्शनिक स्वामी विवेकानंद की अमेरिका यात्रा के सम्मान एवं स्मृति में वर्ष 1970 में, विवेकानंद रॉक मेमोरियल समिति' द्वारा किया गया।

**248. दादरा एवं नागर हवेली की राजधानी है-**

(A) कावारत्ती (B) पोर्ट ब्लेयर

(C) दमन (D) सिलवासा

**R.R.B. चंडीगढ़ (A.S.M.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या-**दादरा एवं नागर हवेली केन्द्रशासित प्रदेश है, जिसकी राजधानी सिलवासा है। केन्द्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप एवं अण्डमान एवं निकोबार द्वीपसमूह की राजधानियां क्रमशः कावारत्ती एवं पोर्ट ब्लेयर हैं।

**249. लक्षद्वीप की राजधानी इनमें से कौन सी है ?**

(A) माहे (B) मिनिकॉय

(C) कावारत्ती (D) कच्चतिवु

**R.R.B. चंडीगढ़ (T.C.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-**उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**250. अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह की राजधानी है-**

(A) पोर्ट ब्लेयर (B) दीव

(C) कोलकाता (D) तिरुपति

**R.R.B. पटना (G.G) परीक्षा, 2002**

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या-**अण्डमान एवं निकोबार की राजधानी पोर्ट ब्लेयर है। कोलकाता, प. बंगाल की राजधानी है। तिरुपति, आंध्र प्रदेश में स्थित एक तीर्थ स्थल है। दीव केन्द्रशासित प्रदेश दमन एवं दीव का एक भाग है।

**251. मिजोरम की राजधानी कहां है?**

(A) कोहिमा (B) आइजोल

(C) ईटानगर (D) करबी एंगलांग

**R.R.B. कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-**मिजोरम की राजधानी आइजोल है। ध्यातव्य है कि वर्ष 1972 में पूर्वोत्तर क्षेत्र पुनर्गठन अधिनियम के अंतर्गत केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा प्राप्त होने से पहले यह असम का एक जिला था। भारत सरकार और मिजो नेशनल फ्रंट के बीच वर्ष 1986 में हुए ऐतिहासिक समझौते के फलस्वरूप 20 जनवरी, 1987 को मिजोरम को पूर्ण राज्य का दर्जा प्रदान किया गया।

**252. आइजोल राजधानी है-**

(A) लक्षद्वीप (B) नागालैंड

(C) मिजोरम (D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. चेन्नई (T.C./C.C.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-**उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**253. उत्तरांचल राज्य की राजधानी है-**

(A) देहरादून (B) नैनीताल

(C) हरिद्वार (D) पंतनगर

**R.R.B. चेन्नई (T.A./C.A./E.C.R.C.)परीक्षा, 2006**

**उत्तर-(A)**



Scanned by CamScanner

व्याख्या–9 नवम्बर, 2000 को भारत के 27वें राज्य के रूप में दर्जा प्राप्त उत्तरांचल (उत्तराखण्ड) की राजधानी देहरादून है। इसकी स्थायी राजधानी गैरसैण (चमोली) में प्रस्तावित है।

**254. नए सृजित उत्तरांचल राज्य की अस्थायी राजधानी (Provisional Capital) है-**

(A) नैनीताल (B) चमोली

(C) देहरादून (D) अल्मोड़ा

**R.R.B. सिकंदराबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2001**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**255. झारखण्ड राज्य की राजधानी कौन सी है?**

(A) रायपुर (B) रांची

(C) टाटानगर (D) भागलपुर

**R.R.B. मुंबई (E.S.M.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या–15 नवम्बर, 2000 को गठित झारखण्ड भारत का 28वां राज्य है। झारखण्ड को बिहार से अलग करके बनाया गया है। झारखण्ड की राजधानी रांची है। रायपुर नवगठित छत्तीसगढ़ (26वां राज्य) की राजधानी है। भागलपुर बिहार का एक जिला है।

**256. नवसृजित झारखण्ड राज्य भारत का ............ राज्य है।**

(A) 29वां (B) इनमें से कोई नहीं

(C) 27 वां (D) 28वां

**R.R.B. पटना (G.G.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर–(D)**

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**257. गुलाबी नगर किसे कहते हैं?**

(A) जयपुर (B) जोधपुर

(C) अजमेर (D) दिल्ली

**R.R.B. इलाहाबाद (T.C.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या–जयपुर (राजस्थान) को गुलाबी नगर (पिंक सिटी) के नाम से जाना जाता है।

**258. मणिपुर की राजधानी कौन सी है?**

(A) दिसपुर (B) इम्फाल

(C) अगरतला (D) इनमें से कोई भी नहीं

**R.R.B. बंगलौर (A.S.M.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या–मणिपुर की राजधानी इम्फाल है। यहीं पर प्रसिद्ध लोकटक झील है। 'दिसपुर' असम की राजधानी है तथा 'अगरतला' त्रिपुरा की राजधानी है।

**259. निम्नलिखित में से कौन भारत का 24वां राज्य बना?**

(A) मिजोरम (B) अरुणाचल प्रदेश

(C) गोआ (D) सिक्किम

**R.R.B. गुवाहाटी (G.G.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या–भारतीय संघ के 24वें राज्य के रूप में अरुणाचल प्रदेश को माना जाता है, इसकी स्थापना 20 फरवरी, 1987 को हुई।

**260. उड़ीसा राज्य अपने इस स्वरूप में किस सन् में बना था?**

(A) 1935 (B) 1936

(C) 1937 (D) 1938

**R.R.B. कोलकाता, भुवनेश्वर (T.C.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या–वर्ष 1936 में प्रशासनिक सुविधा को द ष्टि में रखते हुए उड़ीसा राज्य को बंगाल से अलग कर दिया गया था।

**261. पाण्डिचेरी भारत संघ में कब शामिल हुआ था?**

**(A) 1954 ई. में (B) 1956 ई. में**

**(C) 1958 ई. में (D) इनमें से कोई नहीं**

**R.R.B. बंगलौर (A.S.M.) परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या– पाण्डिचेरी (पुदुचेरी) भारत संघ में 1 नवंबर, 1954 को शामिल हुआ था।

**262. निम्न राज्यों में से सबसे छोटा राज्य कौन-सा है ?**

(A) त्रिपुरा (B) सिक्किम

(C) नागालैण्ड (D) मिजोरम

(E) गोवा

**R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर–(E)**

व्याख्या–

| | | |
|---|---|---|
| त्रिपुरा | – | 10491 वर्ग किमी. |
| सिक्किम | – | 7096 वर्ग किमी. |
| नागालैण्ड | – | 16579 वर्ग किमी. |
| मिजोरम | – | 214081 वर्ग किमी. |
| गोवा | – | 3702 वर्ग किमी. |

**263. नेपाल की राजधानी कहां है?**

**(A) रजौली (B) काठमांडू**

**(C) सीतापुर (D) जनकपुर**

**R.R.B. बंगलौर (T.C./C.C.)'मुख्य' परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(b)**

व्याख्या–नेपाल की राजधानी 'काठमांडू' है। नेपाल में राजतंत्र समाप्त कर प्रजातंत्र की स्थापना की गई है।

**264. सीरिया की राजधानी कहां है?**

(A) ट्रिपोली (B) कैरो

(C) खारटम (D) दमिश्क

**R.R.B. कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(D)**

व्याख्या–मध्य-पूर्वी एशियाई देश सीरिया की राजधानी दमिश्क है। दमिश्क को 'अस्साम' नाम से भी जाना जाता है। यह सीरिया का सबसे बड़ा शहर भी है। किसी समय में दमिश्क उमय्याद साम्राज्य तथा मामलुक साम्राज्य का केन्द्र हुआ करता था।



Scanned by CamScanner

265. निम्नलिखित में से अल्बानिया की राजधानी है-
(A) तिराना (B) हेलसिंकी
(C) बुडापेस्ट (D) ओस्लो
R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003

उत्तर-(A)

व्याख्या- अल्बानिया की राजधानी तिराना है। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट और फिनलैण्ड की राजधानी हेलसिंकी है, जबकि ओस्लो नॉर्वे की राजधानी है।

266. टर्की की राजधानी है-
(A) अंकारा (B) अपन
(C) तेहरान (D) बेरूत
R.R.B. मुंबई, भोपाल (G.G.) परीक्षा, 2003

उत्तर-(A)

व्याख्या-अंकारा, टर्की की राजधानी है। ईरान की राजधानी तेहरान एवं लेबनान की राजधानी बेरुत है।

267. ताजिकिस्तान की राजधानी है -
(A) आशाखावाद (B) ताशकन्द
(C) दुशाम्बे (D) अस्ताना
R.R.B. मुंबई, भोपाल (G.G.) परीक्षा, 2003

उत्तर-(C)

व्याख्या-ताजिकिस्तान की राजधानी दुशाम्बे है।

268. नॉर्वे की राजधानी कहां है?
(A) कोपेनहेगेन (B) ओस्लो
(C) बर्न (D) ब्रुसेल्स
R.R.B. कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2006

उत्तर-(B)

व्याख्या-स्कैण्डनेवियन प्रायद्वीप के पश्चिमी भाग में स्थित नॉर्वे की राजधानी ओस्लो है। नॉर्वे को 'मध्यरात्रि सूर्य के देश' के नाम से भी जाना जाता है।

269. फ्रांस की राजधानी कहां है?
(A) लंदन (B) रोम
(C) बैंकॉक (D) पेरिस
R.R.B. बंगलौर (T.C./C.C.) 'मुख्य' परीक्षा, 2010

उत्तर-(D)

व्याख्या-फ्रांस पश्चिम यूरोप में स्थित है। इसकी राजधानी पेरिस है, जो फ्रांस का सबसे बड़ा शहर है। फ्रांस यूरोपीय संघ का सदस्य है। यह संयुक्त राष्ट्र संघ का संस्थापक सदस्य होने के साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है।

270. वोलोविया की राजधानी कहां है?
(A) कराकस (B) बोगोटा
(C) लापाज (D) जॉर्ज टाउन
R.R.B. कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2005

उत्तर-(C)

व्याख्या-दक्षिण अमेरिकी देश वोलोविया की राजधानी लापाज है। यह एक भू-आवेष्ठित राष्ट्र है, जिसके पूर्वोत्तर में ब्राजील, दक्षिण में पराग्वे व अर्जेंटीना तथा पश्चिम में चिली व पेरू स्थित है।

271. किस देश की सीमाएं सबसे बड़ी हैं?
(A) भारत (B) फ्रांस
(C) रूस (D) जिम्बाब्वे
R.R.B. अजमेर (E.C.R.C.) परीक्षा, 2008

उत्तर-(C)

व्याख्या-रूस क्षेत्रफल की दृष्टि से सर्वाधिक वृहद देश है। इस देश की सीमाएं सबसे बड़ी हैं। रूस की सीमा रेखा 20,017 किमी., भारत की 14,103 किमी., जिम्बाब्वे की 3,066 किमी. तथा फ्रांस की 2889 किमी. है।

272. विश्व की सर्वाधिक लंबी रेलवे लाइन कौन है?
(A) ट्रांस साइबेरियन रेलवे (B) मैनचेस्टर एडिनबर्ग रेलवे
(C) मेलबॉर्न रेलवे (D) इनमें से कोई नहीं
R.R.B. गोरखपुर (T.C./C.C.) परीक्षा, 2008

उत्तर-(A)

व्याख्या-ट्रांस साइबेरियन रेलवे विश्व की सर्वाधिक लंबी रेलवे लाइन है। इसकी लम्बाई 9,259 किमी. है, जो मॉस्को से व्लादिवोस्तक को जोड़ती है।

273. विश्व की सबसे लम्बी रेलवे लाइन कौन सी है?
(A) ट्रांस साइबेरियन (B) ट्रांसकनाडिन
(C) ओरियण्ट रेलमार्ग (D) लन्दन से पेरिस रेलमार्ग
R.R.B. इलाहाबाद (T.C.) परीक्षा, 2009

उत्तर-(A)

व्याख्या-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

274. ट्रान्स-ऑस्ट्रेलियन रेलवे के टर्मिनल हैं-
(A) पर्थ और मेलबोर्न (B) पर्थ और ऐलिस स्प्रिंग्स
(C) पर्थ और सिडनी (D) पर्थ और काल्गुरलाइस
R.R.B. गोरखपुर (T.C./C.C.) परीक्षा, 2008

उत्तर-(C)

व्याख्या-ट्रान्स-ऑस्ट्रेलियन रेलवे के टर्मिनल पर्थ और सिडनी में है। यह पोर्ट अगस्टा (Port Augusta) को कल्गूर्ली (Kalgoorlie) से जोड़ता है। इसकी लम्बाई 1711 किमी. है।

275. अंतरिक्ष में सर्वाधिक समय तक रहने का विश्व रिकॉर्ड किस महिला के नाम दर्ज है?
(A) कल्पना चावला (B) सुनीता विलियम्स
(C) शेनन ल्यूसिड (D) कैथरीन
R.R.B. गोरखपुर (T.C./C.C.) परीक्षा, 2008

उत्तर-(B)

व्याख्या-सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष यात्री हैं, जिन्होंने सर्वाधिक समय (195 दिन) तक अंतरिक्ष में रहने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

276. भारत और चीन के अतिरिक्त देशों के निम्न समूहों में से किससे म्यांमार की सीमा लगी है?
(A) बांग्लादेश, थाईलैण्ड और वियतनाम
(B) कम्बोडिया, लाओस और मलेशिया
(C) थाईलैण्ड, वियतनाम और मलेशिया
(D) थाईलैण्ड, लाओस और बांग्लादेश
R.R.B. चंडीगढ़ (Stenographer) परीक्षा, 2008

उत्तर-(D)

व्याख्या-म्यांमार की सीमा उत्तर-पूर्व में चीन से, पूर्व में लाओस से, दक्षिण-पूर्व में थाईलैण्ड से, पश्चिम में बांग्लादेश से उत्तर पश्चिम में भारत से और दक्षिण पश्चिम में बंगाल की खाड़ी से लगी हुई है।

Scanned by CamScanner

**277. यूनाइटेड किंगडम में सम्मिलित हैं – इंग्लैण्ड एवं**

(A) उत्तरी आयरलैण्ड, स्कॉटलैण्ड एवं वेल्स

(B) उत्तरी आयरलैण्ड, पलाया एवं आइसलैण्ड

(C) स्कॉटलैण्ड, वेल्स एवं फाइरोइलैण्ड

(D) स्कॉटलैण्ड एवं वेल्स

**R.R.B. कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–**यूनाइटेड किंगडम में इंग्लैण्ड, स्कॉटलैण्ड, वेल्स तथा उत्तरी आयरलैण्ड शामिल हैं।

**278. पंजाब में ललित कला अकादमी कहां है?**

(A) मुक्तसर (B) लुधियाना

(C) पटियाला (D) चंडीगढ़

**R.R.B. भुवनेश्वर (A.S.M.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–**पंजाब में 'ललित कला अकादमी' चंडीगढ़ में स्थित है।

**279. प्रथम युवा ओलम्पिक खेल का आयोजन किस देश में होगा?**

(A) जापान (B) चीन

(C) उ. कोरिया (D) सिंगापुर

**R.R.B. भुवनेश्वर (A.S.M.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–**प्रथम युवा ओलम्पिक खेल का आयोजन वर्ष 2010 में सिंगापुर में सम्पन्न हुआ।

**280. पाण्ड्य वंश की राजधानी कहां थी?**

(A) मैसूर (B) कांचीपुरम

(C) मदुरै (D) दिल्ली

**R.R.B. भुवनेश्वर (A.S.M.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या–**पाण्ड्य वंश की राजधानी मदुरै थी।

**281. त्रिपिटक ......... का धार्मिक ग्रन्थ है।**

(A) जैन धर्म (B) हिन्दू धर्म

(C) बौद्ध धर्म (D) मुस्लिम धर्म

**R.R.B. भुवनेश्वर (A.S.M.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या–**त्रिपिटक बौद्ध धर्म का धार्मिक ग्रन्थ है, जिसमें उनके धर्म के नियमों का उल्लेख किया गया है।

**282. ............ की छत्रछाया के साथ 'फेयर एण्ड लवली' उत्पाद का सम्बन्ध है।**

(A) विप्रो (B) आई.टी.सी.

(C) पी एण्ड जी (D) एच.यू.एल.

**R.R.B. भुवनेश्वर (A.S.M.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–**एच.यू.एल. (HUL–Hindustan Unilever Limited) भारत में साबुन, तेल, आइसक्रीम, चाय इत्यादि आवश्यक सामग्रियों का उत्पादन करती है। सौन्दर्य उत्पाद में फेयर एण्ड लवली, लेक्मे, पांड्स, वेसिलीन इत्यादि का भी उत्पादन करती हैं।

**283. पहला सार्क सम्मेलन कहां आयोजित किया गया था?**

(A) काठमांडु (B) कोलम्बो

(C) नई दिल्ली (D) ढाका

**R.R.B. भुवनेश्वर (A.S.M.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–**'सार्क' (SAARC – South Asia Association of Regional Countries) दक्षिण एशियाई देशों का संगठन है, जिसका पहला शिखर सम्मेलन ढाका (बांग्लादेश) में वर्ष 1985 में आयोजित किया गया था।

**284. महाराष्ट्र में जो एलोरा की गुफा है उसका निर्माण किसके शासनकाल में हुआ था?**

(A) राष्ट्रकूट (B) पल्लव

(C) पाल (D) चोल

**R.R.B. भुवनेश्वर (A.S.M.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–**महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में स्थित एलोरा गुफाएं बौद्ध, हिंदू तथा जैन मंदिरों के लिए प्रसिद्ध हैं। राष्ट्रकूट काल में बने ये मंदिर, गुफाओं को काटकर बनाए गए हैं।

**285. उड़ीसा में मिग विमान निर्माण का कारखाना कहां स्थित है?**

(A) बहरामपुर (B) सुनाबेड़ा

(C) कोरापुट (D) सम्बलपुर

**R.R.B. भुवनेश्वर (A.S.M.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या–** उड़ीसा के कोरापुट में Hindustan Aeronautics Limited (HAL) का कारखाना है जहां मिग विमान के इंजन बनते हैं तथा सुखोई लड़ाकू विमानों की असेम्बलिंग भी होती है।

**286. केन्द्रीय खाद्य तकनीकी अनुसंधान संस्थान का मुख्यालय कहां है?**

(A) दिल्ली (B) आनन्द

(C) अहमदाबाद (D) मैसूर

**R.R.B. भुवनेश्वर (A.S.M.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–**'केन्द्रीय खाद्य तकनीकी अनुसंधान संस्थान' (CFTRI) का मुख्यालय मैसूर में स्थित है।

**287. कितने संप्रभुत्व वाले देश संयुक्त राष्ट्र के सदस्य हैं?**

(A) 180 (B) 190

(C) 185 (D) 183

**R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(*)**

**व्याख्या–**संयुक्त राष्ट्र में वर्तमान में 193 सदस्य है।

**288. शक वर्ष (संवत) का अन्तिम माह है–**

(A) फाल्गुन (B) चैत्र

(C) आषाढ़ (D) पौष

**R.R.B. गोरखपुर (T.C.) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–**शक वर्ष (संवत) का प्रथम माह चैत्र तथा अन्तिम माह फाल्गुन होता है।

Scanned by CamScanner

**289. किस राज्य में कोई रेलवे लाइन नहीं है?**

(A) त्रिपुरा (B) मेघालय

(C) नगालैण्ड (D) अरुणाचल प्रदेश

**R.R.B. गोरखपुर (T.C.) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या**–मेघालय राज्य में कोई रेलवे लाइन नहीं है। उमरोई (Umroi) में एक छोटा एयरपोर्ट है, जो शिलांग से 40 किमी. की दूरी पर गुवाहाटी-शिलांग राजमार्ग पर स्थित है।

**290. भारत में सबसे बड़ा रेल इंजन कारखाना कहां स्थित है?**

(A) चेन्नई (B) वाराणसी

(C) कपूरथला (D) चितरंजन

**R.R.B. गोरखपुर (T.C.) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या**–'चितरंजन लोकोमोटिव वर्क्स' (CLW) विभिन्न रेल इंजनों का निर्माण करता है। यह भारत में ही नहीं अपितु दुनिया में सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव निर्माता है। 26 जनवरी, 1950 से इसमें उत्पादन प्रारंभ हो गया। इसमें वर्ष 1950-1972 तक 2351 भाप इंजन, वर्ष 1968-1993 तक 842 डीजल इंजन तथा वर्ष 1961 से 31 मार्च, 2013 तक कुल 4916 इलेक्ट्रिक इंजनों का निर्माण किया गया।

**291. रेलवे भर्ती बोर्ड कहां पर स्थित नहीं है?**

(A) चेन्नई में (B) इलाहाबाद में

(C) गोरखपुर में (D) नई दिल्ली में

**R.R.B. अजमेर (E.C.R.C.) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या**–रेलवे भर्ती बोर्ड अपने जोन के अन्तर्गत आने वाली रिक्तियों के पदों पर भर्ती करता है। चेन्नई, इलाहाबाद व गोरखपुर में रेलवे भर्ती बोर्ड है, जबकि नई दिल्ली में रेलवे भर्ती बोर्ड नहीं है।

**292. भारतीय रेलवे नेटवर्क कितने जोन तथा कार्यशील मण्डलों में बंटा है?**

(A) 16 जोन तथा 67 मण्डल (B) 9 जोन तथा 60 मण्डल

(C) 14 जोन तथा 67 मण्डल (D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. अजमेर (C.C.) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या**–प्रश्न काल में 16 जोन तथा 67 मण्डल थे। भारतीय रेलवे नेटवर्क में अंतिम रूप से 2003 में जोन तथा मंडल में वृद्धि की गई। कलकत्ता मेट्रो को नया जोन बनाये जाने के बाद देश में कुल 17 जोन और 69 मण्डल हो गये हैं।

**293. एक यात्री अनुमेय सीमा के अतिरिक्त किन्तु रियायत सीमा के अन्तर्गत फ्री सामान सहित यात्रा कर रहा है, फ्री भार के अतिरिक्त अधिक भार ले जाने पर यात्री से कितना किराया वसूल किया जाएगा?**

(A) सामान्य लगेज पर (B) सामान्य दर से दोगुना

(C) सामान्य दर से चार गुना (D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. अजमेर (E.C.R.C.) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या**–प्रत्येक रेल-यात्री 50 किग्रा. भार तक फ्री सामान ले जा सकता है, किन्तु इससे अधिक भार होने पर उससे सामान्य लगेज दर से किराया वसूल किया जाएगा।

**294. भारतीय रेलवे द्वारा ले जायी जाने वाली सबसे अधिक एकल वस्तु है-**

(A) कोयला (B) गेहूं

(C) लौह (D) कपास

**R.R.B. गोरखपुर (E.S.M.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या**– भारतीय रेल कच्चे माल की ढुलाई का सबसे बड़ा साधन है। उद्योगों के लिए कच्चे माल तथा कोयला की ढुलाई में अधिकांश भाग में इसका योगदान रहता है। उद्योगों के लिए महत्त्वपूर्ण योगदान देने में सहायक कोयला को यह एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाता है।

## ❑ संगीत

**1. हरि प्रसाद चौरसिया हैं; एक प्रसिद्ध-**

(A) तबला वादक (B) सितार वादक

(C) शहनाई वादक (D) बांसुरी वादक

**R.R.B. गोरखपुर (G.G.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या**–कुछ प्रमुख बांसुरी वादक हैं-हरि प्रसाद चौरसिया, पन्नालाल घोष, वी. कुंजमणि, एन. नीला, राजेन्द्र प्रसन्ना, राजेन्द्र कुलकर्णी आदि।

**2. निम्नलिखित में से कौन चर्चित बांसुरी वादक हैं?**

(A) रविशंकर (B) शिव कुमार शर्मा

(C) जाकिर हुसैन (D) हरि प्रसाद चौरसिया

**R.R.B. बंगलौर (G.G.) परीक्षा, 2003**

**R.R.B. कोलकाता (T.A./A.S.M.) परीक्षा, 2001**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या**–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**3. कुन्नाकुडी वैद्यनाथन संबंधित हैं-**

(A) वायलिन से (B) वीणा से

(C) गिटार से (D) तबला से

**R.R.B. बंगलौर (G.G.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या**–कुछ प्रमुख वायलिन वादक हैं–कुन्नाकुडी वैद्यनाथन, डॉ. एन. राजन, एल. सुब्रह्मण्यम्, संगीता राजन, टी. एन. कृष्णन आदि।

**4. यामिनी कृष्णमूर्ति किसकी कुशल नृत्यांगना हैं–**

(A) कुचिपुड़ी (B) भरतनाट्यम

(C) कत्थक (D) ओडिसी

**R.R.B. गोरखपुर (G.G.) परीक्षा, 2003**

R.R.B. भोपाल (T.C./C.C./J.C.) 'मुख्य' परीक्षा, 2012

**उत्तर–(A एवं B)**

**व्याख्या**–यामिनी कृष्णमूर्ति भरतनाट्यम एवं कुचिपुड़ी दोनों की कुशल नृत्यांगना हैं।

**5. 'कर्नाटक संगीत का जनक' के नाम से प्रसिद्ध संत कौन हैं?**

(A) संत कनकदास (B) संत पुरंदरदास

(C) संत त्यागराज (D) संत दीक्षितर

**R.R.B. बंगलौर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2003, 2004**

**उत्तर (B)**



Scanned by CamScanner

व्याख्या–1484 ई. में दक्षिणी महाराष्ट्र में जन्मे पुरंदरदास श्रीनिवास ने संगीत की शिक्षा पद्धति को नये आयाम दिये। उन्हें 'कर्नाटक संगीत का जनक' एवं 'आदि गुरु' की संज्ञा दी जाती है।

6. **संगीत रत्न मैसूर तिरुमकोडलु चौदिहा (1894-1967) बीसवीं सदी के एक प्रतिभावान वायलिन वादक थे, उन्होंने..............तार के वायलिन का आविष्कार किया।**

(A) 4 (B) 7
(C) 5 (D) 3

**R.R.B. बंगलौर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या–संगीत रत्न मैसूर तिरुमकोडलु चौदिहा (1894-1967 ई.) बीसवीं सदी के एक प्रतिभावान वायलिन वादक थे, उन्होंने सात तार के वायलिन का आविष्कार किया था।

7. **मृदंग क्या होता है?**

(A) दो मुंह वाला ढोल (B) एक प्रकार की बांसुरी
(C) एक तार वाद्य (D) एक मृग

**R.R.B. इलाहाबाद (सुपरवाइजर) परीक्षा, 2003**
**R.R.B. जम्मू (T.C.) परीक्षा, 2001**
**R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2001**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या–मृदंग का आज भी दक्षिण भारत में शास्त्रीय संगीत में प्रयोग होता है। इसमें लगभग 60 सेमी. लम्बे बेलनाकार लकड़ी के खोल के दोनों मुखों पर खाल जड़ दी जाती है। प्रायः दाएं मुख का व्यास बाएं की तुलना में कम होता है और उस पर काला लेप चढ़ा होता है। मृदंग के लगभग समान संरचना वाले वाद्य-यंत्र पखावज (उत्तरी भारत) एवं खोल (बंगाल) है।

8. **वह कौन-सा वाद्य-यंत्र है, जिस पर प्रत्येक राग बजाया जा सकता है?**

(A) वायलिन (B) बांसुरी
(C) सारंगी (D) सितार

**R.R.B. इलाहाबाद (सुपरवाइजर) परीक्षा, 2003**

**उत्तर–(D)**

व्याख्या–प्रसिद्ध संगीतकार तथा गायक अमीर खुसरो (सल्तनत काल) ने वीणा और तम्बूरा को मिलाकर एक नये यंत्र 'सितार' को बनाया जिस पर सभी राग बजाये जा सकते हैं।

9. **निम्नलिखित भारतीय वाद्य-यंत्रों में सबसे पुराना कौनसा है?**

(A) वीणा (B) तबला
(C) सितार (D) सन्तूर

**R.R.B. भोपाल (G.G.) परीक्षा, 2001**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या–वीणा भारत का सबसे पुराना वाद्य-यंत्र है। सल्तनत काल के प्रसिद्ध संगीतकार तथा गायक अमीर खुसरो ने वीणा तथा तम्बूरा को मिलाकर नए वाद्य-यंत्र 'सितार' का आविष्कार किया था। एस. बालचन्द्रन तथा बदरुद्दीन डागर वर्तमान में भारत के प्रसिद्ध वीणा वादक हैं।

10. **संतूर-वाद्य से कौन सम्बन्धित हैं ?**

(A) पंडित शिव कुमार शर्मा (B) उस्ताद बिस्मिल्ला खां
(C) हरि प्रसाद चौरसिया (D) अमजद अली खां
(E) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. गोरखपुर (A.S.M.) परीक्षा, 2002**
**R.R.B. बंगलौर (G.G.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या–संतूर–वाद्य का सम्बन्ध पंडित शिव कुमार शर्मा से है। "भारत–रत्न" उस्ताद बिस्मिल्ला खान शहनाई वादन, पं. हरि प्रसाद चौरसिया बांसुरी वादन तथा अमजद अली खां सरोद वादन से सम्बन्धित हैं।

11. **पं. शिव कुमार शर्मा निम्नांकित में से किससे संबंधित हैं?**

(A) सितार (B) संतूर
(C) बाँसुरी (D) तबला

**R.R.B. अहमदाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

12. **बेगम अख्तर संबंधित हैं-**

(A) संगीत से (B) नृत्य से
(C) लेखन से (D) चित्रकारी से

**R.R.B. कोलकाता (T.A./A.S.M.) परीक्षा, 2001**
**R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या–बेगम अख्तर का संबंध संगीत से है। पाकिस्तान की इस प्रसिद्ध गायिका ने कई हिन्दी फिल्मों में गाने गाये हैं।

13. **किस पहर में 'राग भैरवी' गायन सर्वाधिक उपयुक्त माना जाता है?**

(A) रात (B) सुबह
(C) शाम (D) तीसरे पहर

**R.R.B. भोपाल (G.G.) परीक्षा, 2001**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या–'राग भैरवी' सुबह (प्रातः काल) गाया जाने वाला राग है। राग यमन तथा विलावल रात के प्रथम प्रहर में तथा राग ललित रात्रि के तीसरे प्रहर में गाया जाने वाला राग है।

14. **'राग भैरवी' का गायन काल है–**

(A) दोपहर में (B) प्रातःकाल
(C) सायं काल (D) रात्रि का अंतिम पहर

**R.R.B. भोपाल (T.C./C.C./J.C.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

15. **प्रातःकाल गाया जाने वाला राग है-**

(A) तोड़ी (B) दरबारी
(C) भोपाली (D) भैरवी

**R.R.B. बंगलौर (A.S.M.) परीक्षा, 2001**

**उत्तर–(D)**

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

Scanned by CamScanner

16. एम. एफ. हुसैन हैं एक विख्यात-

(A) संगीतज्ञ (B) चित्रकार

(C) खिलाड़ी (D) लेखक

R.R.B. बंगलौर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2003, 2004

उत्तर-(B)

व्याख्या-वर्ष 1915 में पण्ढरपुर (महाराष्ट्र) में जन्मे मकबूल फिदा हुसैन (एम. एफ. हुसैन) भारत के चर्चित मूर्धन्य चित्रकार थे। इन्होंने महाभारत तथा रामायण महाकाव्यों को अपनी तूलिका से चित्रित किया। इनके द्वारा बनाई गई कई पेंटिंग्स को अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके हैं तथा कई चित्रकारियों के कारण हुसैन साहब विवादित और चर्चित भी रहे।

17. उस्ताद अमजद अली खां विख्यात वादक हैं-

(A) सितार के (B) सरोद के

(C) वायलिन के (D) तबला के

(E) वीणा के

R.R.B. कोलकाता (डी./इले. लोको असि./पी.बी.टी.) परीक्षा, 2004,2005

उत्तर-(B)

व्याख्या-उस्ताद अमजद अली खां सरोद के प्रसिद्ध वादक कलाकार हैं। उस्ताद अलाउद्दीन खां तथा विश्वजीत राय चौधरी सरोद के अन्य प्रसिद्ध वादक कलाकार हैं। उस्ताद विलायत खां सितार के, बी. जी. जोग वायलिन के, किशन महाराज तबला के तथा एस. बालचन्द्रन वीणा के चर्चित वादक हैं।

18. बिस्मिल्ला खान संबंधित हैं-

(A) तबला (B) शहनाई

(C) सरोद (D) संतूर

R.R.B. भोपाल (T.C.) परीक्षा, 2005

उत्तर-(B)

व्याख्या-21 मार्च, 1915 में बिहार के डुमरांव में जन्मे उस्ताद बिस्मिल्ला खां विश्व प्रसिद्ध शहनाई वादक थे, इनकी मृत्यु 21 अगस्त, 2006 को हुई। बिस्मिल्ला खां ने शहनाई को भारत के बाहर पहचान तथा लोकप्रियता प्रदान की। इन्हें अनेक संगीत पुरस्कारों के अतिरिक्त भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया है। उस्ताद जाकिर हुसैन तबला के, बुद्धदेव दास गुप्ता सरोद के तथा भजन सोपोरी संतूर के प्रसिद्ध वादक कलाकार हैं।

19. बिस्मिल्ला खां किस वाद्य-यंत्र को बजाते हैं?

(A) बांसुरी (B) तबला

(C) शहनाई (D) सरोद

R.R.B. बंगलौर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2003, 2004

R.R.B. मालदा (T.C./C.C.) परीक्षा, 2008

उत्तर-(C)

व्याख्या-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

20. सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए एवं नीचे दिए गए कूट का इस्तेमाल करके सही उत्तर दीजिए-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) अमजद अली खान | 1. बांसुरी |
| (b) अली हुसैन | 2. सरोद |
| (c) हरि प्रसाद चौरसिया | 3. तबला |
| (d) अल्ला रक्खा | 4. शहनाई |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (C) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

R.R.B. गुवाहाटी (G.G.) परीक्षा, 2006

उत्तर-(C)

व्याख्या-सही क्रम निम्नवत है-

| | |
|---|---|
| अमजद अली खान | -सरोद |
| अली हुसैन | -शहनाई |
| हरि प्रसाद चौरसिया | -बांसुरी |
| अल्ला रक्खा | -तबला |

21. निम्नलिखित में सर्वाधिक प्रतिभावान वैज्ञानिक, इंजीनियर, गणितज्ञ, विद्वान, कलाकार, शिल्पकार, महान संगीतकार थे-

(A) पाब्लो पिकासो (B) रूडयार्ड किपलिंग

(C) आइंस्टीन (D) लियनार्डो द विंची

R.R.B. गुवाहाटी (सुपरवाइजर) परीक्षा, 2005

R.R.B. बंगलौर (A.S.M.) परीक्षा, 2001

उत्तर-(D)

व्याख्या-लियनार्डो द विंची सर्वाधिक प्रतिभावान वैज्ञानिक, इंजीनियर, गणितज्ञ, विद्वान, कलाकार, शिल्पकार तथा महान संगीतकार थे। इन्हीं ने मोनालिसा का प्रसिद्ध चित्र बनाया था।

22. निम्न में से कौन गायन (कंठ संगीत) से संबद्ध नहीं है?

(A) किशोरी अमोनकर (B) राशिद खान

(C) शिव कुमार शर्मा (D) पंडित जसराज

(E) मल्लिकार्जुन मंसूर

R.R.B. भुवनेश्वर (केरिंग इंस्पे.) परीक्षा, 2005

उत्तर-(C)

व्याख्या-किशोरी अमोनकर शास्त्रीय संगीत (कंठ संगीत) की सुप्रसिद्ध गायिका हैं। शिव कुमार शर्मा संतूर वादक हैं। पंडित जसराज तथा मल्लिका मंसूर शास्त्रीय संगीत से संबंधित हैं।

23. यहूदी मेनूहीन संबंधित है।

(A) वायलिन (B) सितार

(C) पियानो (D) कोंगो

R.R.B. रांची (A.S.M./G.G) परीक्षा, 2004

R.R.B. सिकंदराबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2001

उत्तर-(A)

Scanned by CamScanner

व्याख्या–यहूदी मेनूहीन वायलिन वादक थे। ये 22 अप्रैल, 1916 में न्यूयॉर्क में पैदा हुए थे और 12 मार्च, 1999 में बर्लिन (जर्मनी) में इनकी मृत्यु हो गई।

**24. यहुदी मेन्युहिन अपनी किस वादन योग्यता के लिए प्रसिद्ध हफ ?**

(A) प्यानो (B) वायलिन
(C) गिटॉर (D) ट्रम्पेट
(E) बांसुरी

**R.R.B. कोलकाता भुवनेश्वर, (T.A.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**25. गुदई महाराज कौन-सा वाद्य-यंत्र बजाते हैं ?**

(A) तबला (B) सितार
(C) वॉयलिन (D) संतूर

**R.R.B. इलाहाबाद (A.C./C.C./T.C.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या–बनारस घराने से ताल्लुक रखने वाले समता प्रसाद का संबंध वाद्य-यंत्र तबला से है। ये 'गुदई महाराज' के नाम से भी जाने जाते हैं।

**26. किस संगीत वाद्य के दो प्रक्रम 'रुद्र' और 'विचित्र' हैं ?**

(A) सरोद (B) सितार
(C) वीणा (D) संतूर

**R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या–संगीत वाद्य-यंत्र वीणा के अनेक प्रकार हैं। महानाटक वीणा, सरस्वती वीणा, रुद्र वीणा, विचित्र वीणा इसमें शामिल हैं। सरस्वती वीणा को 'वीणा की महारानी' कहा जाता है।

**27. हिन्दुस्तानी कंठ संगीत की रचना का सबसे पुराना रूप है-**

(A) ध्रुपद (B) गजल
(C) ठुमरी (D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. भुवनेश्वर (C.C./T.C./E.C.A.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या–हिन्दुस्तानी संगीत का सबसे पुराना रूप 'ध्रुपद' गायन है। अकबर के दरबारी अबुल-फजल ने अपनी मशहूर कृति आइन-ए-अकबरी में ध्रुपद को परिभाषित किया है।

**28. भारतीय संगीत नाटक अकादमी की स्थापना कब हुई?**

(A) 1951 (B) 1953
(C) 1956 (D) 1960

**R.R.B. रांची (E.C.R.C.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या–भारतीय संगीत नाटक अकादमी की स्थापना 28 जनवरी, 1953 को हुई थी। इसके प्रथम चेयरमैन डॉ. पी.वी. राजामन्नार थे।

**29. नोरा जोन्स किनकी पुत्री हैं?**

(A) ब्राएन एडम्स (B) रीव चार्लटन
(C) मैक केलिस्पो (D) पं. रविशंकर

**R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(D)**

व्याख्या–नोरा जोन्स प्रसिद्ध सितार वादक पंडित रविशंकर की पुत्री हैं।

**30. हिन्दी फिल्म अभिनेता राजकुमार का असली नाम क्या था?**

(A) हरि गोस्वामी (B) युनूस
(C) रतन सिंह (D) भूषण पण्डित

**R.R.B. रांची (Asst. Driv.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर (D)**

व्याख्या–हिन्दी फिल्म अभिनेता राजकुमार, 'भूषण पण्डित' के नाम से बम्बई पुलिस में उपनिरीक्षक के पद पर थे, जो इनका वास्तविक नाम था। हिन्दी फिल्मों में आने के पश्चात इन्होंने अपना नाम 'राजकुमार' रख लिया।

**31. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है ?**

(A) रवि शंकर – सितार वादक
(B) एम. एफ. हुसैन – तबला वादक
(C) आर. के. नारायण – उपन्यासकार
(D) कैफी आजमी – कवि
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**R.R.B. कोलकाता (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या–एम.एफ. हुसैन चित्रकार हैं, तबला वादक नहीं।

**32. भारतीय लड़कियों के पहले पॉप गायक समूह का नाम है-**

(A) वीवा (B) रागा
(C) स्पाइस गर्ल्स (D) आबा
(E) मेन्सा

**R.R.B. कोलकाता, भुवनेश्वर (T.A.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर (A)**

व्याख्या–'स्पाइस गर्ल्स' ब्रिटेन की पॉप गायिका लड़कियों का बैण्ड है। 'वीवा' भारतीय लड़कियों का पॉप गायक समूह है। चुनी हुई चार लड़कियों का ग्रुप वीवा देश का पहला गर्ल्स ग्रुप है। इस ग्रुप की सदस्य हैं- अनुष्का, प्रतीची, महुआ और नेहा।

**33. निम्नलिखित में से सबसे अधिक सुधारवादी भक्ति सन्त कौन थे?**

(A) रामानन्द (B) तुलसीदास
(C) कबीर (D) नामदेव

**R.R.B. कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या– कबीर भक्तिकाल के निर्गुण भक्ति धारा के कवि तथा समाज सुधारक थे। इन्होंने धार्मिक आडम्बरों के विरोध के साथ हिन्दुओं तथा मुसलमानों के बीच की खाई को पाटने का कार्य किया व दोनों को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य भी किया। समाज सुधार में इनका सर्वाधिक योगदान था।

**34. गंगुबाई हंगल का नाम जुड़ा है-**

(A) हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत से
(B) हिन्दुस्तानी नाटक से
(C) नौटंकी से
(D) शास्त्रीय नृत्य से

**R.R.B. गोरखपुर (E.S.M.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(A)**



Scanned by CamScanner

व्याख्या- कर्नाटक के धारवाड़ में 5 मार्च, 1913 को जन्मी गंगुबाई हंगल हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के ख्याल गायकी से जुड़ी थीं ये गायन के **'किराना घराने'** से सम्बन्धित थीं। इनकी मृत्यु 21 जुलाई, 2009 को हुई थी।

## ❑ पुस्तकें

1. **'स्टोरी ऑफ माई एक्सपेरिमेन्ट्स विद् ट्रुथ' शीर्षक पुस्तक लिखी गई थी द्वारा-**
   (A) जवाहर लाल नेहरू (B) महात्मा गांधी
   (C) लियो टाल्सटाय (D) इनमें से कोई नहीं
   **R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-**'स्टोरी आफ माई एक्सपेरिमेन्ट्स विद ट्रुथ' के लेखक महात्मा गांधी, 'डिस्कवरी ऑफ इण्डिया' के लेखक जवाहर लाल नेहरू एवं 'वार एण्ड पीस' के लेखक लियो टाल्सटाय हैं।

2. **'इण्डिया विन्स फ्रीडम' शीर्षक पुस्तक के लेखक कौन हैं ?**
   (A) महात्मा गांधी (B) मौलाना आजाद
   (C) जवाहर लाल नेहरू (D) जयप्रकाश नारायण
   **R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-**'इण्डिया विन्स फ्रीडम' – मौलाना आजाद, माई एक्सपेरिमेन्ट्स विद ट्रुथ' – महात्मा गांधी, 'डिस्कवरी ऑफ इण्डिया' – जवाहर लाल नेहरू, 'टूवर्डस फ्रीडम' – जयप्रकाश नारायण की पुस्तकें हैं।

3. **"ए पैसेज टू इंडिया" पुस्तक किसने लिखी?**
   (A) विक्टर बनर्जी (B) इ. एम. फोर्स्टर
   (C) मीनू मसानी (D) एन. सी. चौधरी
   **R.R.B. गोरखपुर (G.G.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-**'ए पैसेज टू इंडिया' पुस्तक के लेखक इ. एम. फोर्स्टर हैं।

4. **तमिल साहित्य 'शिलप्पादिकारम' के रचयिता कौन हैं ?**
   (A) भारती (B) तिरुवल्लुवर
   (C) ईलांगो (D) कारीकलन
   **R.R.B. चेन्नई (T.C./C.C.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-**'शिलप्पादिकारम' के लेखक ईलांगो थे जबकि तिरुवल्लुवर ने 'कुरल' की रचना की थी।

5. **कन्नड़ भाषा के आदि कवि हैं-**
   (A) पम्पा (B) रन्ना
   (C) पोन्ना (D) जन्ना
   **R.R.B. बंगलौर (G.G.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या-**महाकवि पम्पा कन्नड़ के पहले बड़े कवि माने जाते हैं। इनके काव्य का प्रभाव ढाई सौ वर्षों तक कन्नड़ पर बना रहा। तीन शताब्दियां 'पम्पा युग' के नाम से जानी जाती हैं। 'आदि पुराण' और 'समस्त भारत' इनके प्रमुख ग्रंथ हैं। इन्हे 'आदिपम्प' या 'पम्प प्रथम' भी कहा जाता है।

6. **पुस्तक "Freinds and Foes" के लेखक हैं-**
   (A) शेख मुजिबुर्रहमान (B) लॉर्ड अल्फ्रेड टेनीसन
   (C) डॉ. एस. राधाकृष्णन (D) राजमोहन गांधी
   **R.R.B. गोरखपुर (A.S.M.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या-**"Friends and Foes" के लेखक शेख मुजिबुर्रहमान, 'हिन्दू व्यू लॉइफ के लेखक डॉ. एस. राधाकृष्णन तथा 'इन मेमोरियम' के लेखक लॉर्ड अल्फ्रेड टेनीसन हैं।

7. **'लाइफ ऑफ पई' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं ?**
   (A) रोहिंग्टन मिस्त्री (B) यान मॉर्टेल
   (C) कारोल शील्ड (D) माइकल होलीवेक
   **R.R.B. मुंबई, भोपाल (G.G.) परीक्षा, 2003,**
   **R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-**यान मॉर्टेल को उनके उपन्यास 'लाइफ ऑफ पई' के लिए बुकर पुरस्कार, 2002 दिया गया था।

8. **चम्पु क्या है-**
   (A) पुराना कन्नड़ गद्य (B) संस्कृत छन्द
   (C) इतिहास की कहानी (D) गद्य एवं पद्य की मिली-जुली पद्धति
   **R.R.B. बंगलौर (G.G.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या-**चम्पु लेखन की एक शैली है, जिसमें गद्य एवं पद्य का मिश्रित प्रयोग होता है।

9. **पंचतंत्र के लेखक हैं -**
   (A) जयदेव (B) वेदव्यास
   (C) भवभूति (D) विष्णु शर्मा
   **R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003,**
   **R.R.B. चंडीगढ़ (C.C.) परीक्षा, 2003**
   **R.R.B. भुवनेश्वर (A.S.M.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या-**'पंचतंत्र' के लेखक विष्णु शर्मा, 'उत्तर रामचरितम्' के लेखक भवभूति तथा 'गीत गोविन्द' के लेखक जयदेव हैं। 'महाभारत' के रचयिता वेदव्यास हैं।

10. **'महाभारत' के रचयिता थे-**
    (A) वेदव्यास (B) वाल्मीकि
    (C) तुलसीदास (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं
    **R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या-**उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

Scanned by CamScanner

11. **बहुचर्चित पुस्तक 'परिशरद कथे' रचित है-**
(A) डॉ. के. एम. श्रीनिवास गौड़ा द्वारा
(B) पूर्णचंद्र तेजस्वी द्वारा
(C) बारागुरु रामचंद्रप्पा
(D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. बंगलौर (G.G.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-**'परिशरद कथे' पुस्तक के लेखक केपी पूर्णचंद्र तेजस्वी हैं।

12. **'एज यू लाइक इट' किसकी रचना है ?**
(A) पर्ल एस. बक (B) शेक्सपियर
(C) शैली (D) कीट्स

**R.R.B. गोरखपुर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-**'एज यू लाइक इट', शेक्सपियर का सुखान्त नाटक है।

13. **अपनी रचना 'यामा' के लिए किसे ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला है ?**
(A) अमृता प्रीतम (B) महादेवी वर्मा
(C) आशापूर्णा देवी (D) माहेश्वरी देवी

**R.R.B. गोरखपुर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-**अमृता प्रीतम को उनकी पुस्तक 'कागज ते कैनवास' तथा आशापूर्णा देवी को उनकी पुस्तक 'प्रथम प्रतिश्रुति' के लिए क्रमशः पंजाबी और बांग्ला भाषा में ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया। महादेवी वर्मा को उनकी कृति 'यामा' के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था।

14. **'गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स' पुस्तक को पुरस्कार मिला-**
(A) पुलित्जर पुरस्कार
(B) कलिंग पुरस्कार
(C) साहित्य अकादमी पुरस्कार
(D) बुकर पुरस्कार

**R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या-**अरुन्धती रॉय को उनकी पुस्तक 'द गॉड ऑफ स्माल थिंग्स' के लिए 1997 ई. में बुकर पुरस्कार दिया गया।

15. **अभ्युदय समाचार-पत्र से सम्बन्धित थे-**
(A) सम्पूर्णानन्द (B) जे.एल. नेहरू
(C) सुचिता कृपलानी (D) मदन मोहन मालवीय

**R.R.B. गोरखपुर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या-**अभ्युदय समाचार पत्र को 1907 ई. में मदन मोहन मालवीय ने प्रकाशित करवाया था।

16. **भारत की प्रथम हिन्दी साहित्यिक पत्रिका की स्थापना किसके द्वारा की गई थी ?**
(A) भारतेन्द्र हरिश्चन्द्र (B) प्रेमचन्द्र
(C) माखन लाल चतुर्वेदी (D) जयदेव

**R.R.B. इलाहाबाद (G.G/E.C.R.C.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या-**भारतेन्दु हरिश्चन्द्र को आधुनिक हिन्दी का पिता' कहा जाता है। उन्होंने कवि वचन सुधा, हरिश्चन्द्र पत्रिका और बाल बोधीनी पत्रिका का संपादन किया है।

17. **निम्नलिखित में से किसने 'द विंग्स ऑफ फायर-एन ऑटोबायोग्राफी' पुस्तक लिखी है ?**
(A) डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम
(B) शोभा डे
(C) अटल बिहारी वाजपेयी
(D) के. आर. नारायणन
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**R.R.B. कोलकाता (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002**
**R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003**
**R.R.B. अहमदाबाद (Stenographer) परीक्षा, 2006**

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या-**'द विंग्स ऑफ फायर एन ऑटोबायोग्राफी', डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम व अरुण तिवारी द्वारा लिखी गयी आत्मकथा है। 'इण्डिया, 2020', 'इग्नीटिड माइडंस' डॉ. कलाम की रचनाएं हैं। 'मेरी इक्यावन कविताएं' अटल बिहारी वाजपेयी की रचना है।

18. **'दि विंग्स ऑफ फायर' आत्मकथा किसके द्वारा लिखी गई?**
(A) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद द्वारा
(B) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा
(C) के. आर. नारायणन द्वारा
(D) आर. वेंकटरमन द्वारा

**R.R.B. इलाहाबाद (C.C.) परीक्षा, 2008**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-**उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

19. **'India Divided' के लेखक थे :**
(A) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(B) महात्मा गांधी
(C) सी. राजगोपालाचारी
(D) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

**R.R.B. मुंबई, भोपाल (G.G) परीक्षा, 2003**

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या-**'इंडिया डिवाइडेड' के लेखक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, 'रिलीजन एण्ड कल्चर' के लेखक सी. राजगोपालाचारी, 'माई एक्सपेरीमेंट विद ट्रुथ' महात्मा गांधी तथा 'इण्डिया विन्स फ्रीडम' के लेखक मौलाना अबुल कलाम आजाद हैं।

20. **उपन्यास 'War and Peace' के लेखक कौन हैं?**
(A) काउंट लिओ टालस्टाय (B) अलेक बेडसर
(C) जी.बी. शॉ (D) जॉन रस्किन

**R.R.B. मुंबई, भोपाल (G.G) परीक्षा, 2003**

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या-**'वार एण्ड पीस' (War and Peace) के लेखक- काउंट लियो टालस्टाय, 'आर्म्स एण्ड द मैन' के लेखक जी.बी. शॉ, 'अन्टू दि लास्ट' के लेखक जॉन रस्किन हैं।

Scanned by CamScanner

21. 'माई गर्लहुड' एक आत्मकथा के लेखक कौन हैं?

(A) अरुंधती रॉय (B) तस्लीमा नसरीन

(C) मेधा पाटेकर (D) शोभा डे

R.R.B. मुंबई, भोपाल (A.S.M.) परीक्षा, 2003

उत्तर-(B)

व्याख्या-तस्लीमा नसरीन की अन्य रचनाएं 'लज्जा' व 'सेई सब अंधकार' हैं।

22. अमेजिंग इण्डिया-आईडियाज फॉर द न्यू सेंचुरी (Imaginning India- Ideas for the new century) नामी किताब के लेखक कौन हैं?

(A) चेतन भगत (B) एन.आर.नारायण मूर्ति

(C) नन्दन नीलेकणि (D) मोंटेक सिंह अहलूवालिया

R.R.B. चण्डीगढ़ (T.A./C.A./S.C.) परीक्षा, 2012

उत्तर-(C)

व्याख्या-इमेजिंग इंडिया-आइडियॉज फॉर द न्यू सेंचुरी के लेखक नन्दन एम.नीलेकणि हैं।

23. हाल ही में प्रकाशित "स्टेप ए क्रॉस द लाइन" नाम की पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई है?

(A) शोभा डे (B) खुशवन्त सिंह

(C) सलमान रूश्दी (D) तस्लीमा नसरीन

R.R.B. रांची (Asst. Driv.) परीक्षा, 2003

उत्तर-(C)

व्याख्या-सलमान रूश्दी की एक अन्य प्रसिद्ध पुस्तक **'सैटेनिक वर्सेज'** है। **'माई कम्पनी विद वूमन'** के लेखक खुशवन्त सिंह और **'लज्जा'** की लेखिका तस्लीमा नसरीन हैं।

24. 'गुड अर्थ' नामक पुस्तक किसकी रचना है?

(A) पर्ल एस बक (B) अर्नेस्ट हेमिंग्वे

(C) लेविस कैरोल (D) जोनाथन स्विफ्ट

R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2002

R.R.B. कोलकाता (T.A./A.S.M.) परीक्षा, 2001

उत्तर-(A)

व्याख्या-'गुड अर्थ' के लेखक पर्ल एस बक, 'गुलीवर्स ट्रैवेल्स' के लेखक जोनाथन स्विफ्ट और 'फेयरवेल टू आर्म्स' के लेखक 'अर्नेस्ट हेमिंग्वे' हैं।

25. प्रसिद्ध पुस्तक 'गीत गोविन्द' किसके द्वारा लिखी गई?

(A) बाणभट्ट (B) जयदेव

(C) मीराबाई (D) कालीदास

R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2002

R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003

उत्तर-(B)

व्याख्या-कादम्बरी के लेखक बाणभट्ट और अभिज्ञान शाकुन्तलम् के लेखक कालिदास हैं।

26. 'भारत-भारती' के लेखक कौन हैं?

(A) मैथिलीशरण गुप्त

(B) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

(C) महादेवी वर्मा

(D) रामधारी सिंह दिनकर

R.R.B. इलाहाबाद (G.G./A.S.M.) परीक्षा, 2002

R.R.B. गोरखपुर (G.G.) परीक्षा, 2003

उत्तर-(A)

व्याख्या-'भारत-भारती', मैथिलीशरण गुप्त की रचना है, सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला 'जूही की कली' एवं 'परिमल' के लेखक, महादेवी वर्मा 'यामा' की लेखिका तथा रामधारी सिंह दिनकर 'उर्वशी' के लेखक हैं।

27. 'भारत-भारती' किसके द्वारा लिखी गई है?

(A) जयशंकर प्रसाद (B) मैथिलीशरण गुप्त

(C) प्रेमचंद (D) स्वामी शिवानन्द

R.R.B. चण्डीगढ़ (T.A./C.A./S.C.) 'मुख्य' परीक्षा, 2012

उत्तर-(B)

व्याख्या-'भारत-भारती' मैथिलीशरण गुप्त की रचना है। साकेत, यशोधरा तथा जयद्रथ वध इनकी अन्य रचनाएं हैं।

28. भारतीय राष्ट्रीय गान का अंग्रेजी अनुवाद किसने किया?

(A) श्री अरबिन्द जी (B) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(C) बी.सी. चटर्जी (D) सरोजिनी नायडू

R.R.B. सिकंदराबाद (G.G.) परीक्षा, 2001

R.R.B. कोलकाता (G.G./E.C.R.C.) 'मुख्य' परीक्षा, 2012

उत्तर-(B)

व्याख्या-भारत का 'राष्ट्रीय गान' (National Anthem) रवीन्द्रनाथ टैगोर की बांग्ला भाषा में लिखित पुस्तक गीतांजलि से उद्धृत है, जिसका अंग्रेजी अनुवाद टैगोर ने स्वयं **'मार्निंग सांग ऑफ इण्डिया'** के नाम से किया था। राष्ट्रगान को संविधान सभा ने 24 जनवरी, 1950 ई. को अंगीकृत किया था, जिसे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में 27 दिसंबर, 1911 ई. को पहली बार गाया गया था। उल्लेखनीय है कि बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत (National Song) का अंग्रेजी अनुवाद श्री अरबिन्द घोष ने किया था।

29. 'गीतांजलि' का अंग्रेजी अनुवाद किसने किया?

(A) रवीन्द्रनाथ टैगोर (B) सरोजिनी नायडू

(C) बंकिमचन्द्र चटर्जी (D) जवाहरलाल नेहरू

R.R.B. सिकंदराबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2004

उत्तर-(A)

व्याख्या-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

30. 'गीतांजलि' किसके द्वारा लिखी गई थी?

(A) मुल्क राज आनंद (B) मुंशी प्रेमचन्द

(C) महात्मा गांधी (D) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

R.R.B. कोलकाता (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002

उत्तर-(D)

व्याख्या-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

Scanned by CamScanner

31. 'मास्टर एज आई सॉ हिम' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(A) महात्मा गांधी (B) जवाहरलाल नेहरू
(C) विलियम शेक्सपियर (D) सिस्टर निवेदिता
(E) स्वामी विवेकानन्द

**R.R.B. भुवनेश्वर (केसिंग इंस्पे.) परीक्षा, 2005**

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-'मास्टर एज आई सॉ हिम' स्वामी विवेकानन्द की शिष्या सिस्टर निवेदिता द्वारा लिखित पुस्तक है। 'मैकवेथ', 'हेमलेट' तथा 'मर्चेण्ट ऑफ वेनिस' विलियम शेक्सपियर की रचनाएं हैं। 'माई एक्सपेरिमेन्ट्स विद ट्रुथ' महात्मा गांधी की और 'डिस्कवरी ऑफ इण्डिया' जवाहरलाल नेहरू की कृतियां हैं।

32. 'ए ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ टाइम' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(A) रोजर पेनरोज (B) स्टीफन हॉकिंग
(C) आइसेक न्यूटन (D) जवाहरलाल नेहरू
(E) अल्बर्ट आइंस्टीन

**R.R.B. भुवनेश्वर (केसिंग इंस्पे.) परीक्षा, 2005**

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-'ए ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ टाइम' पुस्तक के लेखक ब्रिटिश खगोल वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग हैं। हॉकिंग को आइंस्टीन के बाद दुनिया का सर्वाधिक महान भौतिक वैज्ञानिक माना जाता है। आइंसटीन जर्मन-स्विस भौतिक शास्त्री हैं जिन्हें उनके 'सापेक्षता सिद्धान्त' के लिए 1912 ई. का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार दिया गया। न्यूटन ने प्रसिद्ध 'गुरुत्वाकर्षण सिद्धान्त' की खोज की।

33. 'Where art thou' किस कलाकार की जीवनी (Biography) है?
(A) एम.एफ. हुसैन (B) शबाना आजमी
(C) लता मंगेशकर (D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. बंगलौर (G.G.) परीक्षा, 2004**

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-'Where art thou' प्रसिद्ध और चर्चित चित्रकार मकबूल फिदा हुसैन (एम.एफ. हुसैन) की आत्मकथा (Biography) है। शबाना आजमी प्रसिद्ध फिल्मी अदाकारा, सामाजिक कार्यकत्री हैं। लता मंगेशकर फिल्म तथा शास्त्रीय गायिका हैं।

34. राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्' निम्नलिखित में से किस पुस्तक में से लिया गया है?
(A) दुर्गेश नंदनी (B) कपाल कुण्डला
(C) आनन्द मठ (D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. गुवाहाटी (सुपरवाइजर) परीक्षा, 2005**

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-भारत का राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्' बंकिम चन्द्र चटर्जी की पुस्तक 'आनन्द मठ' से लिया गया है। 'वंदे मातरम्' राष्ट्रीय गीत सर्वप्रथम 1896 के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में गाया गया था। 'कपाल कुण्डला' एवं 'दुर्गेश नन्दिनी' बंकिम चन्द्र चटर्जी की अन्य रचनाएं हैं।

35. प्रसिद्ध पुस्तक 'आनन्द मठ' के रचयिता कौन हैं?
(A) रबीन्द्रनाथ टैगोर (B) बंकिम चन्द्र चटर्जी
(C) सरोजिनी नायडू (D) श्री अरविन्द

**R.R.B. बंगलौर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2004**

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

36. 'द स्ट्रगल इन माई लाइफ' के लेखक हैं-
(A) मंडेला (B) जवाहरलाल नेहरू
(C) तिलक (D) गोखले

**R.R.B. भोपाल परीक्षा, 2001**

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-'द स्ट्रगल इन माई लाइफ' पुस्तक के लेखक दक्षिण अफ्रीका के अश्वेत आन्दोलन के नेता तथा वहां के प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला है। मंडेला की अन्य प्रसिद्ध पुस्तक 'लांग वाक टु फ्रीडम' है। जवाहरलाल नेहरू ने 'ग्लिम्पसेज ऑफ वर्ल्ड हिस्ट्री' तथा तिलक ने 'गीता रहस्य' नामक पुस्तकें लिखी।

37. 'Life Divine' पुस्तक के रचयिता कौन हैं?
(A) अबुल कलाम आजाद (B) जवाहरलाल नेहरू
(C) अरविन्द घोष (D) मुल्कराज आनन्द

**R.R.B. सिकंदराबाद (G.G.) परीक्षा, 2001**
**R.R.B. गुवाहाटी (सुपरवाइजर) परीक्षा, 2005**
**R.R.B. मुंबई, भोपाल (G.G.) परीक्षा, 2003**

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-लाइफ डिवाइन (Life Divine) अरविन्द घोष की रचना है। 'ह्यूमन साइकिल' तथा 'सावित्री' अरविन्द घोष की अन्य रचनाएं हैं। 'इण्डिया विन्स फ्रीडम' अबुल कलाम आजाद की, डिस्कवरी ऑफ इण्डिया' (आत्मकथा) जवाहरलाल नेहरू की तथा 'सेवेन समर्स' मुल्कराज आनन्द की कृतियां हैं।

38. 'मालगुड़ी डेज' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(A) आर.के. नारायणन (B) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(C) के.आर. नारायणन (D) अरविन्द घोष

**R.R.B. बंगलौर (A.S.M.) परीक्षा, 2010**

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-'मालगुडी डेज' पुस्तक के लेखक आर.के. नारायणन हैं। इनकी अन्य प्रमुख पुस्तकें हैं- द गाइड, अनटचेबल, बैचलर ऑफ आर्ट्स तथा स्वामी एंड हिज फ्रेंड।

39. 'मालगुड़ी डेज' के लेखक हैं-
(A) आर. के. नारायणन
(B) के. आर. नारायणन
(C) जाकिर हुसैन
(D) आर. के. लक्ष्मण

**R.R.B. बंगलौर (A.S.M.) परीक्षा, 2001**

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

40. 'मधुशाला' के रचयिता कौन हैं?
(A) जयशंकर प्रसाद
(B) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(C) महादेवी वर्मा
(D) हरिवंशराय बच्चन

**R.R.B. अजमेर (A.S.M.) परीक्षा, 2001**

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-'मधुशाला' हरिवंश राय बच्चन की काव्यकृति है। इसी कृति पर उन्हें 'सरस्वती सम्मान' से सम्मानित किया गया था। 'आंसू' जयशंकर प्रसाद की, 'उर्वशी' रामधारी सिंह दिनकर की तथा 'यामा' महादेवी वर्मा की प्रसिद्ध रचनाएं हैं।


Scanned by CamScanner

41. 'मधुशाला' नामक साहित्यिक कृति के रचनाकार के नाम को चुनें–
(A) हरिवंशराय बच्चन (B) सुमित्रानन्दन पंत
(C) अज्ञेय (D) भारतेन्दु
R.R.B. अहमदाबाद (Stenographer) परीक्षा, 2006

उत्तर–(A)

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

42. 'आधे-अधूरे' के लेखक कौन हैं?
(A) मोहन राकेश (B) प्रेमचन्द
(C) निराला (D) पंत
R.R.B. भुवनेश्वर (A.S.M.) परीक्षा, 2009

उत्तर–(A)

व्याख्या–'आधे-अधूरे', मोहन राकेश द्वारा लिखी गई पुस्तक है।

43. 'द ग्राउण्ड विनीथ हर फीट' किसके द्वारा लिखी गई है?
(A) सलमान रूश्दी (B) विक्रम सेठ
(C) अरुन्धती राय (D) अनिता देसाई
R.R.B. अजमेर (A.S.M.) परीक्षा, 2001

उत्तर–(A)

व्याख्या–'द ग्राउण्ड विनीथ हर फीट' भारतीय मूल के ब्रिटिश लेखक सलमान रूश्दी द्वारा लिखी गई। 'सेंटेनिक वर्सेज', मिडनाइट चिल्ड्रेन, तथा 'मूर्स लास्ट साई' सलमान रूश्दी की अन्य चर्चित कृतियां हैं। 'ए सूटेबुल ब्वाय' विक्रम सेठ की तथा 'द गॉड ऑफ स्माल थिंग्स' अरुन्धती राय की पुस्तकें हैं।

44. 'डिवाइन लाइफ' के लेखक कौन हैं?
(A) राजाराम मोहन राय (B) रामकृष्ण परमहंस
(C) शिवानंद (D) शिवाजी गणेशन्
R.R.B. चेन्नई (A.S.M.) परीक्षा, 2001

उत्तर–(C)

व्याख्या–'डिवाइन लाइफ' के लेखक शिवानंद हैं जबकि 'लाइफ डिवाइन' के लेखक अरविन्द घोष हैं। 'संवाद कौमुदी' के लेखक राजाराम मोहन राय हैं। शिवाजी गणेशन प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और निर्देशक हैं। इन्हें दादासाहेब फाल्के पुरस्कार (2002) दिया गया है।

45. 'पृथ्वी राज रासो' निम्नलिखित में से किसने लिखा था?
(A) भवभूति (B) जयदेव
(C) चन्द्रबरदाई (D) बाणभट्ट
R.R.B. रांची (A.S.M./G.G.) परीक्षा, 2004

उत्तर–(C)

व्याख्या–'पृथ्वी राज रासो' चन्द्रबरदाई द्वारा लिखित महाकाव्य है। इस महाकाव्य में चन्द्रबरदाई ने अपने आश्रयदाता पृथ्वीराज की वीरता का वर्णन किया है। भवभूति की रचना 'उत्तररामचरितम्', जयदेव की 'गीत गोविन्द' तथा बाणभट्ट की 'हर्षचरित' व 'कादम्बरी' प्रसिद्ध रचनाएं हैं।

46. 'जिन्दगी का कारवां' किस भारतीय राजनीतिज्ञ की आत्मकथा है?
(A) विश्वनाथ प्रताप सिंह (B) चन्द्रशेखर
(C) इन्द्र कुमार गुजराल (D) इनमें से कोई नहीं
R.R.B. बंगलौर (G.G.) परीक्षा, 2004

उत्तर–(B)

व्याख्या–'जिन्दगी का कारवां' भूतपूर्व प्रधानमंत्री 'चन्द्रशेखर' द्वारा लिखी गयी आत्मकथा है। इन्द्र कुमार गुजराल ने 'ए फारेन पॉलिसी फार इण्डिया' नामक पुस्तक लिखी। पी. वी. नरसिम्हा राव ने 'द इनसाईडर' तथा 'सोशलिस्ट टेस्टामेण्ट' नामक पुस्तकें लिखीं।

47. किताब 'द इनसाईडर' लिखी है-
(A) पी.वी. नरसिम्हा राव (B) शोभा डे
(C) विक्रम चंद्रा ने (D) खुशवंत सिंह ने
R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2009

उत्तर–(A)

व्याख्या–'द इनसाईडर' भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. पी.वी. नरसिम्हा राव द्वारा लिखी गयी पुस्तक है, जो भारतीय राजनीति के सच्चाई के बारे में प्रतिपादन करती है।

48. निम्नलिखित में से कौन सी पुस्तक जवाहरलाल नेहरू द्वारा लिखी गई है?
(A) ए पैसेज टू इण्डिया
(B) माई एक्सपेरिमेंट्स विद ट्रुथ
(C) इंडिया विन्स फ्रीडम
(D) डिस्कवरी ऑफ इण्डिया
R.R.B. महेन्द्रूघाट, पटना (A.S.M.) परीक्षा, 2004

उत्तर–(D)

व्याख्या–भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पं. जवाहरलाल नेहरू ने 'डिस्कवरी ऑफ इण्डिया' (भारत की खोज) नामक पुस्तक लिखी। 'ग्लिम्पसेज ऑफ वर्ल्ड हिस्ट्री' उनकी दूसरी पुस्तक है। 'इण्डिया विन्स फ्रीडम' अबुल कलाम आजाद की तथा 'माई एक्सपेरिमेंट्स विद ट्रुथ' (सत्य के साथ मेरे प्रयोग) महात्मा गांधी द्वारा लिखित पुस्तकें हैं।

49. 'कम्युनिस्ट मैनिफेस्टो' किसने लिखी?
(A) लेनिन (B) कार्ल मार्क्स
(C) स्टैंलिन (D) इनमें से कोई नहीं
R.R.B. जम्मू (A.S.M.) परीक्षा, 2004

उत्तर–(B)

व्याख्या–'कम्युनिस्ट मैनिफेस्टो' कार्ल मार्क्स द्वारा लिखित पुस्तक है। 'दास कैपिटल' तथा 'पॉवर्टी आफ फिलास्फी' मार्क्स की अन्य पुस्तकें हैं। लेनिन ने 'इम्पीरियलिज्म एण्ड सोशलिज्म' नामक पुस्तक लिखी तथा स्टैलिन ने 'फाउण्डेशन आफ मार्क्सिज्म' पुस्तक लिखी।

50. 'दास कैपिटल' पुस्तक के रचयिता कौन हैं?
(A) कार्ल मार्क्स (B) लेनिन
(C) स्टालिन (D) जॉन मिल्टन
R.R.B. गोरखपुर (E.S.M.) परीक्षा, 2009

उत्तर–(A)

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

51. 'कितने पाकिस्तान' पुस्तक किसने लिखी?
(A) इकबाल (B) भीष्म साहनी
(C) यशपाल (D) कमलेश्वर
R.R.B. चंडीगढ़ (A.S.M.) परीक्षा, 2004

उत्तर–(D)

Scanned by CamScanner

व्याख्या–'कितने पाकिस्तान' कमलेश्वर द्वारा भारत विभाजन पर लिखी गई पुस्तक है। इसी पुस्तक के लिए कमलेश्वर को 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' दिया गया है। भीष्म साहनी द्वारा 'तमस', यशपाल द्वारा 'झूठा सच' तथा 'सारे जहां से अच्छा' गीत कवि इकबाल द्वारा रचित हैं।

**52. 'देवदास' उपन्यास किसके द्वारा लिखा गया है?**

(A) शरत चन्द्र चटर्जी (B) बंकिम चन्द्र चटर्जी
(C) रबीन्द्रनाथ टैगोर (D) तारा शंकर बंदोपाध्याय

**R.R.B. मुंबई (E.S.M.) परीक्षा, 2004**
**R.R.B. चंडीगढ़ (T.C.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या–'देवदास' बंगला उपन्यासकार शरत चन्द्र चटर्जी द्वारा लिखित है। इसी उपन्यास पर संजय लीला भंसाली के निर्देशन में 'देवदास' फिल्म का निर्माण हुआ है। 'आनन्द मठ' बंकिम चन्द्र चटर्जी की, 'चित्रा' रबीन्द्रनाथ टैगोर की तथा 'गणदेवता' तारा शंकर बंदोपाध्याय की पुस्तकें हैं।

**53. देवदास किसकी कृति है?**

(A) शरत चन्द्र चट्टोपाध्याय
(B) बंकिम चन्द्र चटर्जी
(C) अरविन्द घोष
(D) रबिन्द्रनाथ टैगोर

**R.R.B. गोरखपुर (T.C./C.C.) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**54. अंग्रेजी सीखने वाला प्रत्येक बच्चा इस कविता को याद करता है। 'ट्विंकल ट्विंकल लिटिल स्टार' यह कविता किसने लिखी?**

(A) ऐन टेलर (B) जेन टेलर
(C) ऐन एंड जेन टेलर (D) लुइस कैरोल

**R.R.B. भोपाल (G.G.) परीक्षा, 2001**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या–अंग्रेजी सीखने वाले छोटे बच्चे जेन टेलर द्वारा लिखित अंग्रेजी कविता- 'ट्विंकल ट्विंकल लिटिल स्टार' को याद करते हैं।

**55. 'कॉजेज ऑफ द इण्डिया म्यूटिनी' किसने लिखा?**

(A) सैय्यद अहमद खान (B) डी.एस. बूचानन
(C) आर.पी. दत्त (D) चित्तरंजन दास

**R.R.B. सिकंदराबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2001**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या–'कॉजेज आफ द इण्डिया म्यूटिनी' के लेखक सैय्यद अहमद खान हैं।

**56. नीचे दिये गये प्रसिद्ध उपन्यास का लेखक चुनें:- 'मृगनयनी'**

(A) उपेन्द्र नाथ अश्क (B) इलाचन्द्र जोशी
(C) यशपाल (D) वृन्दावन लाल वर्मा
(E) जैनेंद्र कुमार

**R.R.B. कोलकाता (डी./इले. लोको असि./पी.बी.टी.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(D)**

व्याख्या–'मृगनयनी' वृन्दावन लाल वर्मा द्वारा लिखित प्रसिद्ध उपन्यास है। 'झांसी की रानी' इनकी एक अन्य महत्त्वपूर्ण रचना है। 'त्यागपत्र' और 'सुनीता' जैनेन्द्र कुमार द्वारा लिखित उपन्यास है। 'जय पराजय' उपेन्द्र नाथ अश्क का तथा 'झूठा सच' यशपाल का उपन्यास है।

**57. पोस्ट ऑफिस के लेखक हैं-**

(A) रबीन्द्रनाथ टैगोर (B) मुल्कराज आनंद
(C) बंकिम चन्द्र चटर्जी (D) विष्णु शर्मा

**R.R.B. गोरखपुर (E.R.C./C.A./T.A./A.S.M.) परीक्षा, 2005**
**R.R.B. इलाहाबाद (E.C.R.C.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या–'पोस्ट ऑफिस' पुस्तक गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर की पुस्तक है। गुरुदेव की अन्य कृतियां- गीतांजलि, द किंग ऑफ डार्क चेम्बर, 'द कोर्ट डान्सर' तथा 'होम एण्ड वर्ल्ड' हैं। 'कुली', 'लास्ट चाइल्ड' मुल्कराज आनन्द की, 'वन्दे मातरम्', 'विषवृक्ष' तथा 'कपाल कुण्डला' बंकिम चन्द्र चटर्जी की और 'पंचतंत्र' विष्णु शर्मा की रचना है।

**58. पारंपरिक तौर पर किसे 'Iliad' का लेखक माना जाता है?**

(A) होमर (B) दांते
(C) सोफोकल्स (D) वर्जिल

**R.R.B. भुवनेश्वर (A.S.M.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या–इलियड (Iliad) तथा ओडिसी (Odesi) इटली के प्रसिद्ध लेखक होमर की रचनाएं हैं। दांते की रचना डिवाइन कमेडी तथा वर्जिल की रचना एनीड हैं।

**59. 'The Piano Teacher' की लेखिका हैं-**

(A) लिंडाबक (B) बंगारी मथाई
(C) एलफ्रीड जेलिनेक (D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. रांची (T.A.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या–'The Piano Teacher' (द पियानो टीचर) की लेखिका आस्ट्रिया की उपन्यासकार, नाटककार तथा कवयित्री एलफ्रीड जेलिनेक हैं। इन्हें 2004 के साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बंगारी मथाई केन्या की पर्यावरणविद् हैं, जिन्होंने वृक्षारोपण का 'ग्रीनबेल्ट मूवमेन्ट' चला रखा है। बंगारी मथाई को 2004 का शान्ति का नोबेल पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

**60. 'क्रिसेन्ट मून' के लेखक हैं-**

(A) महात्मा गांधी (B) लाला लाजपत राय
(C) रबीन्द्रनाथ टैगोर (D) सलमान रूश्दी

**R.R.B. रांची (T.A.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या–'क्रिसेन्ट मून' पुस्तक के लेखक रबीन्द्रनाथ टैगोर हैं। 'पोस्ट ऑफिस', 'विसर्जन' तथा 'द गार्डनर' उनकी अन्य पुस्तकें हैं। 'द सेटेनिक वर्सेज', 'मिडनाइट चिल्ड्रेन' सलमान रूश्दी की पुस्तकें हैं। 'यंग इण्डिया' पत्रिका के संपादन लाला लाजपत राय ने की तथा 'सत्य के साथ मेरे प्रयोग' पुस्तक महात्मा गांधी ने लिखी।



Scanned by CamScanner

61. लेखन की आधुनिक तमिल शैली का पिता निम्नलिखित में से किसे कहा जाता है?

(A) सुब्रमण्यम भारती (B) कम्बन

(C) तिरूवल्लूवर (D) अण्डाल

R.R.B. सिकंदराबाद (T.A.) परीक्षा, 2004

उत्तर–(A)

व्याख्या–सुब्रमण्यम भारती को आधुनिक तमिल शैली का पिता कहा जाता है। भारती तमिल साहित्य के जागरण काल के अग्रणी लेखक हैं। तिरूवल्लूवर प्राचीन तमिल साहित्य के महान कवि हैं, जिनकी 'तिरूकुरल' नामक कृति तमिल भाषा की कालजयी रचना है। तमिल कवि कम्बन ने वाल्मीकि रामायण के आधार पर तमिल रामायण की रचना की। अण्डाल तमिल भाषा में रचनाएं करने वाली प्रसिद्ध वैष्णव भक्त थीं।

62. वर्ष 2000 के व्यास-सम्मान से पुरस्कृत उपन्यास 'पहला गिरिमिटिया' के लेखक हैं-

(A) निर्मल वर्मा (B) गिरिराज किशोर

(C) गिरिलाल शुक्ला (D) इन्दिरा पार्थसारथी

R.R.B. सिकंदराबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2001

उत्तर–(B)

व्याख्या–व्यास सम्मान पिछले 10 वर्ष में प्रकाशित हिन्दी की सर्वोत्कृष्ट कृति के लिए दिया जाता है। वर्ष 2000 का व्यास सम्मान गिरिराज किशोर को उनके उपन्यास 'पहला गिरमिटिया' के लिए दिया गया था। सन् 2003 का व्यास सम्मान चित्रा मुदगल की रचना 'आवां' को प्रदान किया गया था। निर्मल वर्मा को पंजाबी लेखक गुरुदयाल सिंह के साथ 1999 का ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया था।

63. डेविड कॉपरफील्ड....का नाम है-

(A) प्रसिद्ध कलाकार (B) उपन्यास

(C) कविता (D) लेखक

R.R.B. अजमेर (A.S.M.) परीक्षा, 2001

उत्तर–(B)

व्याख्या–'डेविड कॉपरफील्ड' चार्ल्स डिकिन्स द्वारा लिखा गया उपन्यास है। इस उपन्यास का नायक 'डेविड कॉपरफील्ड' हैं। चार्ल्स डिकिन्स के अन्य उपन्यास 'ग्रेट एक्सपेक्टेशंस' तथा 'ए टेल आफ टू सिटीज' हैं।

64. डेविड कॉपरफील्ड किसकी रचना है?

(A) चार्ल्स डिकेन्स (B) चार्ल्स डार्विन

(C) कार्ल मार्क्स (D) लुई फिशर

R.R.B. गोरखपुर (T.C./C.C.) परीक्षा, 2008

उत्तर–(A)

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

65. 'गुल-ए-नगमा' के लेखक कौन हैं?

(A) नूरजहां (B) मोहम्मद इकबाल

(C) रघुपति सहाय 'फिराक' (D) गुलाब नबी आजाद

R.R.B. इलाहाबाद (G.G./E.C.R.C.) परीक्षा, 2005

उत्तर–(C)

व्याख्या–'गुल-ए-नग्मा' प्रसिद्ध उर्दू कवि रघुपति सहाय 'फिराक गोरखपुरी' की उत्कृष्ट रचना है, जिसके लिए उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

66. उपन्यास 'पिंजर' के/की रचयिता कौन हैं?

(A) भाई वीर सिंह (B) बलवंत गार्गी

(C) खुशवंत सिंह (D) अमृता प्रीतम

D.M.R.C. (स्टेशन प्रबंधक) परीक्षा, 2005

उत्तर–(D)

व्याख्या–पिंजर, ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता पंजाबी लेखिका अमृता प्रीतम की कृति है। कोरे कागज, उन्चास दिन, सागर और सीपियां, नागमणि, रंग का पत्ता, दिल्ली की गलियां उनकी अन्य महत्त्वपूर्ण रचनाएं हैं।

67. 'पैराडाइज लॉस्ट' के लेखक कौन हैं?

(A) सोफोक्लीज (B) दांते

(C) होमर (D) मिल्टन

R.R.B.भुवनेश्वर (A.A./T.A., E.C.R.C.) परीक्षा, 2005

उत्तर–(D)

व्याख्या–'पैराडाइज लॉस्ट' (Paradise Lost) 17वीं सदी के महान आंग्ल-कवि जॉन मिल्टन की एक अद्‌भुत रचना है।

68. 'ऑन हिज ब्लाइंडनेस' के रचयिता कौन हैं?

(A) वर्ड्सवर्थ (B) लियो टॉलस्टाय

(C) जॉन कीट्स (D) जॉन मिल्टन

R.R.B.भुवनेश्वर (A.A./T.A./E.C.R.C.) परीक्षा, 2005

उत्तर–(D)

व्याख्या–'ऑन हिज ब्लाइंडनेस' महान आंग्ल कवि मिल्टन (1608-1674) की प्रसिद्ध कृति है।

69. 'मीन काम्फ' क्या है?

(A) हीरा (B) द्वीप समूह

(C) रेगिस्तान (D) पुस्तक

R.R.B. कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2005

उत्तर–(D)

व्याख्या–'मीन काम्फ' (Mein Kampf) जर्मनी के तानाशाह हिटलर द्वारा लिखित आत्मकथा है। यह पुस्तक दो खण्डों में विभाजित है। इसके प्रथम खण्ड का 1925 ई. में तथा द्वितीय खण्ड का 1926 में प्रकाशन किया गया। प्रारंभ में हिटलर ने इस पुस्तक के लिए 'विरिनहाल्व जेरे जेजेन ल्युज़, डुम्मेहाट एण्ड फोफाइट' नामक शीर्षक चुना था, जिसका अर्थ 'झूठ, मक्कारी व कायरता के विरुद्ध साढे चार वर्ष का संघर्ष' था। लेकिन मैक्स अमान नामक एक प्रकाशक के कहने पर इस पुस्तक का नाम 'मीन काम्फ' (मेरा संघर्ष) रखा गया।

70. 'इनवायरेन्मेन्टल ज्यूरिसप्रूडेन्स' पुस्तक किसने लिखी है?

(A) सुन्दर लाल बहुगुणा (B) अशोक देसाई

(C) मेनका गांधी (D) मेधा पाटकर

R.R.B. अजमेर (G.G.) परीक्षा, 2005

R.R.B. अजमेर (A.S.M.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(B)



Scanned by CamScanner

**व्याख्या**–'इनवायरेन्मेन्टल ज्यूरिसप्रूडेन्स' नामक पुस्तक उत्तरांचल (वर्तमान उत्तराखंड) उच्च न्यायालय के प्रथम मुख्य न्यायाधीश अशोक देसाई द्वारा लिखी गई है। यह पुस्तक जैव-विविधता के संरक्षण, दीर्घकालिक विकास, जनसंख्या विस्फोट, वैश्विक पर्यावरण से संबद्ध नियमों आदि के विधिक पहलुओं पर प्रकाश डालती है।

**71. 'अंधेर नगरी चौपट राजा' के लेखक हैं?**

(A) गोबर्धन राम एम. त्रिपाठी
(B) मुंशी प्रेमचन्द
(C) फकीर मोहन सेनापति
(D) भारतेंदु हरिश्चंद्र

**R.R.B. मुंबई (A.S.M.) परीक्षा, 2006**
**R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2006, 2007**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या**–'अंधेर नगरी चौपट राजा' भारतेंदु हरिश्चंद्र की नाट्यकृति है।

**72. निम्नलिखित उपन्यासों को कालक्रमानुसार लगाइये-**

**I. हैरी पॉटर एण्ड चैम्बर ऑफ सीक्रेट**
**II. हैरी पॉटर एण्ड फिलॉस्फर्स स्टोन**
**III. हैरी पॉटर एण्ड हॉफ ब्लड प्रिंस**

(A) I, II, III (B) II, I, III
(C) III, II, I (D) II, III, I

**R.R.B. भुवनेश्वर (A.A./T.A./E.C.R.C.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या**–जे.के. रॉलिंग द्वारा लिखित 'हैरी पॉटर' शृंखला की अब तक प्रकाशित कुल 7 पुस्तकें हैं-
**(i)** हैरी पॉटर एण्ड फिलास्फर्स स्टोन - 1997
**(ii)** हैरी पॉटर एण्ड द चैम्बर ऑफ सीक्रेट्स - 1998
**(iii)** हैरी पॉटर एण्ड द प्रिजनर ऑफ अजबेकॉन - 1999
**(iv)** हैरी पॉटर एण्ड द गॉब्लेट ऑफ फायर - 2000
**(v)** हैरी पॉटर एण्ड द ऑर्डर ऑफ फोनिक्स - 2003
**(vi)** हैरी पॉटर एण्ड द हाफ ब्लड प्रिंस - 2005
**(vii)** हैरी पॉटर एण्ड द डेथ्ली हालोज

**73. निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक मुल्कराज आनंद ने नहीं लिखी है?**

(A) कुली (B) दि स्वार्ड एण्ड दि सिकल
(C) दि विलेज (D) दि डार्क रूम

**R.R.B. महेन्द्रूघाट (T.A./C.A./E.C.R.C.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या**–प्रसिद्ध भारतीय उपन्यासकार मुल्कराज आनंद द्वारा लिखित मुख्य पुस्तकें हैं-'अनटचेबल' (1935), 'कुली' (1936), 'टू लिव्स एण्ड ए बड' (1937), 'द विलेज' (1939), 'एक्रॉस द ब्लैक वाटर्स' (1940), 'द स्वार्ड एण्ड द सिकल' (1942), 'द प्राइवेट लाइफ ऑफ एन इंडियन' (1953)।

**74. 'बालक' किसकी साहित्यिक कृति है?**

(A) रवीन्द्रनाथ टैगोर (B) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(C) मैथिलीशरण गुप्त (D) जीवनानन्द दास

**R.R.B. कोलकाता (G.G) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या**–बालक, रवीन्द्र नाथ टैगोर की साहित्यिक कृति है। गीतांजलि, पोस्ट ऑफिस, सांध्य संगीत, लिपिका, मुक्त धारा उनकी अन्य प्रख्यात कृतियां हैं।

**75. निम्नलिखित में से कौन मुंशी प्रेमचंद द्वारा रचित नहीं है?**

(A) रंगभूमि (B) प्रेम पचीसी
(C) विषकन्या (D) कायाकल्प

**R.R.B. बंगलौर (G.G.) परीक्षा, 2003**
**D.M.R.C. (J.S.C.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या**–मुंशी प्रेमचंद की कुछ प्रमुख पुस्तकें हैं- गोदान, गबन, रंगभूमि, प्रेम पचीसी, कायाकल्प, प्रेमाश्रम, शोजेवतन (उर्दू में), मैदाने वफा (उर्दू में)।

**76. प्रेमचंद द्वारा लिखित उपन्यास कौन-सा है?**

**(a) प्रेमाश्रम** **(b) चार अध्याय**
**(c) रंगभूमि** **(d) गोदान**

(A) i, ii और iv (B) i और iv
(C) i, iii और iv (D) ii और iii

**R.R.B. अहमदाबाद (C.C.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या**–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**77. निम्नलिखित में से 'In Memorium' कृति किसके द्वारा रचित है?**

(A) ई. एफ. शुभाकर (B) ए. टेनीसन
(C) डब्ल्यू. एम. थेकरे (D) विक्रम सेठ

**R.R.B. इलाहाबाद (G.G./E.C.R.C.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या**–In Memorium A.H.H. आंग्ल कवि अल्फ्रेड लॉर्ड टेनीसन (Alfred Lord Tenyson) द्वारा अपने दिवंगत मित्र आर्थर हेनरी हालम की स्मृति में लिखा गया एक शोक गीत है। 17 वर्षों के अथक प्रयास के पश्चात 1849 ई. में यह लंबी कविता पूरी हो पाई। यह कविता महारानी विक्टोरिया को अतिप्रिय थी, इससे प्रभावित होकर महारानी ने कहा था कि पवित्र ग्रंथ बाइबल के बाद अगर कोई रचना अति शांतिप्रदायक है तो वह 'In Memorium' ही है। गौरतलब है कि इस कविता का मूल शीर्षक 'द वे ऑफ द सोल' था।

**78. नीचे दिए गये नाटक का प्रसिद्ध नाटककार चुनें:- 'कोणार्क'**

(A) भारतेंदु हरिश्चन्द्र (B) जयशंकर प्रसाद
(C) जगदीश चन्द्र माथुर (D) रामकुमार वर्मा
(E) रामवृक्ष बेनीपुरी

**R.R.B. कोलकाता (डी./इले. लोको असि./पी.बी.टी.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या**–'कोणार्क' जगदीश चन्द्र माथुर का सामाजिक नाटक है। 'भारत दुर्दशा' तथा 'अंधेर नगरी' भारतेंदु हरिश्चन्द्र के, चन्द्रगुप्त, स्कंदगुप्त, अजातशत्रु तथा ध्रुवस्वामिनी जयशंकर प्रसाद के तथा 'चारुमित्रा' और 'रेशमी टाई' रामकुमार वर्मा के प्रसिद्ध नाटक हैं।

Scanned by CamScanner